जबलपुर

शनिवार, 31 मई 2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



मध्यप्रदेश शासन




## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर

के 300वें जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर

# महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन

एवं

‘राष्ट्रीय देवी अहिल्या सम्मान’
अलंकरण



लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर
को समर्पित डाक टिकट और सिक्का जारी

दतिया एवं सतना एयरपोर्ट का
लोकार्पण एवं
इंदौर मेट्रो का शुभारंभ
(गांधीनगर मेट्रो स्टेशन से सुपर कॉरिडोर 03 तक)

₹483 करोड़ लागत के 1271 नये
अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन)
की प्रथम किस्त का अंतरण



**डॉ. मोहन यादव,** मुख्यमंत्री



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री

— प्रधानमंत्री —

## नरेन्द्र मोदी

के कर-कमलों द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

— गरिमामयी उपस्थिति —

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-11033/25

**31 मई, 2025 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | जम्बूरी मैदान, भोपाल**

### नारी सशक्तिकरण में अग्रणी मध्यप्रदेश

- सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन प्रारंभ
- शासकीय सेवा में महिलाओं के लिए आरक्षण को बढ़ाकर 35% तक किया
- 5 लाख स्व-सहायता समूहों से 62 लाख ग्रामीण बहनें हुईं आत्मनिर्भर
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 89 लाख बहनों को मिली धुएं से मुक्ति

### बेहतर होतीं वायु सेवाएं

- ₹60 करोड़ की लागत से 124 एकड़ में दतिया एयरपोर्ट एवं ₹37 करोड़ की लागत से सतना एयरपोर्ट का निर्माण संपन्न
- हवाई सुविधा से धार्मिक पर्यटन के साथ औद्योगिक विस्तार को मिलेगा बढ़ावा
- यात्रियों को मां पीतांबरा पीठ, मां शारदा और चित्रकूट धाम तक की हवाई सुविधा होगी उपलब्ध
- प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर के गंतव्यों तक कनेक्टिविटी होगी बेहतर

### इंदौर को मेट्रो रेल की सौगात

- ₹1520 करोड़ लागत की यलो लाइन मेट्रो 6 कि.मी. लंबे रूट पर चलेगी
- आधुनिक, सुगम और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा मिलेगी
- प्रति ट्रेन 900 से अधिक यात्री क्षमता के साथ लिफ्ट, एस्केलेटर, AI आधारित ट्रैकिंग एवं QR आधारित टिकटिंग प्रणाली से स्मार्ट होगा सफर

### पंचायतों को स्थायी भवन

- प्रदेश भर में 1271 नये अटल ग्राम सेवा सदनों के निर्माण से ग्राम पंचायतों को स्थायी भवन की सुविधा के साथ प्रशासनिक कार्य करने, बैठकें आयोजित करने एवं रिकॉर्ड प्रबंधन में सहायता मिलेगी

सीधा प्रसारण | DD News | Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP | JansamparkMP

#AhilyaBaiHolkarAt300

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 31 मई 2025


आज लोकमाता अहिल्याबाई का 300वां जन्म जयंती समारोह



पुण्यश्लोकादेवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती पर विशेष

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई : सुशासन और महिला स्वावलंबन की प्रणेता



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र शासन

पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती अवसर पर शत-शत नमन...। आज भोपाल में लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका समूचा दायित्व मातृशक्ति संभाल रही हैं। इस महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन महोत्सव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भोपाल आगमन हो रहा है। मैं मध्यप्रदेश की साढ़े 8 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री का आत्मिक स्वागत करता हूं। हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह आगामी एक वर्ष तक आयोजित किए जाने का आज शुभारंभ मध्यप्रदेश की धरती से किया जा रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री का हृदय से धन्यवाद।लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने महिलाओं के स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। एक तरफ उन्होंने महिलाओं की सैनिक टुकड़ी बनाकर सुरक्षा की चौकस व्यवस्था की। वहीं, दूसरी ओर महिलाओं के सामाजिक सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए क्रांतिकारी निर्णय लिए। उन्होंने महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, विधवा को दत्तक पुत्र लेने का अधिकार तथा विधवा पुनर्विवाह के अधिकार प्रदान किए और दहेज प्रथा पर रोक लगाने के नियम बनाए। सेना में बलिदान हुए सैनिकों की पत्नियों के लिए महेश्वर में महेश्वरी साड़ी उद्योग की स्थापना की और महिला समृद्धि का विश्व में कीर्तिमान स्थापित किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व में सबसे समृद्ध और सशक्त राष्ट्र बनाने के लिए विकास के साथ विरासत का सूत्र दिया है। प्रधानमंत्री के इस सूत्र के अनुरूप ही हमने अपनी विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रदेश की गौरवशाली विरासत को सहेजने और आदर्श महानायकों के व्यक्तित्व से समाज को प्रेरित करने का अभियान चलाया। पीएम नरेंद्र मोदी की पर्यटन को बढ़ावा देने की अवधारणा को धरातल पर साकार करती है। आधुनिक विकास के साथ अपनी गौरवशाली विरासत का स्मरण और आदर्श महानायकों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के उद्देश्य से हमने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की स्मृति में दो कैबिनेट बैठकें कीं। पहली बैठक 24 जनवरी 2025 को महेश्वर के किले में और दूसरी बैठक 20 मई 2025 को इंदौर के राजवाड़ा मेंसंपन्न हुई। पहली बैठक में प्रदेश के 19 पवित्रस्थलों में शराब बंदी लागू करने का निर्णय लिया। इस निर्णय से धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने के साथ महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा,वहीं दूसरी बैठक में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का फैसला लिया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी आज देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में करेंगे शिरकत

# दतिया-सतना एयरपोर्ट का होगा वर्चुअल लोकार्पण... इंदौर मेट्रो की होगी शुरुआत

क्षिप्रा नदी पर 778 करोड़ के घाट निर्माण कार्यों का भोपाल से वर्चुअल भूमि-पूजन | कार्यक्रम में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों की 2 लाख से अधिक महिलाएं सिंदूरी साड़ी में शामिल होंगी

पीएम 483 करोड़ लागत के 1271 नवीन अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) की पहली किस्त का अंतरण भी करेंगे




पीएम मोदी करीब दो घंटे तक भोपाल में रहेंगे, उनका करीब पौन घंटे का भाषण होगा

## पीएम के स्वागत में विशेष साज सज्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को भोपाल में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों की 2 लाख से अधिक महिलाएं सिंदूरी साड़ी में शामिल होंगी। चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। प्रधानमंत्री करीब दो घंटे तक भोपाल में रहेंगे। उनका करीब पौन घंटे का भाषण होगा। प्रधानमंत्री करीब एक बजे भोपाल से नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित महासम्मेलन में प्रधानमंत्री इंदौर मेट्रो तथा सतना एवं दतिया एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। वे क्षिप्रा नदी पर 778 करोड़ के घाट निर्माण कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन करेंगे।

## पीएम का यह होगा मिनट टू मिनट कार्यक्रम

- प्रधानमंत्री मोदी सुबह 11.30 बजे जंबूरी मैदान पहुंचेंगे
- 11.35 पर महिला सशक्तिकरण प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे, इसके बाद वे सीधे मंचासीन होंगे
- केंद्रीय संस्कृति मंत्री शेखावत के बाद सुबह 11.44 पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भाषण होगा
- इसके बाद राज्यपाल मंगुभाई पटेल का उद्बोधन होगा।
- प्रधानमंत्री अहिल्याबाई सम्मान प्रदान करेंगे, यह सम्मान 5 लाख रुपए का होगा
- इसके तत्काल बाद 300 रुपए का सिक्का जारी करेंगे
- प्रधानमंत्री सतना व दतिया एयरपोर्ट तथा क्षिप्रा घाट का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे
- देवी अहिल्याबाई पर फिल्म की स्क्रीनिंग की जाएगी
- 12.09 बजे प्रधानमंत्री मोदी का भाषण होगा इसके बाद पंचायत एवं ग्रामीण मंत्री धन्यवाद देंगे
- दोपहर करीब एक बजे पीएम मोदी स्टेट हैंगर फिर यहां से नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे

## लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के प्रमुख उत्कृष्ट कार्य

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर एक महान मराठा शासिका थीं। उन्होंने अपने शासनकाल में कई उल्लेखनीय काम किए और अपने राज्य को समृद्ध और मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके अलावा धार्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में उनकी भूमिका को सदैव याद रखा जाएगा। ये हैं उनकी कुछ प्रमुख उलब्धियां...

## सुशासन से सैन्य उपलब्धि तक

- **सुशासन:** कुशल और न्यायसंगत शासन के लिए एक आदर्श स्थापित किया। अपने राज्य में शांति और स्थिरता सुनिश्चित की, जिससे व्यापार और उद्योग को पंख मिले।
- **जन कल्याण:** अपने राज्य के लोगों के कल्याण के लिए कई काम किए। कुए, सड़कें, घाट और अस्पतालों का निर्माण कराया।
- **धार्मिक कार्य:** काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, विष्णुपद मंदिर और अन्य महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।
- **सांस्कृतिक पुनरुत्थान:** कला, साहित्य और संगीत को बढ़ावा दिया और महेश्वर में वस्त्र उद्योग को विकसित किया। बाद में अपनी महेश्वरी साड़ियों के लिए प्रसिद्ध हुआ।
- **सामाजिक सुधार:** महिलाओं के लिए शिक्षा और सामाजिक सुधार के लिए भी काम किया। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह को बढ़ावा दिया और बाल विवाह का विरोध किया।
- **सैन्य उपलब्धियां:** लोकमाता अहिल्याबाई एक कुशल सेनापति थीं और उन्होंने अपने राज्य को बाहरी आक्रमणों से बचाया।

## लोकमाता ने शिक्षा, धर्म और न्याय को प्राथमिकता दी

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर को महिला नेतृत्व, न्यायप्रियता और प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक माना जाता है, जिनसे प्रदेश की महिलाएं प्रेरणा लेती हैं। देवी अहिल्याबाई ने इंदौर को संवेदनशील, न्यायसंगत और सांस्कृतिक नगर के रूप में स्थापित किया। अहिल्याबाई के सुशासन के मंत्र को अपनाते हुए प्रदेश सरकार की कई योजनाएं लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि संचालित की जा रही है। देवी अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में शिक्षा, धर्म, न्याय और महिला हितों को प्राथमिकता दी। प्रदेश की योजनाओं में इन्हीं मूल्यों को आधार बनाया गया है। मप्र में हर वर्ष अहिल्याबाई की जयंती पर राजकीय कार्यक्रम, पुरस्कार और स्मृति समारोह आयोजित किए जाते हैं।



## 300 रुपए का स्मारक सिक्का होगा जारी

प्रधानमंत्री मोदी देश का पहला 300 रुपए का स्मारक सिक्का जारी करेंगे। शुक्रवार को वित्त मंत्रालय ने इस संबंध में गजट अधिसूचना भी जारी कर दी है। 35 ग्राम वजनी सिक्के में चांदी की मात्रा 50% होगी। एक तरफ अहिल्या बाई का फोटो होगा। ऊपरी तरफ हिन्दी तथा निचली परिधि पर अंग्रेजी में अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती लिखा होगा। बाएं और दाएं तरफ 1725-2025 लिखा होगा। दूसरी तरफ अशोक स्तम्भ के नीचे रुपए के प्रतीक चिह्न के साथ मूल्यवर्ग 300 लिखा होगा। अशोक स्तम्भ के दाएं-बाएं हिंदी तथा अंग्रेजी में भारत लिखा होगा। यह देश-दुनिया में जारी होने वाला ऐसा पहला सिक्का होगा, जिसका मूल्यवर्ग 300 रुपए है।

## विकास को मिलेगी नई उड़ान

प्रधानमंत्री मोदी नवनिर्मित दतिया एयरपोर्ट का भोपाल से वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। यह एयरपोर्ट दतिया के विकास को नई उड़ान देगा और इससे श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी। 60 करोड की लागत से बना यह एयरपोर्ट 124 एकड़ में फैला है, जिसमें 1.81 किमी लंबा रनवे, दो चेक-इन काउंटर और 50 कारों की पार्किंग की सुविधा है। फ्लाई बिग एयरलाइन की 19 सीटर फ्लाइट्स हफ्ते में चार दिन संचालित होंगी। इसीतरह सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। 37 करोड़ की लागत से सतना की पुरानी हवाई पट्टी का पुनर्निर्माण कर आधुनिक एयरपोर्ट बनाया गया। 20 दिसंबर 2024 को डीजीसीए ने एयरपोर्ट को संचालन के लिए लाइसेंस जारी किया। 1200 मीटर रनवे तैयार किया गया है, जिसमें 19 सीटर विमान आसानी से उतर सकेंगे। एक समय में दो विमानों की पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है।

इंदौर एक नए युग में करेगा प्रवेश

# मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर यात्री सेवा का होगा शुभारंभ

भारत का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर एक नए युग में प्रवेश करने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को भोपाल से वर्चुअली इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर यात्री सेवा का शुभारंभ करेंगे। यह लगभग 6 किमी का हिस्सा येलो लाइन का सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर है। इसमें पांच स्टेशन गांधीनगर स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 6 स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 5 स्टेशन, सुपर कॉरिडोर 4 स्टेशन और सुपर कॉरिडोर 3 स्टेशन शामिल हैं। यह कॉरिडोर ट्रैफिक और प्रदूषण कम करेगा, साथ ही यात्रियों को आरामदायक सफर प्रदान करेगा। इंदौर में कुल 31.32 किमी लम्बाई का मेट्रो प्रोजेक्ट है। प्रोजेक्ट में 22.62 किमी एलेवेटेड एवं 8.7 किमी भूमिगत मेट्रो है।



## भूमि पूजन और लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी भोपाल से वर्चुअली उज्जैन में आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के लिए निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। 778.91 करोड़ की लागत से घाट निर्माण का भूमि-पूजन किया जाएगा। यह निर्माण शनि मंदिर से लेकर नागदा बायपास तक 29 किमी लंबाई में होगा। यह परियोजना उज्जैन के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को और भी मजबूत करेगी। सिंहस्थ महापर्व में लाखों श्रद्धालुओं के लिए यह एक बड़ी सुविधा होगी।

## सीएम ने रैली को शौर्य स्मारक से झंडी दिखाकर किया रवाना

पुलिस बैंड ने किया स्वागत, महिला अधिकारियों ने दी सलामी

# अहिल्या वाहिनी महिला बाइक रैली नारी सशक्तिकरण का प्रतीक : मुख्यमंत्री डॉ यादव

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर निकाली गई। अहिल्या वाहिनी महिला बाइक रैली महिला सशक्तिकऱण का प्रतीक है। यह रैली, समृद्ध भारतीय संस्कृति में विद्यमान नारी सम्मान और महिला की सशक्त छवि की अभिव्यक्ति भी है।

डॉ. यादव लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश में मनाए जा रहे जनकल्याणी पर्व के अंतर्गत शौर्य स्मारक पर अहिल्या वाहिनी महिला बाइक रैली के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बाइक रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने मां तुझे प्रणाम योजना के अंतर्गत महिला प्रतिभागियों की बस को भी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## महिला बाईकर्स का सम्मान, हेलमेट भी किए भेंट



मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर पुलिस बैंड की धुन के साथ भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री को महिला पुलिस अधिकारियों ने सलामी दी। डॉ.यादव ने शौर्य स्मारक स्थित भारत माता की प्रतिमा तथा लोकमाता अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने महिला बाईकर्स का सम्मान किया तथा सड़क सुरक्षा के प्रतीक स्वरूप एक महिला दो पहिया चालक को हेलमेट भी भेंट किया।

## विरासत से विकास का लिया संकल्प

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में भोपाल पधार रहे हैं। राज्य सरकार ने विरासत से विकास का संकल्प लिया है। पीएम मोदी महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य सरकार भी इस दिशा में ऐतिहासिक परंपरा का अनुसरण करते हुए गतिविधियां संचालित कर रही है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई द्वारा धर्मस्थलों का निर्माण, खेती और हाथकरघा उद्योगों में महिलाओं को सशक्त करना तथा जनजातीय अंचल में भील पलटन की स्थापना करने जैसे उदाहरण सामने हैं। प्रदेश पुलिस में बहनों की बढ़ती मौजूदगी से पुलिस की क्षमता, दक्षता और समाज में स्वीकार्यता बढ़ेगी।*

जबलपुर

शनिवार, 31 मई 2025

- ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-4
- वर्ष : 20, अंक : 30
- पृष्ठ : 2+12=14 मूल्य : 3.00 *

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 38

न्यून. 26

**15 जुलाई से होगी परीक्षा**

## सीबीएसई 10वीं-12वीं की पूरक परीक्षा के लिए पंजीकरण शुरू



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की पूरक परीक्षाओं के लिए पंजीकरण प्रक्रिया खोल दी है। निजी उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट **cbse.gov.in.** पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन विंडो 30 मई से 17 जून 2025 तक खुली है। निजी उम्मीदवार जो 2025 में सीबीएसई कक्षा 10वीं या 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उपस्थित हुए थे।






### बादलों की मौजूदगी के चलते कई शहरों में दिन का पारा लुढ़का

# नौतपा के छठवें दिन गुना-खजुराहो में बारिश, ग्वालियर रहा सबसे गर्म

**राजधानी में दिन भर छाए रहे बादल, कई जिलों में लुढ़का दिन का पारा, इस साल गर्मी के सीजन में बारिश वाला मौसम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नौतपा के छठवें दिन प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी रहा। छतरपुर के खजुराहो, गुना, रीवा, अशोक नगर और रायसेन में भी शाम को बारिश हुई। हालांकि बादल होने की वजह से कई शहरों में दिन का पारा लुढ़क गया। इधर भोपाल में दिनभर बादल छाए रहे, जबकि ग्वालियर सबसे गर्म रहा।

यहां अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 28.2 डिग्री पर आ गया। आम तौर पर नौतपा के दौरान प्रदेश में भीषण गर्मी का असर रहता है। कई जिलों में पारा 48 डिग्री के पार पहुंच जाता है, लेकिन इस बार आंधी-बारिश का दौर जारी है। पिछले छह दिन (25 से 30 मई तक) कई जिलों में तेज आंधी चली और बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि दिन में पश्चिमी गर्म हवाओं की वजह से अधिकतम तापमान इंदौर, सागर और नर्मदापुरम संभागों में सामान्य से ज्यादा 39 से 44 डिग्री तक पहुंच गया है।

### 2 जून तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान

इस साल गर्मी के सीजन में बारिश वाला मौसम है। मई में लगातार प्रदेश के किसी न किसी जिले में बारिश हो रही है। हालांकि, 26 अप्रैल से ही मौसम बदल गया था और आंधी-बारिश हो रही थी। कुछ जिलों में तो ओले भी गिरे हैं। इससे पहले साल 2023 में मई में 20 दिन बारिश हुई, लेकिन पानी पूरे महीने ही गिरा था। मौसम विभाग ने 2 जून तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है।



भोपाल में शीतलदास की बगिया में सैलानी

### इन शहरों में गिरा दिन का पारा

*कई शहरों में दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली। ग्वालियर, खजुराहो, गुना, टीकमगढ़, शिवपुरी और रतलाम में पारा 40 डिग्री के आसपास रहा। ग्वालियर और गुना में सबसे ज्यादा 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों में भोपाल 36.6 डिग्री, इंदौर में 34.3 डिग्री, उज्जैन में 36.5 डिग्री और जबलपुर में 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इन शहरों में नौतपा के पहले पारा दो से ती डिग्री अधिक था।*

## खबर संक्षेप

### मोहसिन ने तंत्र-मंत्र कर बनाए थे संबंध




**इंदौर।** अन्नपूर्णा पुलिस के सामने ड्रीम शूटिंग एकेडमी के कोच मोहसिन खान के खिलाफ एक और पीड़िता गुरुवार रात शिकायत दर्ज कराने पहुंची। पीड़िता ने आरोप लगाया कि मोहसिन ने एकेडमी में शूटिंग सिखाने के दौरान उससे पैसे ठगे और तंत्र-मंत्र का सहारा लेकर जबरन संबंध बनाने का दबाव बनाया।

### सिवनी में ट्रेनी विमान पलटा, उठे सवाल



**सिवनी।** सुकतरा स्थित मेस्को एरोस्पेस कंपनी की हवाई पट्टी पर शुक्रवार सुबह गंभीर हादसा हुआ। एक ट्रेनी विमान लैंडिंग के दौरान पलट गया। यह घटना सुबह करीब 8 से 9 बजे के बीच की है। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना ने विमानन प्रशिक्षण संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### उद्योग भवन को बम से उड़ाने की मिली धमकी



**नई दिल्ली।** शुक्रवार को भारी उद्योग मंत्रालय के सचिव को उद्योग भवन, को उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल मिला। इसके बाद सुरक्षा तंत्र ने त्वरित कार्रवाई की। केंद्रीय सचिवालय के पास स्थित इस भवन को आईईडी से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल दोपहर में प्राप्त हुआ।

▶▶ **प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर भावुक हो गईं ऐशन्या**

### पीएम मोदी कानपुर में शुभम के परिवार से मिले...जताई संवेदना आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई का दिया आश्वासन

# भावुक होकर बोले, ऑपरेशन सिंदूर रुका है अभी खत्म नहीं हुआ, आगे भी जारी रहेगा



**शुभम के परिजनों ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। इसके बाद प्रधानमंत्री चंद्रशेखर कृषि विश्वविद्यालय में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कानपुर पहुंचते ही सबसे पहले शुभम द्विवेदी के परिजनों से मिले। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए शुभम द्विवेदी का परिवार कानपुर के ही निवासी हैं। पीएम मोदी ने एयरपोर्ट पर शुभम के परिजनों से बातचीत की। इस दौरान शुभम के पिता संजय द्विवेदी, मां सीमा द्विवेदी और पत्नी एशान्या मौजूद थे। मुलाकात के बाद संजय द्विवेदी ने बताया कि पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई पर हमने प्रधानमंत्री का आभार जताया है।



वैभव के परिवार से मिले पीएम मोदी

### पीएम ने एशान्या से भी ली घटना की जानकारी

*▶▶ शुभम की पत्नी ऐशन्या ने बताया कि प्रधानमंत्री ने घटना के बाबत जानकारी ली कि कब और कैसे आतंकियों ने घटना को अंजाम दिया। इसके बाद ऐशन्या के मन में भी घटना को लेकर जो बातें थी वो उन्होंने प्रधानमंत्री से साझा की। एशान्या ने बताया कि परिस्थितियां ये इशारा कर रही थीं कि कश्मीर जो अमन-चैन चल रहा था, वो आतंकियों को पसंद नहीं आ रहा था। साथ ही हिंदू-मुस्लिम को वो बांटना चाहते थे। इसी के चलते धर्म पूछकर गोली मारी।*

**»** ***ऐशन्या के मुताबिक प्रधानमंत्री ने कहा कि आगे भी परिवार से मुलाकात करेंगे***

**ऐशन्या बोलीं- ऐसा लगा जैसे किसी बड़े ने सिर पर हाथ रख दिया हो**

शहीद शुभम की पत्नी ऐशन्या ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद अपने भावुक मन की बात साझा की। उन्होंने कहा कि ऐसा लगा जैसे किसी बड़े ने सिर पर हाथ रख दिया हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करके मैं बहुत भावुक हो गई। प्रधानमंत्री से हुई इस मुलाकात को ऐशन्या ने एक आत्मीय और संबल देने वाला क्षण बताया। देश के सबसे बड़े नेता का इस तरह आकर हालचाल पूछना उनके लिए गर्व और भावुकता से भरा पल था।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार पहुंचे कानपुर

गौरतलब है कि लगातार तीसरी बार पीएम बनने और पहलगाम आतंकी घटना पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत सेनाओं के शौर्य से पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने नेस्तनाबूद करने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को पहली बार कानपुर पहुंचे हैं।

*14 वर्षीय स्टार क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मिले पीएम मोदी*

### वैभव ने पीएम मोदी के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**पटना।** बिहार दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के स्टार क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात की। दोनों की यह मुलाकात पटना के जय प्रकाश नारायण एयरपोर्ट पर हुई। वैभव के साथ के माता पिता भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने खुद वैभव और उनके परिवार के साथ मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं। 14 वर्षीय वैभव ने इस सीजन आईपीएल में तहलका मचा दिया था। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले वैभव ने राजस्थान रॉयल्स से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद पर शतक लगाकर सबका ध्यान खींचा था। वह आईपीएल में शतक लगाने वाले सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज बने थे।

### नीट पीजी पर 'सुप्रीम' फैसला

# एक ही पाली में होगी परीक्षा ताकि... पारदर्शिता बनी रहे

*कोर्ट ने कहा कि दो शिफ्ट में परीक्षा कराना असमानता पैदा करता है*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट पीजी 2025 की तैयारी कर रहे मेडिकल अभ्यर्थियों के लिए सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला सामने आया है। कोर्ट ने परीक्षा आयोजकों को निर्देश दिया है कि नीट पीजी 2025 परीक्षा केवल एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और सभी उम्मीदवारों को समान अवसर मिल सके। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि परीक्षा को दो शिफ्ट में आयोजित करना असमानता पैदा करता है और यह सभी उम्मीदवारों को समान अवसर नहीं दे सकता। दो अलग-अलग शिफ्ट में पूछे गए प्रश्न पत्र कभी भी एक जैसे कठिनाई स्तर के नहीं हो सकते।

### दलील को किया खारिज

राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईई) की इस दलील को खारिज करते हुए कि पूरे देश में एक ही शिफ्ट में परीक्षा आयोजित करने के लिए पर्याप्त केंद्र उपलब्ध नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम इस तर्क को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं कि पूरे देश में और देश में उपलब्ध तकनीकी प्रगति को देखते हुए परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था एक ही शिफ्ट में परीक्षा कराने के लिए पर्याप्त परीक्षा केंद्र नहीं ढूंढ सकी।

### पारदर्शिता पर जोर

*न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने यह आदेश उस समय पारित किया जब वह राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा नीट पीजी 2025 परीक्षा को दो शिफ्टों में आयोजित करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई कर रही थी।*

**पंजाब में मुक्तसर की पटाखा फैक्ट्री में धमाका**

## ब्लास्ट में उड़ा बिल्डिंग का हिस्सा, 5 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुक्तसर (पंजाब)



पंजाब के मुक्तसर में गुरुवार देर रात एक पटाखा फैक्ट्री में धमाका हो गया। 5 वर्करों की मौत हो गई। मलबे से 29 लोगों को निकाला गया है। बचाव एवं राहत कार्य जारी है। घायलों को बठिंडा एम्स और बादल सिविल अस्पताल भेजा गया है। बताया गया है कि फैक्ट्री में कुल 40 लोग काम करते थे। घायल वर्कर उत्तर प्रदेश के बताए जा रहे हैं।

**ओडिशा में इंजीनियर के घर मिला 2 करोड़ कैश**

## छापा पड़ा तो खिड़की से नोटों की गड्डी फेंकने लगा चीफ इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर



ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में राज्य सरकार के एक अभियंता के घर से करोड़ों रुपए की नकदी और संपत्तियों के दस्तावेज जब्त किए हैं। ये कार्रवाई सतर्कता विभाग द्वारा की गई है। जब अधिकारी छापे के लिए इंजीनियर के घर पहुंचे तो बैकुंठ नाथ सारंगी ने घबराकर नकदी के बंडलों को फ्लैट की खिड़की से बाहर फेंकने की कोशिश की।

## तीनों आरोपी दोषी करार, मिली उम्रकैद की सजा

### 50-50 हजार रुपए का अर्थ दंड और अंकिता के परिजनों को चार लाख रुपए देने का फैसला

एजेंसी ▶▶ कोटद्वार

बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में कोटद्वार स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे कोर्ट) ने आज फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने तीनों आरोपियों रिजॉर्ट के मालिक पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को हत्या के मामले में दोषी करार दिया है।

**» *अंकिता हत्याकांड में 32 महीने बाद मिला न्याय***



### कोर्ट के फैसले से खुश नहीं अंकिता के माता-पिता

आरोपियों को उम्रकैद की सजा के फैसले से अंकिता के माता पिता खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने हमारी बेटी को मौत दी उन्हें भी मौत की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने हमारा घर बरबाद कर दिया।

### उज्जैन में विद्यार्थियों को सम्मानित करने का अनूठा उदाहरण

# 12वीं टॉपर बना एक दिन का विधायक, लोगों की समस्याएं सुनीं, विकास कार्यों का किया लोकार्पण

**नागदा विधायक चौहान ने सौंप दी अपनी कुर्सी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नागदा

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने और लोकतंत्र की प्रक्रिया से जोड़ने का अनूठा उदाहरण उज्जैन के नागदा में सामने आया है। यहां 12वीं के टॉपर छात्र साहित्य सेन को एक दिन का विधायक बनाया गया।

### विधायक ने कहा – हर टॉपर छात्र को मिलेगा एक दिन का विधायक बनने का अवसर



नागदा विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान ने इस मौके पर कहा कि सीबीएसई या मध्यप्रदेश बोर्ड से 10वीं और 12वीं में टॉप करने वाले छात्रों को एक दिन का विधायक बनने का मौका मिलेगा। इससे उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों का अनुभव मिलेगा और वे आगे चलकर नेतृत्व की भूमिका निभा सकेंगे। साहित्य की मां चेतना सिंह ने भावुक होकर कहा कि मेरे बेटे को इस लायक समझा। बेटे ने रात-रात भर पढ़ाई की है और आज उस संघर्ष का फल मिला है। यह पल मेरे लिए गर्व का है।

## रिश्ते का चाचा ही निकला सिलवानी विधायक के पोते का किडनैपर

### बच्चे की तलाश में 5 थानों की 10 टीमें जुटी रहीं, करीब 16 घंटे बाद पुलिस को मिली सफलता

# पुलिस ने छिंदवाड़ा के तामिया से किया बच्चे को सकुशल बरामद, चाचा सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रायसेन के सिलवानी में गुरूवार सुबह रहस्यमय ढंग से गायब हुआ कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल का दो साल का पोता मिल गया है। पुलिस ने बच्चे को छिंदवाड़ा जिले के तामिया से सकुशल बरामद किया है। पुलिस ने बच्चे के अपहरण के आरोप में उसके चाचा समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने अपहरण की घटना में प्रयुक्त वेन और बाइक भी जब्त कर ली है।





### पुलिस बच्चे को लेकर पहुंची तो हुई फूलों की वर्षा

*आईजी मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे और एसपी पंकज पांडे के साथ पुलिस बच्चे को लेकर जैसे ही उसके बच्चे के पलोहा स्थित घर पर पहुंची तो ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़े, आतिशबाजी और फूलों की वर्षा के साथ बच्चे का स्वागत कर पुलिस अफसरों को धन्यवाद दिया।*

### फिरौती में मांगा डेढ़ किलो सोना

पूछताछ में पुलिस को पता चला कि बच्चे का अपहरण फिरौती के लिए किया गया था। फिरौती में आरोपियों ने डेढ़ किलो सोने की मांग की थी। पुलिस ने मामले की शुरूआत में ग्रामीणों से पूछताछ की और सीसीटीवी खंगाले तो पुलिस को मामले में लिंक मिला। संदेह होने पर पुलिस ने बच्चे के रिश्ते में लगने वाले चाचा अनु उर्फ अरविंद पटेल को उसके घर के पास से पकड़ा। उससे पूछताछ करने पर बच्चे का पता चल गया। इसके बाद पुलिस ने तामिया पहुंचकर आरोपी राहुल पटेल और उमेश गौर को भी पकड़ लिया। वहीं बच्चे को बरामद कर लिया। आरोपी अरविंद ने बच्चे को किडनैप कर अपने दोस्त के घर में छुपा कर रखा था

## चिंतन

# जीडीपी की सुस्ती चिंताजनक विनिर्माण क्षेत्र में करें सुधार

राजकोषीय घाटा का लक्ष्य हसिल करना उल्लेखनीय प्रगति है, पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) दर में जारी सुस्ती चिंताजनक है। पिछले कुछ समय से भारतीय अर्थव्यवस्था स्टैगनेशन सिंड्रोम की तरफ बढ़ रही है। शेयर बाजार के मजबूत प्रदर्शन करने के बावजूद भारत नए निवेश अपेक्षित मात्रा में आकर्षित नहीं कर पा रहा है। सार्वजनिक निवेश में कमी दर्ज की जा रही है, जीडीपी पर इसका असर दिख रहा है। देश में बेरोजगारी दर भी तीन से चार प्रतिशत के बीच है, जो विकसित देशों के आंकड़े के दायरे में ही है, इससे साफ है कि कामकाज के माहौल हैं, इसके बावजूद जीडीपी की नरमी चुनौती पेश कर रही है। सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी के 4.8 प्रतिशत के अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लिया है। वित्त वर्ष 2023-24 में केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.63 प्रतिशत था। राजकोषीय घाटे को काबू में रखना सरकार के लिए हमेशा बड़ी चुनौती होती है। विनिर्माण क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन से देश की आर्थिक वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में धीमी होकर 7.4 प्रतिशत रही। अब पूरे वित्त वर्ष के दौरान जीडीपी वृद्धि दर घटकर चार साल के निचले स्तर 6.5 प्रतिशत पर आ गई। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च तिमाही में वृद्धि दर के सुस्त पड़ने से समूचे वित्त वर्ष (2024-25) में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.5 प्रतिशत पर आ गई। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की जीडीपी 9.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन की जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रही है। जीडीपी के मामले में भारत बेशक चीन से आगे हो, लेकिन इसकी लगातार सुस्ती से भारत अपने विकसित भारत के लक्ष्य को लक्षित समय तक नहीं हासिल कर सकेगा। अभी महंगाई दर भी नियंत्रण में है और रिजर्व बैंक ने लगातार दो बाद रेपो दरों में कटौती की, ऐसे में सरकार के पास आर्थिक सुधार के अगले चरण में जाने का मौका है। उद्योग जगत से इस आशय की मांग लगातार की जा रही है। फिक्की, एसोचैम जैसे उद्योग संगठनों ने भी नए आर्थिक सुधार की वकालत की है। भारतीय अर्थव्यवस्था में जल्द ही पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की क्षमता है, अभी आंकड़ों में भारत ने जर्मनी को पछाड़ा है और विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का तमगा हासिल किया है, लेकिन विनिर्माण के क्षेत्र में देश उल्लेखनीय प्रगति नहीं कर पा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, देश की अर्थव्यवस्था इसके पहले अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में 6.4 प्रतिशत, जुलाई-सितंबर तिमाही में 5.6 प्रतिशत और अप्रैल-जून तिमाही में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। वार्षिक आधार पर वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि दर घटकर 4.5 प्रतिशत रही, जबकि 2023-24 में 12.3 प्रतिशत थी। हालांकि, कृषि क्षेत्र में 2024-25 के दौरान उत्पादन बढ़कर 4.6 प्रतिशत हो गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 2.7 प्रतिशत था। चौथी तिमाही के दौरान विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन घटकर 4.8 प्रतिशत रह गया जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 11.3 प्रतिशत था। भारत को विनिर्माण क्षेत्र की दिक्कतों को दूर करने की जरूरत है। वैश्विक मैनुफैक्चरिंग का हब बनने के लिए बहुत जरूरी है कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में लगातार बेहतर प्रदर्शन करे।



अहिल्याबाई होल्कर
डॉ. योगिता यशवीर राघव

# भारत की युगप्रवर्तक महारानी

> रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और परोपकारी सोच से समाज और राष्ट्र को नई दिशा दी। आज हम उनकी 300वीं जयंती मना रहे हैं। अहिल्याबाई का शासनकाल न्याय, पारदर्शिता और प्रजा-हित के लिए इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। आज जब हम नारी सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो अहिल्याबाई का नाम सबसे पहले आना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। आज जब हम बेहतर शासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण की बात करते हैं, तब अहिल्याबाई का जीवन हमें एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। वह कहती हैं कि सच्चे नेतृत्व में सत्ता नहीं, सेवा होती है।

भारतीय इतिहास की कालजयी गाथाओं में जो एक नाम नारी नेतृत्व, न्यायप्रिय शासन और लोककल्याण की अद्वितीय मिसाल बनकर चमकता है, वो है रानी अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने अपने अदम्य साहस, दूरदर्शिता और परोपकारी सोच से समाज और राष्ट्र को नई दिशा दी। वे केवल एक शासिका नहीं, बल्कि एक युगप्रवर्तक थीं, जिनकी दृष्टि, सेवा भावना और निर्णय क्षमता आज भी हमें प्रेरणा देती हैं। आज हम उनकी 300वीं जयंती मना रहे हैं, जिन्होंने न केवल मालवा राज्य को समृद्ध और सुदृढ़ बनाया, बल्कि समूचे भारत में धर्म, संस्कृति और जनकल्याण की अमिट छाप छोड़ी। महान युगप्रवर्तक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती उनके अदम्य साहस, जीवन, मूल्यों, अद्वितीय नेतृत्व, न्यायप्रिय शासन, जनकल्याणकारी कार्यों और समाज कल्याण के प्रति उनके योगदान को आत्मसात व श्रद्धांजलि देने का एक ऐतिहासिक अवसर है।


### एक साधारण जन्म, असाधारण यात्रा

एक साधारण बालिका से महान शासिका तक का सफर 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गांव में जन्मी अहिल्याबाई का जीवन संघर्षों से प्रारंभ हुआ, लेकिन उनका धैर्य, विवेक और करुणा उन्हें अपराजेय बना गए। विवाह के बाद जब पति मालवा के शासक खंडेराव होल्कर और ससुर मल्हारराव होल्कर दोनों का निधन हो गया, तब उन्होंने 1767 में मालवा राज्य की बागडोर अपने हाथों में ली। पति और ससुर के निधन के बाद, जब राज्य संकट में था, अहिल्याबाई ने न केवल मालवा राज्य की बागडोर संभाली, बल्कि अपने पराक्रम व कुशलता से उसे एक उन्नत, सुरक्षित और खुशहाल राज्य में परिवर्तित कर दिया। कठिन परिस्थितियों में नेतृत्व संभालते हुए उन्होंने शासन को सुशासन में बदल दिया। 'अहिल्याबाई होल्कर का जीवन केवल इतिहास के पन्नों में दर्ज कहानी नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए एक अमूल्य प्रेरणा है।'

### सुशासन का स्वर्णिम युग

अहिल्याबाई का शासनकाल न्याय, पारदर्शिता और प्रजा-हित के लिए इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज है। वे प्रजा को परिवार की तरह मानती थीं। उनके शासन मेंः कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया, कृषि, व्यापार और शिक्षा को प्रोत्साहन मिला, और सभी वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता दी गई। उनका विश्वास थाः 'राजा को अपनी प्रजा के सुख-दुख को समझकर निर्णय लेना चाहिए।' यही कारण था कि प्रजा उन्हें 'माँ अहिल्या' कहकर पुकारती थी। उनके निर्णयों में न केवल राजनैतिक बुद्धिमत्ता दिखती थी, बल्कि मानवीय संवेदना भी स्पष्ट रूप से झलकती थी।

धार्मिक एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण कला, संस्कृति और धर्म के पुनरुद्धार की वाहिका अहिल्याबाई का भारत के निर्माण में अनेक योगदान हैं। वाराणसी का काशी विश्वनाथ मंदिर, गुजरात का सोमनाथ मंदिर, नासिक का त्र्यंबकेश्वर मंदिर, सभी का जीर्णोद्धार अहिल्याबाई ने ही करवाया। देशभर में धर्मशालाएं, कुएं, घाट, और विश्राम



स्थल बनवाए जो आज भी तीर्थयात्रियों और समाज के लिए उपयोगी हैं।

### महिला सशक्तिकरण की अग्रदूत

आज जब हम नारी सशक्तिकरण की बात करते हैं, तो अहिल्याबाई का नाम सबसे पहले आना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए। अहिल्याबाई ने समाज में महिलाओं के अधिकारों और शिक्षा के महत्व को समझा और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य किया। एक विधवा होकर भी उन्होंने राजकाज को न केवल संभाला, बल्कि उसे उन्नति के पथ पर अग्रसर किया। वे उन विरली शासकों में थीं जिन्होंने स्त्रियों के हित में ठोस नीति बनाई और उसे लागू भी किया।

लोककल्याण और सुशासन का आदर्श : आज के भारत के लिए प्रेरणा अहिल्याबाई का शासन आज के 'सुशासन' (Good Governance) का एक आदर्श मॉडल है। उनकी नीतियाँ और प्रशासनिक दृष्टिकोण आज भी भारत के लिए प्रेरणादायक हैंः उन्होंने जनसुनवाई, न्यायपालिका और सार्वजनिक निर्माण को प्राथमिकता दी। उनका शासन काल सामाजिक समरसता, धार्मिक सहिष्णुता और प्रशासनिक कुशलता का उत्कृष्ट उदाहरण रहा।

### आज की पीढ़ी के लिए संदेश

अहिल्याबाई होल्कर का जीवन केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं, बल्कि एक प्रकाशस्तंभ है, जो हमें न्याय, करुणा और नेतृत्व के गुण सिखाता है। अहिल्याबाई का जीवन हमें सिखाता है कि न्याय, करुणा, और नेतृत्व के बल पर न केवल एक राज्य, बल्कि पूरे समाज को बदलने की क्षमता होती है। उनकी दूरदर्शिता और कार्य हमें यह संदेश देते हैं कि एक व्यक्ति का संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा पूरे समाज और राष्ट्र को बदल सकती है। उनकी 300वीं जयंती पर हम सभी को उनके मूल्यों को आत्मसात कर, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लेना चाहिए। अहिल्याबाई का जीवन केवल इतिहास की एक कहानी नहीं, बल्कि आज के समय की आवश्यकता है। जब नेतृत्व में नैतिकता और जनहित की भावना खोती जा रही है, तब अहिल्याबाई की कार्यशैली हमें याद दिलाती है कि सच्चे नेता वे होते हैं जो सेवा को धर्म मानते हैं। उनकी 300वीं जयंती पर हमारा कर्तव्य है कि हम उनके जीवन-मूल्यों को अपनाएं—सत्य, सेवा, न्याय और करुणा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी

### भविष्य के लिए प्रेरणा


आज जब हम बेहतर शासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण की बात करते हैं, तब रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन हमें एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है। वह कहती हैं कि सच्चे नेतृत्व में सत्ता नहीं, सेवा होती है। उनकी 300वीं जयंती पर हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र के पुनर्निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। अहिल्याबाई होल्कर की विरासत आज भी जीवंत है, और उनकी शिक्षाएँ भारत को एक न्यायपूर्ण और सशक्त राष्ट्र बनाने की प्रेरणा देती रहेंगी। 'न्याय, करुणा और सुशासन की प्रतीक रानी अहिल्याबाई भारत के लिए केवल एक शासिका नहीं, बल्कि एक आदर्श हैं, जिनकी नीतियां आज भी प्रकाशपुंज बनकर मार्गदर्शन करती हैं।'

(लेखिका अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, गुरुग्राम की महानगर अध्यक्ष व के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, सोहना में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

शिवप्रकाश



# लोक कल्याण की प्रणेता अहिल्याबाई होल्कर

किसी भी देश का विकास शासन तंत्र की लोककल्याणकारी नीतियों और उसकी सुशासन व्यवस्था पर निर्भर करता है। भारत का इतिहास ऐसे शासकों की गाथाओं से भरा पड़ा है जिन्होंने अपने देश और अपनी प्रजा के विकास व उत्थान के लिए बहुत कुछ किया। होल्कर राज-परिवार में ऐसा ही एक नाम रहा है पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर का। उनकी कल्याणकारी नीतियां आज भी सरकारों को प्रेरित करती हैं। यह वर्ष उनके जन्म का त्रिशताब्दी वर्ष है। उनके सुशासन, लोक कल्याणकारी नीतियों एवं सांस्कृतिक उत्थान के कार्यो को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनका 300 वाँ जयंती वर्ष संपूर्ण देश मना रहा है।
अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को अहमदनगर (अहिल्या नगर) जनपद के चौंडी गांव में हुआ था। भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में 21 मई से 31 मई तक 10 दिवसीय अभियान लोकमाता अहिल्याबाई की स्मृति को समर्पित किया है। महारानी अहिल्याबाई होलकर के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं उनके प्रेरणा प्रद जीवन से प्रेरित माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ग़रीब कल्याण की योजनाओं एवं "विकास से विरासत" के उनके संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का काम भाजपा के कार्यकर्ता कर रहे हैं। बौद्धिक संवाद, प्रदर्शनी, छात्र-छात्राओं के बीच प्रतियोगिताएँ, मंदिरों व घाटों की स्वच्छता, आरती एवं शोभायात्राओं के माध्यम से यह कार्य संपन्न हो रहा है। राज्यों की सरकारें एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा भी अनेक योजनाओं एवं संस्थाओं का नाम महारानी अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर किया गया है। पश्चिमी विद्वानों ने भारत के संबंध में दुष्प्रचार करते हुए कहा कि "हिन्दू शासन व्यवस्था अराजक थी।" जेम्स मिल ने लिखा था कि "भारत नैतिक रूप से खोखला और स्वार्थी समाज था जो शासन योग्य नहीं था", जबकि पश्चिमी देशों में धर्म के नाम पर भीषण अत्याचार हो रहे थे। तब भारत में महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने लोक कल्याणकारी धर्मराज्य की स्थापना की थी ।

भारत में धर्म एक व्यापक कल्पना है, जो आर्थिक एवं नैतिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। इसी को ऋषि कणाद द्वारा वैशेषिक सूत्र में कहा गया है कि : "यतो अभ्युदय निःश्रेयस सिद्धिः स धर्मः"अर्थात जो समाज में अभ्युदय ( भौतिक उन्नति), निश्रेय ( आध्यात्मिक उन्नति) सिखाता है वही धर्म है। भारत में धर्म के आधार पर चलने वाले शासन को ही आदर्श शासन माना गया है, जिसमें सभी सुखी एवं निरोगी हो। ऐसा योग्य शासन प्रभु श्री राम ने दिया, रामराज्य के इसी आदर्श का पालन करने का प्रयास सम्राट विक्रमादित्य, राजा भोज, सम्राट हर्षवर्धन जैसे अनेक राजाओं ने किया। विदेशी आक्रमणों के समय इन्हीं मूल्यों की रक्षा करने के लिए महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज सरीखे शासनकर्ताओं ने अपने प्राण को न्योछावर कर दिया। 300 वर्ष पूर्व महारानी अहिल्याबाई भी इन्हीं शाश्वत मूल्यों का पालन करने वाली महारानी थी। अहिल्याबाई ने अपने ससुर की मृत्यु के पश्चात 1767 में मालवा राज्य का शासन संभाला। नर्मदा के प्रति भक्ति, व्यावसायिक एवं सामरिकता से उन्होंने अपनी राजधानी नर्मदा के तट पर महेश्वर को बनाया। 28 वर्ष उन्होंने अपनी मृत्यु पर्यन्त यह शासन सत्ता संभाली। किसानों के विकास की योजनाएं, भूमिहीन किसानों को भूमि प्रदान करना, जनजातीय विकास, अपने शासन को अपराध मुक्त करना, रोजगारपरक अर्थनीति, महिला सशक्तिकरण उसके लिए महेश्वरी साड़ी का निर्माण एवं सैनिक कल्याण उनके शासन की विशेषताएँ थीं। 500 महिलाओं की सैनिक टुकड़ी का निर्माण कर एक महिला फौज भी उन्होंने तैयार की थी। महेश्वर साड़ी आज भी उनकी महिला केंद्रित उद्योग नीति को दर्शाती है। प्रजा के प्रति वात्सल्य भाव के कारण उन्हें जनता ने लोकमाता की उपाधि प्रदान की थी। अपने राज्य की आर्थिक उन्नति के साथ-साथ भारत के सांस्कृतिक उत्थान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी धाम, सभी ज्योतिर्लिंग, समस्त शक्ति पीठ सहित असंख्य मंदिरों का निर्माण, नदियों के घाटों का निर्माण, यात्रियों के रुकने के लिए धर्मशालाओं की व्यवस्था यह उनके द्वारा होने वाले अतुलनीय कार्यों की श्रृंखला है। हिमालय में स्थित बद्रीनाथ, केदारनाथ, काशी स्थित भगवान श्री विश्वनाथ, सोमनाथ,द्वारिका, पुरी जगन्नाथ, रामेश्वरम, सभी के पुनर्निर्माण में उनकी भूमिका है। देशभर में उनके द्वारा कराए गए इन कार्यों की संख्या लगभग 12500 से अधिक है । इसका भी वैशिष्ट्य है कि यह कार्य उनको प्राप्त स्वयं की सम्पत्ति से कराया, राजकोष से नहीं।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## स्वयं को भगवान के चरणों में अर्पित करना ही ज्ञान है



संकलित
**दर्शन**

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि ये ही लोग हमारे सच्चे हितैषी और सेवक होते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### पांचवें गुरु अर्जुन देव को नमन

गुरु परंपरा की महिमा अपार है और भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु का स्थान अत्यंत पूज्य माना गया है। इसी गौरवशाली परंपरा में सिख धर्म के पंचम गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी का स्थान विशिष्ट है, जिन्होंने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से संपूर्ण मानव जाति को सत्य, सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाया। गुरु अर्जुन देव न केवल धार्मिक संत थे, बल्कि एक महान समाज सुधारक, कुशल संगठक और ज्ञान के अद्वितीय स्रोत भी थे। उन्होंने अपने विचारों और कार्यों से समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मानवता की सर्वोच्चता को महत्व दिया। गुरु अर्जुन देव का जीवन शांति, सेवा और ज्ञान के आदर्शों से ओतप्रोत था। - **प्रतीक सिंह**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### गोवावासियों को बधाई



राज्य स्थापना दिवस पर गोवा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं! गोवा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सुंदर समुद्र तट, गर्मजोशी से भरा आतिथ्य और अन्य कई आकर्षण दुनिया भर के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।
**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### गोवा शत-प्रतिशत साक्षर



गोवा ने 'उल्लास नव भारत' साक्षरता कार्यक्रम के तहत 100 प्रतिशत साक्षरता दर हासिल कर ली है। नयी प्रगति के साथ शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के हमारे निरंतर सामूहिक प्रयासों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने यह परिणाम दिया है।
**-प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा**

### एक दशक में 17 करोड़ रोजगार



भारत ने पिछले एक दशक में 17 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा किए हैं जबकि इससे पहले के दशक में सिर्फ 4.5 करोड़ रोजगार अवसर ही सृजित हुए थे। देश में बेरोजगारी दर 3.2 प्रतिशत है, जो विकसित दुनिया के आसपास है।- **मनसुख मांडविया, श्रममंत्री**

### आरईसी सक्रिय करेगा रूस



रूस त्रिकोणीय- रूस, भारत, चीन (आरआईसी)- प्रारूप को फिर से सक्रिय करना चाहता है, जिसकी स्थापना कई साल पहले रूस के पूर्व प्रधानमंत्री येवगेनी प्रिमाकोव की पहल पर हुई थी। इसकी अब तक 20 मंत्रिस्तरीय बैठकें हो चुकी हैं।
**- सर्गेई लावरोव, रूसी विदेश मंत्री**

## करंट अफेयर

# भारत शांति रक्षा का बेहद महत्वपूर्ण समर्थक : संरा



संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष शांति रक्षक अधिकारी ने कहा है कि भारत शांति रक्षा का एक महत्वपूर्ण समर्थक है, जिसमें शांति रक्षकों के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के प्रयासों में उसकी अग्रणी भूमिका भी शामिल है। संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों के अवर महासचिव ज्यां-पियरे लैक्रोइक्स की यह टिप्पणी बृहस्पतिवार को संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर एक मीडिया सत्र के दौरान आई। वह 24-25 फरवरी को भारत द्वारा आयोजित महिला शांति सैनिकों के पहले सम्मेलन में भाग लेने के लिए नयी दिल्ली आए थे। लैक्रोइक्स ने सम्मेलन और उसके बारे में उनके आकलन के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कहा, "हां, मैं वास्तव में नयी दिल्ली और उस सम्मेलन में जाना चाहता था।" लैक्रोइक्स ने कहा, "सबसे पहले, क्योंकि भारत सेना और पुलिस का बहुत महत्वपूर्ण योगदान देने वाला देश है। यह शांति रक्षा का भी एक बहुत महत्वपूर्ण समर्थक है, भारत के पुरुषों और महिलाओं के महत्वपूर्ण योगदान के अलावा, विभिन्न प्रयासों का समर्थन करने के मामले में भी। मैं विशेष रूप से इस बारे में सोच रहा हूं, लेकिन शांति सैनिकों के खिलाफ अपराध की जवाबदेही पर भारत की ओर से दिए गए नेतृत्व के कई अन्य उदाहरण भी हैं।"

## ऑफ बीट

# जेनेटिक कोड में एक ही चीज के लिए है बहुत सारे शब्द



आनुवंशिक कोड की सार्वभौमिकता सभी जीवित जीवों के बीच एक सामान्य वंशावली को इंगित करती है और यह कोड जैविक कोशिकाओं की संरचना, कार्य और विनियमन में आवश्यक भूमिका निभाता है। यह समझना कि जेनेटिक कोड कैसे काम करता है, जेनेटिक इंजीनियरिंग और सिंथेटिक जीव विज्ञान की नींव है। लेकिन अभी भी कई अनसुलझे रहस्य हैं, जैसे प्रोटीन फोल्डिंग जैसी विभिन्न जैविक प्रक्रियाओं के लिए कोड क्यों महत्वपूर्ण है। आनुवंशिक कोडबुक चार अक्षरों से बने 'शब्दों' से बनी है : ए, सी, जी और यू। इनमें से प्रत्येक अक्षर एक अलग रासायनिक बिल्डिंग ब्लॉक के लिए है जिसे न्यूक्लियोटाइड कहा जाता है : एडेनिन, साइटोसिन, गुआनिन और यूरैसिल ।राइबोसोम नामक एक आणविक मशीन जीन को प्रोटीन में अनुवाद करने के लिए कोडबुक को पढ़ती है। राइबोसोम तीन अक्षर वाले शब्दों को पढ़ते हैं जिन्हें कोडोन कहा जाता है, और चार अक्षरों के 64 अलग-अलग संभावित संयोजन होते हैं जो अलग-अलग कोडोन बनाते हैं। 64 शब्दों की इस सूची में, 61 अमीनो एसिड को एनकोड करते हैं, और तीन कोशिका में प्रोटीन संश्लेषण को रोकने के लिए राइबोसोम को संकेत देते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक संपन्न

# मानसून के पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित कर ली जायें: कलेक्टर

**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश देकर कहा गया कि जहां-जहां जल भराव की स्थिति होती है, उन क्षेत्रों में पहले से जल भराव न हो इसके लिये समुचित प्रबंध किये जाये। अत्यधिक वर्षा की स्थिति में नर्मदा व उनकी सहायक नदियों जैसे परियट, हिरन, गौर, सुहार, कार व लभेर आदि नदियों में विगत वर्षों के दौरान बाढ़ की स्थिति व उसके प्रबंधन की समीक्षा की गई तथा उन नदी क्षेत्रों के ग्रामों में बाढ़ प्रवाह की स्थिति में पहले से समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट में कक्ष क्रमांक 9 में जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर कहा गया कि बाढ़ संबंधी सूचना के लिये 0761-2623925 इस नंबर से तथा नगर निगम क्षेत्र में 0761-2610917 एवं 2637503 से 510 तक के नंबरों में फोन कर सकते है। बाढ़ के संबंध में पूर्व सूचना देने के संबंध में कहा गया। बाढ़ उम्मुख क्षेत्र में स्थित प्राकृतिक जलाशय एवं जल निकास नालियों की सफाई, डिसिल्टिंग करने के साथ तालाबों एवं तलैया के अतिक्रमण, रूकावटें हटाने, तालाबों, नालों, बांधों के तटबंधो का निरीक्षण व सुदृढीकरण करने, बाढ़ के पानी के निकास के लिए नालियों का निरीक्षण व सफाई करने,



जल निगम प्रणाली के द्वारा बांध तटबंधों का आवश्यक रख-रखाव करने, डिस्ट्रिक कमाण्डेंट होमगार्ड द्वारा आपदा केन्द्रों में तैराकों की तैनाती करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही आकाशीय बिजली से बचने के उपायों के संबंध में भी आम नागरिकों को अवगत कराने को कहा। बाढ़ व आपदा की स्थिति में शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, लोकनिर्माण, एसडीईआरएफ, होमगार्डस एवं सिविल डिफेंस, कृषि, ऊर्जा, सामाजिक न्याय व पशु चिकित्सा आदि विभागों से आपेक्षा की गई कि वे बाढ़ आपदा रोकने व बचाव में सहयोगात्मक भूमिका का निर्वाहन करें। बाढ़ आपदा के समय पेयजल, अस्थायी शिविरों, आपदा उपकरणों, बचाव दलों का प्रशिक्षण, जर्जर भवनों का चिन्हांकन करने आदि विषयों पर भी विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि इस वर्ष से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि मानसून जल्दी आयेगा और पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा वर्षा होगी, अतः अभी से बाढ़ आपदा प्रबंधन की सभी समुचित तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाये। बैठक में नगर निगम कमिश्नर श्रीमती प्रीति यादव सहित सभी संबंधति अधिकारी मौजूद थे।

### यातायात व्यवस्था समुचित रूप से संचालित हो-

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, एडीशनल एसपी ट्राफिक मती सोनाली दुबे व आरटीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। बैठक में ई-रिक्शा प्रबंधन संबंध में विस्तार से चर्चा कर कहा गया कि इस संबंध में उपयुक्त नीति बनाई जाये ताकि शहर की यातायात व्यवस्था समुचित रूप से संचालित हो सके। बैठक में जबलपुर से मंडला मार्ग में चलने वाली बसों के संबंध में भी चर्चा की गई और कहा गया कि इसमें संयुक्त टीम जांच कर उचित रूट निर्धारित करे, ताकि शहर में जाम की स्थिति न बने। भारी वाहनों की शहर में नो-एंट्री के संबंध में भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके साथ ही कहा गया कि अंधमूक चौराहे पर निरंतर हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाया जाये। खनिज से जुड़े वाहनों को चेक करें और आवश्यक कार्यवाही करें।

### मिलर्स धान की मिलिंग की गति बढ़ायें

कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में राईस मिलर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने कहा कि सभी मिलर्स धान की मिलिंग की गति बढ़ायें। इसके साथ ही उन्होंने मिलर्स की जांच में पाये गये तथ्यों के बारे में भी बताया और कहा कि एक आदर्श व्यवस्था बनाने में मिलर्स कितना सहयोगी हो सकते हैं इस पर अपने-अपने विचार दें। उन्होंने कहा कि व्यवस्था को सुधारने के संबंध में सभी मिलर्स आपस में चर्चा कर सुव्यवस्थित व ठोस कार्ययोजना दें, ताकि उस पर विचार करते हुए धान मिलिंग की व्यवस्था को और सुदृढ किया जा सके।

## सेवा का शुभारंभ

## उच्च दाब उपभोक्ताओं के लिए त्वरित समाधान

**जबलपुर**। विद्युत वितरण कंपनी ने 10 किलोवाट या उससे अधिक स्वीकृत भार वाले उपभोक्ताओं (हाई वैल्यू कंज्यूमर) की समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु 1912 - Quick Desk Helpline की स्थापना की है। पिछले कुछ समय से उच्चदाब, औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति, बिलिंग और अन्य सेवाओं में विलंब की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। यह श्रेणी कंपनी की प्रमुख राजस्व स्त्रोत मानी जाती है, अतः इन उपभोक्ताओं को प्रीमियम सेवाएँ और त्वरित समाधान उपलब्ध कराना अनिवार्य हो गया है। कंपनी ने 1912 पर केंद्रीकृत उपभोक्ता सेवा केंद्र 'निदान' के अंतर्गत सभी उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया है। किन्तु उच्चदाब उपभोक्ताओं को शीघ्र समाधान हेतु विशेष क्विक डेस्क हेल्पलाइन स्थापित की गई है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से उपभोक्ता नई विद्युत कनेक्शन, बिलिंग, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य सेवाओं से संबंधित शिकायतें पंजीकृत करवा सकते हैं। हेल्पलाइन के तहत उपभोक्ता निम्नलिखित सुविधाएँ प्राप्त कर सकेंगे नवीन कनेक्शनः 10 किलोवाट या उससे अधिक भार के लिए स्मार्ट बिजली ऐप पर आवेदन कर हेल्पलाइन पर क्रमांक देकर शीघ्र विद्युत कनेक्शन की सुविधा। विद्युत आपूर्ति की समस्याएँ: जैसे 33/11 केवी फीडर बंद, डीटीआर खराबी, एलटी लाइन फॉल्ट इत्यादि में तुरंत शिकायत दर्ज कर त्वरित समाधान। बिलिंग संबंधी समस्याएँ: बिल प्राप्त न होना, मीटर रीडिंग, गलत बिलिंग आदि में शीघ्र समाधान। अन्य सेवाएँ: मीटर बदलना, नाम परिवर्तन, मोबाइल/ईमेल अपडेट, बिल भुगतान इत्यादि। मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (MPERC) विनियम 2009 के अनुसार इन सेवाओं को समयसीमा में पूरा करना अनिवार्य है। मैदानी स्तर पर कार्यपालन अभियंता / अधीक्षण अभियंता को शिकायतों के त्वरित निस्तारण का अधिकार सौंपा गया है। समस्त शिकायतों का समन्वय महाप्रबंधक (केन्द्रीय बिलिंग प्रकोष्ठ) करेंगे, जो मुख्य महाप्रबंधक (वाणिज्य) को रिपोर्ट करेंगे। विलंब की स्थिति में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



## राजस्व रिकार्ड रूम को देखने पहुंचे पूर्व संभागायुक्त

**जबलपुर**। पूर्व संभागायुक्त प्रभात पराशर नवीनतम राजस्व रिकार्ड रूम को देखने कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर दीपक सक्सेना ने पुराने राजस्व रिकार्ड तथा अपडेटेड राजस्व रिकार्ड का भ्रमण कराया और बताया कि पहले यह राजस्व अभिलेखागार बहुत ही अस्त व्यस्त था, जिसे अपडेट कर आधुनिक रूप में लाने की अति आवश्यकता थी। क्योंकि आम जन को सहजता से वांछित रिकार्ड सुलभता के साथ उपलब्ध हो सके। अपडेटेड राजस्व रिकार्ड रूम में 1909-10 से अभिलेख उपलब्ध हैं, जो अब सहजता से कम्प्यूटर के माध्यम से उपलब्ध हो सकेंगे। अपडेटेड राजस्व रिकार्ड रूम को देखकर श्री पराशर ने इसकी सराहना भी की

### शपथ ग्रहण समारोह में बोले नव नियुक्त जस्टिस दीपक खोत

# स्वतंत्र न्यायपालिका वही, जिसमें विधायिका-कार्यपालिका हस्तक्षेप न करें

## जस्टिस अमित सेठ व पवन द्विवेदी ने युवाओं को दिया संदेश

जबलपुर।

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के नव नियुक्त जस्टिसदीपक खोत ने कहा कि स्वतंत्र न्यायपालिका वहीं होती है, जिसमें विधायिका व कार्यपालिका अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। स्वतंत्र न्यायपालिका किसी से प्रभावित हुए बिना कार्य में विश्वास रखती है। वे हाई कोर्ट के कोर्ट रूम नंबर एक में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान कार्यवाहक चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा सहित अन्य न्यायाधीश मंचासीन रहे।

नव नियुक्त जस्टिस अमित सेठ ने कहा कि मुझे दो दायित्व सौंपा गया है, उसकी



कसौटी पर खरा उतरने कोई कोर-कसर शेष नहीं रखूंगा। युवा अधिवक्ताओं के लिए मेरा यही संदेश है कि खूब मन लगाकर कार्य करें। इससे निश्चित रूप से प्रगति होती है।

वहीं नव नियुक्त जस्टिस पवन द्विवेदी ने कहा कि युवाओं को साहस के साथ सत्य के प्रति आग्रही होना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि अंततः विजय सत्य ही होती है। इसीलिए हमने सत्यमेव जयते के ध्येय वाक्य को अंगीकार किया है।

### इस तरह हुआ आयोजन

सर्वप्रथम रजिस्ट्रार जनरल धरमिंदर सिंह ने तीनों नव नियुक्त न्यायाधीशों दीपक खोत, अमित सेठ व पवन द्विवेदी के नियुक्ति-पत्र का वाचन किया। इसी के साथ कार्यवाहक सीजे संजीव सचदेवा ने तीनों को शपथ दिलाई।

इन्होंने रेखांकित किया व्यक्तित्व-कृतित्व :महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, डिप्टी सालिसिटर जनरल पुष्पेंद्र यादव, स्टेट बार काउंसिल के को-चेयरमैन मनीष तिवारी, हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, जबलपुर के अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल व सीनियर एडवोकेट काउंसिल के वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य अधिकारी ने तीनों नव नियुक्त न्यायाधीशों को व्यक्तित्व-कृतित्व रेखांकित किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि जबलपुर व ग्वालियर के प्रतिभाशाली युवा अधिवक्ताओं को न्यायदान का सुअवसर मिलना गौरव की बात है।

# शहीद स्मारक मैदान में कांग्रेस की जय हिंद सभा आज

**सुरक्षा व्यवस्था के चाक चौबंद प्रबंध**

**जबलपुर**। जबलपुर आज कांग्रेस की ऐतिहासिक सभा का गवाह बनने जा रहा है। शहीद स्मारक मैदान में आयोजित होने जा रही "जय हिंद सभा" को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है. आज सुबह कांग्रेस नेता यहां प्रदेश एवं केन्द्र सरकार के खिलाफ हुंकार भरेंगे. सभा को लेकर वीवीआईपी मूवमेंट को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। कार्यक्रम स्थल और उसके आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। इस मेगा इवेंट में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा मंच साझा करेंगे और कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।



### मौसम बना चिंता का विषय, वाटरप्रूफ डोम तैयार

मौसम विभाग की ओर से बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे आयोजकों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि संभावित बारिश से सभा को प्रभावित होने से बचाने के लिए आयोजन स्थल पर विशाल वाटरप्रूफ डोम लगाया गया है। आयोजकों का कहना है कि किसी भी परिस्थिति में सभा निर्विघ्न रूप से आयोजित की जाएगी।

### प्रशासन सतर्क, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

वीवीआईपी नेताओं की उपस्थिति को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के सख्त प्रबंध किए हैं। सभा स्थल के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, ट्रैफिक कंट्रोल के लिए वैकल्पिक मार्गों और पार्किंग व्यवस्था बनाई गई है। सुरक्षा एजेंसियां नाका बिंदुओं पर विशेष निगरानी रख रही हैं, ताकि कोई भी अवांछित तत्व कार्यक्रम में बाधा न पहुंचा सके।

## मुरम खदानों की जांच तकनीकी दल द्वारा कराया जाये: कलेक्टर

**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में टास्कफोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से जिले में संचालित समस्त मुरम खदानों की जांच एसडीएम की अध्यक्षता में तकनीकी दल द्वारा कराये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही कहा कि भविष्य में मुरम खदान की तकनीकी जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत ही कार्यवाही की जायेगी। उप संचालक खनिज रत्नेश दीक्षित ने बताया कि जिले में वर्तमान समय में संचालित मुरम खदानों के खनिज नमूना प्राप्त किये जा रहे हैं, जिनकी रासायनिक रिपोर्ट आने के बाद इन प्रकरणों की कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रेत भंडारण की संयुक्त जांच की जा रही है और जहां रेत भंडारण है उनकी भी की जा रही है। वन क्षेत्रों में भी खनन संबंधित शिकायतों पर राजस्व, पुलिस, वन व खनिज अधिकारियों द्वारा जांच की जायेगी। बैठक में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, डीएफओ ऋषि मिश्र, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड, उप संचालक खनिज रत्नेश दीक्षित सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।



## भाजपा राष्ट्रीय महासचिव ने आचार्य श्री का लिया आशीर्वाद

**जबलपुर**। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रभारी आदरणीय श्री तरुण चुग जी के जबलपुर आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर के साथ पार्टी जनों ने डुमना विमानतल पर उनका आत्मीय स्वागत किया। अल्प प्रवास पर जबलपुर पहुंचे श्री तरुण चुग जी ने जैन मंदिर पहुँचकर परम पूज्य आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री शरद जैन, जिला महामंत्री रजनीश यादव, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, युवा मोर्चा अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, चक्रेश नायक मनीष जैन, प्रवीण जैन आदि उपस्थित थे।

## ऑनलाइन गैम्बलिंग पर अंकुश लगाने के कानून नहीं

### -जनहित याचिका में आरोप, राज्य सरकार व अन्य को नोटिस

**जबलपुर**। मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर कहा गया कि ऑनलाइन गेम्बलिंग में आर्थिक प्रलोभन से युवा उनकी चपेट में आकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। राज्य सरकार ने ऑनलाइन गैम्बलिंग पर अंकुश लगाने के कानून का ड्राफ्ट तैयार नहीं किया है। मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने विधि एवं विधायी कार्यविभाग के प्रमुख सचिव और गृह विभाग के प्रमुख सचिव को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।जबलपुर निवासी अधिवक्ता राजेन्द्र गुप्ता ने याचिका दायर कर कहा कि सोशल मीडिया में झूठे और मनगढ़ंत विज्ञापन देकर ऑनलाइन जुआ के जरिए कम समय में बहुत अधिक कमाई करने का प्रलोभन देते हैं। इसके जाल में फंस कर युवा अपना पैसा और अपना भविष्य दोनों बर्बाद कर रहे हैं। युवा अपने माता-पिता के परिश्रम का पैसा खर्च कर रहे हैं और इस जुए के कारण वे कर्ज के दलदल में फंसते जा रहे हैं। जब वे कर्ज से बाहर नहीं निकल पाते हैं तो कई मामलों में उनकी जान भी चली जाती है। याचिका में मांग की गई कि राज्य सरकार इस पर अंकुश लगाने जरूरी व सख्त कानून बनाए।

### कोताही बरतने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर की जायेगी कठोर कार्रवाई

# निगमायुक्त ने की जलप्लावन समस्या और कचरा संग्रहण व्यवस्था की समीक्षा

जबलपुर।

मानस भवन के छोटा हाल में निगमायुक्त प्रीति यादव ने वर्षाऋतु के समय होने वाली जलप्लावन की समस्याओं एवं घर–घर से होने वाले कचरा संग्रहण व्यवस्था के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने कहा कि सभी संभागों के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक एवं स्वास्थ्य निरीक्षक अपने–अपने संभाग के कार्यो की रूपरेखा के साथ उपस्थित रहें। बैठक में अपर आयुक्त स्वास्थ्य



व्ही एन बाजपेई, उपायुक्त स्वास्थ्य संभव अयाची, कार्यपालन यंत्री कर्मशाला जी एस मरावी, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जयसवाल, सहायक नोडल अधिकारी एस बी एम अभिनव मिश्रा के साथ–साथ स्वास्थ्य अमला भी उपस्थित रहा। बैठक मे निगमायुक्त प्रीति यादव ने आगामी बरसात के समय होने वाली जलप्लावन की समस्या से निपटने के लिए अलग–अलग संभाग के द्वारा बनाई गई कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए, सभी को कठोर निर्देश देते हुए कहा कि आगामी बरसात मे कंही भी किसी भी तरह की जलप्लावन की समस्या न हो इस बात का सभी ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि कार्यो में कोताही बरतने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जायेगी।




## महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेकर मातृभूमि की रक्षा का लें संकल्प

**जबलपुर**। महापराक्रमी योद्धा महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर समरसता सेवा संगठन द्वारा चिंतक विचारक वरिष्ठ पत्रकार पवन पांडे के मुख्य आतिथ्य, आचार्य पं. रोहित दुबे, शिक्षाविद श्रीमती वर्षा उसरेठे, सुदर्शन समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सुदर्शन के विशिष्ठ आतिथ्य, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन एवं सचिव उज्जवल पचौरी की उपस्थिति में विचार गोष्ठी एवं पौधारोपण का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला ग्वारीघाट में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्जवलन, श्रीराम महामंत्र के नामजप के साथ हुआ। संगोष्ठी के पश्चात सभी ने मिलकर अग्रवाल धर्मशाला के सामने स्थित नर्मदा उद्यान में बरगद के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर योगेंद्र राजपूत, एड. जीपी सिंह, जगदीश चोहटेल, कुंवर सिंह राजपूत, महेश स्थापक, दिवाकर शर्मा, अशोक सोधिया, हरिराम बिरहा, अजय राजपूत, विवेक जैन, जीतू कटारे, सुरेश विश्वकर्मा, श्याम मनोहर पटेल, नत्थूलाल सोधिया, यदुवंश मिश्रा, आशीष कालवे, संतोष झारिया, संस्कार जैन, राहुल दुबे, राज भटनागर, अभिषेक तिवारी, विनीत यादव, निमिष नेमा, सुरेंद्र शर्मा, रामचंद्र राव, राहुल दुबे के साथ सामाजिक जन उपस्थित थे।

### हाई कोर्ट ने टिप्पणी के साथ निरस्त किया जमानत आवेदन

# देश में करना चाहता था मुगल व्यवस्था की स्थापना

हरिभूमि जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल व न्यायमूर्ति देवनारायण मिश्रा की युगलपीठ ने अपनी टिप्पणी में कहा कि आरोपित के कब्जे से बेहद आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है, जिससे पता चलता है कि वह समाज में सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने का प्रयास कर रहा था और उसकी मंशा देश में मुगल व्यवस्था की स्थापना करने की थी। लिहाजा, अनलाफुल एक्टिविटी (प्रिवेंशन) एक्ट में एनआईए के द्वारा गिरफ्तार आरोपित की जमानत अर्जी निरस्त की जाती है।



दरअसल, राजधानी भोपाल निवासी वासीद खान के विरुद्ध एनआइए ने अपराध दर्ज किया था। विशेष न्यायाधीश एनआइए, भोपाल द्वारा आठ फरवरी, 2025 को उसका नियमित जमानत का आवेदन निरस्त कर दिया था। जिसके विरुद्ध हाई कोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन अपील दायर की गई थी।

#### आरोपित ने कहा कि वह नामांकित अधिवक्ता है

अपीलकर्ता की ओर से कहा गया कि वह नामांकित अधिवक्ता है और मानवाधिकार संगठन के साथ स्वयंसेवक के रूप में काम करता है। समय-समय पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है। उसने ऐसा कोई कार्य नहीं किया है जो गैरकानूनी गतिविधियों की परिभाषा के अंतर्गत आता है। जब आपत्तिजनक साहित्य की बरामदगी हुई, वह जेल में बंद था। इसलिए जब्ती स्थल पर नहीं था। ऐसे में उसे ठोस साक्ष्य नहीं माना जा सकता।

#### कोर्ट ने कहा

हाई कोर्ट की युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि अनलाफुल एक्टिविटी (प्रिवेंशन) एक्ट है, एक भारतीय कानून है जिसका उद्देश्य गैरकानूनी गतिविधियों, विशेष रूप से आतंकवादी गतिविधियों को रोकना है। यह कानून भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता के विरुद्ध निर्देशित गतिविधियों से निपटने के लिए शक्तियों प्रदान करता है।

## थैलेसीमिया, सिकिलसेल व बीमारियों से पीड़ितों के लिए किया रक्तदान

**जबलपुर।** गुरु अर्जन देव की शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन वेस्ट लैंड खमरिया रांझी में गया। यह आयोजन गुरु सिंघ सभा वेस्ट लैंड के सेवादार, दिशा वेलफेयर सोसायटी एवं समिति व थैलेसीमिया जन जागरण समिति मप्र के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। जिसमें एक दर्जन से अधिक रक्तदाताओं ने आगे आकर रक्तदान किया और पीड़ितों का जीवन बचाने के लिए रक्तदान कर जन मानस को जागरूक किया। रक्तदान शिविर के दौरान एल्गिन अस्पताल के ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रहण करने का कार्य किया गया। इस मौके पर तमाम रक्तदाताओं ने थैलेसीमिया, सिकिलसेल व अस्पताल में विभिन्न बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए आगे आकर रक्तदान करने की अपील की। इस मौके पर गुरू सिंघ सभा से जोगा सिंह, जोगिंदर सिंह नारंग, बिट्टू साहनी, अमरजीत सिंह संघा, पिंकी बिंद्रा, आर पी रावत, अवतार सिंह, मनजीत सिंह, बबलू लांबा व सरबजीत सिंह नारंग, विकास शुक्ला, अजय घोष, मोहित दुबे, विकास खण्डेलवाल, इलूविन्दर सिंह, राहुल तिवारी, हरदीप सिंह, जगदेव, डॉ ऋ षि सागर आदि का विशेष योगदान रहा।

### सेवानिवृत्ति

## मंडल के 32 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर विदाई



**जबलपुर।** जबलपुर मंडल, पश्चिम मध्य रेल में इस माह कुल 32 रेलकर्मी सेवानिवृत हो रहे हैं, इस हेतु मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर में शुक्रवार को सामान्य सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डीआरएम कमल कुमार तलरेजा द्वारा रेल सेवा से इस माह सेवानिवृत हो रहे समस्त रेल कर्मियों को सेवानिवृत्ति से संबंधित दस्तावेज तथा गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल देकर विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों में मती रंजना गुप्ता सहायक नर्सिंग अधिकारी जबलपुर, कर्मचारियों में सर्व सजी टी.एम., रवींद्र प्रसाद सिंह, बालकिशन शर्मा, जीत लाल आदि प्रमुख थे। सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों का भुगतान एन.ई.एफ.टी के माध्यम से किया गया। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में कमल कुमार तलरेजा के साथ ही वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा एवं सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) नंदन के साथ ही कार्मिक एवं लेखा विभाग के सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

## रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर यूसुफ़ ख़ान सेवानिवृत्त



**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर में पदस्थत सीनियर सेक्शन इंजीनियर मुहम्मद यूसुफ़ खान 36 वर्षों की सेवा के पश्चात शुक्रवार 30 मई को रिटायर्ड हो गए हैं। इस अवसर पर रेलवे अधिकारियों- कर्मचारियों ने उनका स्वागत कर बिदाई दी। उनके सम्मान में 31 मई को रात 8 बजे कार्यक्रम आयोजित है। जिसमें रेलवे के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ ही कई गणमान्य नागरिकों द्वारा इंजीनियर यूसुफ खान को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं और बेदाग छबि के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## पावर मैनेजमेंट कंपनी के 3 कार्मिक सेवानिवृत्त



**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य वित्तीय अधिकारी कार्यालय में उप निदेशक के पद पर कार्यरत पीएन दावने 37 वर्षों की सेवा के उपरांत शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। पावर मैनेजमेंट कंपनी के व्हीकल सेक्शन में कार्यरत बीजू डेनियल व गणेश प्रसाद कहार 39.39 वर्षों की सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त हो गए।

### देवी अहिल्या जयंती पर भाषण प्रतियोगिता

**जबलपुर।** लोकमाता देवी अहिल्या बाई जी की 300 वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रमो के अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर के नेतृत्व एवं केंट विधायक अशोक रोहाणी के मुख्य आतिथ्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया भाषण प्रतियोगिता में लगभग 280 महिलाएं एवं 200 पुरुष की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 भी जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 10 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत यह भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई है साथ ही 10 दिवस में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन चरित्र एवं उनकी गौरव गाथा का वर्णन करते हैं ताकि जनसामान्य उनके गौरवपूर्ण जीवन, अपनी संस्कृति के प्रति, अपने देश के प्रति, अपनी धार्मिकता एवं सामाजिककार्यों के उनके योगदान से परिचित हो सके। देवी अहिल्याबाई ने मालवा में राज किया परंतु उन्होंने सम्पूर्ण भारत में मठ मंदिरों की स्थापना की एवं अनेक सामाजिक कार्य किए।

### जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन

## शौर्य स्वाभिमान साहस के प्रतीक थे महाराणा प्रताप



**सिहोरा।** श्रीमहावीर स्वामी समाज कल्याण एवं विकास समिति सिहोरा के तत्वावधान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई। समारोह का शुभारंभ उनके चित्र पर समिति के पदाधिकारीयों द्वारा किए गये माल्यार्पण से हुआ। समिति के अध्यक्ष रूप सिंह ने कहा महाराणा प्रताप को उनके शौर्य,स्वाभिमान और साहस के प्रतीक के रूप में चिर काल तक याद किया जावेगा। आगे कहा उन्होंने आगे कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने बोट बैंक को साधने के लिए अकबर के नाम से तो अनेक सड़कें के नाम किए लेकिन प्रताप जी के नाम पर कुछ ही मार्गों का नाम किया। सरकार को इस पर भी विचार करना चाहिए। समिति सचिव गोपाल सिंह ने कहा महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़ में हुआ था तथा वे महाराणा उदय सिंह द्वितीय के सबसे बड़े पुत्र थे प्रताप जी को मुगल सम्राट अकबर के खिलाफ उनकी बहादुरी,देशभक्ति और प्रतिरोध के लिए जाना जाता है। 1576 में हल्दीघाटी के युद्ध ने उनके साहस और दृढ़ संकल्प को दर्शाया। उनके जीवन से जुड़ी अनेक घटनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की परिस्थितियों में नागरिकों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।कार्यक्रम को सफल बनाने में विरेन्द्र सिंह,रामजी ठाकुर,प्रकाश सिंह आदि का योगदान रहा।

## त्याग समर्पण दान की प्रतिमूर्ति थे भगवत प्रसाद गुरु



**पाटन।** पाटन विधानसभा क्षेत्र सर्वाधिक लोकप्रिय जननेता पूर्व विधायक पंडित भगवत प्रसाद गुरु इस संसार से अलविदा हो गए। त्याग समर्पण दान और अपनी दयालुता धर्मनिष्ठ समाजसेवी के रूप में आपकी विशिष्ट पहचान रही। अपने जीवन में हमेशा आगे बढ़कर लोगों के पैरोकार के लिये काम किया। श्री 1008 भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी की विशेष कृपा उनके ऊपर हमेशा बनी रही, एक कुशल और अच्छे राजनेता के रूप में कांग्रेस पार्टी में जन सेवा के रूप में आप आप आगे बढ़कर सेवा करते रहे। उनकी कर्तव्य निष्ठा और लोगों के प्रति उदार भाव हमेशा रहा, गरीब परिवार के रूप लिए हमेशा तत्पर रहने वाले स्वर्गीय गुरुजी लोगों के दिलों पर हमेशा राज करते रहे। देश प्रदेश एवं संस्कारधानी में आपकी विशिष्ट पहचान एक अच्छे कुशल राजनेता के रूप में जानी पहचानी छवि रही।



## गायत्री परिवार की बैठक आयोजित

**सिहोरा।** गायत्री शक्तिपीठ से पधारे नरेश तिवारी अनंत सिंह, भैयाजी पटेल की उपस्थिति में आगामी दिसम्बर माह में ग्वारीघाट में आयोजित होने वाले 251 कुंडीय विशाल गायत्री यज्ञ की सफलता एवं तैयारी हेतु बैठक काल भैरव चौक में आयोजित की गई जिसमें यज्ञ से संबंधित अनेक विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर गायत्री परिवार सिहोरा के अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### खितौला रेलवे फाटक के पास का मामला

## खुले में मांस मछली का व्यवसाय कर रहे लोगों को बंद परिसर में स्थानांतरित किया



**सिहोरा।** मध्य प्रदेश के उर्जावान मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार खुले में मांस मछली बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध करने के उद्देश्य को पूरा करते हुए सिहोरा नगर पालिका एंव राजस्व प्रशासन द्वारा खितौला रेलवे फाटक के पास खुले में मांस-मछली बेच रहे विक्रेताओं के अतिक्रमण को हटाया गया। ज्ञात हो कि विगत दिनों भारतीय जनता युवा मोर्चा सहित स्थानीय जन द्वारा शहर में खुले में बिक रही मांस-मछली पर रोक लगाने के लिए ज्ञापन दिया गया था। इसके बाद तहसीलदार शशांक दुबे के नेतृत्व में राजस्व एवं नगर पालिका सिहोरा की संयुक्त टीम ने पूर्व सूचना देकर शुक्रवार को अवैध रुप से अतिक्रमण कर मांस मछली बेचने वालों को समझाइश देकर शासकीय रोड की भूमि से हटाया एवं नगर पालिका द्वारा की गई वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर बिरहा कूआं के बाजू से रिक्त पड़ी भूमि पर टीनशेड बनाकर एवं चारों ओर से फेंसिंग कर बंद परिसर में अपना व्यवसाय करने के लिए स्थानांतरित किया गया। तथा चेतावनी दी की इस परिसर के अलावा कहीं और मांस मछली का खुले में विक्रय न करें एंव नियमानुसार कचरा प्रबंधन ध्यान रखें। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिहोरा शैलेन्द्र ओझा, राजस्व निरीक्षक नीरज पाटकार, हल्का पटवारी शुभम निरंजन, नगर पालिका कर्मचारी सुशील वर्मा,मनोज खम्परिया,संतोष बैगा,मोनू उपाध्याय सहित खितौला पुलिस थान का पुलिस बल उपस्थित रहा।

## शरद अग्रवाल ने स्वच्छता अभियान किया



**जबलपुर।** लोकमाता रानी अहिल्या देवी होलकर जी की 300 वीं जन्मजयंती के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक श्री शरद अग्रवाल के नेतृत्व में जबलपुर केन्ट विधानसभा वीर सावरकर मंडल के अंतर्गत दीवान आधार सिंह वार्ड में अति प्राचीन पचमठा मंदिर प्रांगण में स्वच्छता सफाई अभियान किया गया । इस अभियान में मंडल अध्यक्ष गुड्डा केवट , पूर्व पार्षद प्रदीप यादव , प्रसन्न उपाध्याय, आकाश रजक मंडल के पदाधिकारी सहित पार्टीजन क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## इसरार अहमद हज लिए रवाना



**जबलपुर।** हाजी मुमताज़ अहमद के पुत्र इसरार अहमद, 'इस्सू भाई' हज के पवित्र अर्कान अदा करने के लिए मक्का व मदीना शरीफ़ के लिए रवाना हुए। हाजी मक़बूल रिजवी ने बताया कि एयरपोर्ट पर हाजी हाफ़िज़ वकील अहमद, मुबीन अहमद, हाजी महफ़ूज़ अहमद, अयाज़ अहमद, शहज़ाद अहमद, पिंकी भाई, इर्शाद अहमद, मशहूद अहमद रज़वी, मौनिश रज़ा, मुशाहिद रज़ा और अन्य कई गणमान्यो ने उनके हज के सफ़र के लिए और व उनकी सलामती की दुआ की उनके परिजनों और दोस्तों ने उन्हें फूलमालाएं पहनाईं और गले लगाकर विदा किया।

## चलाने के लिए मांगी बाईक हड़प कर बेच खाया दोस्त

**जबलपुर।** एक युवक ने अपने दोस्त से चलाने के लिए बाईक मांगी और फिर उसे लौटाई नहीं और न ही यह बता रहा है कि बाईक कहा है। लिहाजा रांझी पुलिस ने पीड़ित युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज कर लिया है। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जेपी मेमोरियल के पास रांझी निवासी 41 वर्षीय गोलू यादव से गत 4 मई को मड़ई कलारी के पास निवासी सुधीर ने चलाने के लिए गोलू की बाईक क्रमांक एमपी 20 एनएल 2996 लेकर गया था जो आज दिनांक तक वापस नहीं किया। कई बार अपनी बाईक वापस मांगने के बाद भी उसने न तो बाईक को दी और न ही बता रहा है कि बाईक कहां है? सम्भवतः उसकी मोटर सायकिल अमानत मे ख्यानत कर किसी गाहक को बेच दिया है या खुर्दबुर्द कर दिया है। रिपोर्ट पर धारा 316 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### मुस्लिम विकास परिषद का आयोजन

## मेधावी छात्र-छात्रा के अभिभावकों व शिक्षकों को किया गया सम्मानित




**जबलपुर।** शहर के ऐसे मेधावी छात्र-छात्रा जिन्होंने बगैर कोई संसाधन के 10वीं व 12वीं कक्षा में सर्वोच्च अंक लाकर शहर को गौरवांन्वित किया है, ऐसे मेधावी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों व शि क्ष कों उत्साहवर्धन व धन्यवाद हेतु म.प्र. मुस्लिम विकास परिषद की जबलपुर ईकाई ने एक कार्यक्रम शुक्रवार को अधारताल स्थित स्प्रिंग डे स्कूल में आयोजित कर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम में मुविप के जिलाध्यक्ष डॉ. मुईन अंसारी, पत्रकार अशफाक आरिफ, समाजसेवी इस्लाम अली, मेहताब अली ने सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्र-छात्रा के अभिभावक रामदास यादव, दिनेश उपाध्याय, गुलाम कादिर, अशरफ अली, मशकूर अहमद, मुख्तार अंसारी, सलीम खान तथा शिक्षक नीलम शर्मा, अनिल शर्मा, सुनील शर्मा, सूरज वर्मा, मोनिश अंसारी, अहमद रजा का स्मृति चिन्ह देकर व मिठाई खिलाकर सम्मानित कर धन्यवाद किया गया। इस अनोखे कार्यक्रम के लिये पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान ने परिषद को धन्यवाद ज्ञापित किया। पर म.प्र. मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेशाध्यक्ष एड.मो. माहिर खान भोपाल के संदेश का वाचन किया गया कि मेधावी छात्र-छात्राओ को भविष्य में अध्ययन हेतु परिषद पूर्ण सहयोग करेगी। इस अवसर फैजान कुरैशी, इरफान कुरैशी, गुलाम साबरी, जावेद मिर्जा, तारिक कुरैशी, शाहिद कुरैशी, मो.अशरफ, मुज्जफर कुरैशी आदि की उपस्थति उल्लेखनीय रही।

### जुआ, सट्टा, शराब के अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ ही चोरी, नकबजनी, एवं मारपीट तथा वारंटियों को भी गिरफ्तार कर लिया हैं। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 19 आरोपियों के विरूद्ध धारा 129 बी.एन.एस.एस. (110 जा.फौ.) के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 18 व्यक्तियों के विरूद्ध 126/135 (3) बी.एन.एस.एस (107/116 जा.फौ.) के तहत, एवं 13 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170 बी.एन.एस.एस (151 जा.फौ.) के तहत की गयी है, इसी प्रकार पिछले कई वर्षो से फरार 9 गैरम्यादी, 26 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है तथा 17 व्यक्तियों के विरूद्ध 34 आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 109 पाव देशी/अंग्रेजी एवं 38 लीटर कच्ची शराब, जप्त की गयी तथा 5 व्यक्तियो विरूद्ध 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 1 बका, 4 चाकू जप्त किये गये।




**श्रीमती निर्मला सेठी-** टैगोर नगर बादशाह हलवाई मंदिर मोड़ के पास निवासी श्री बीपी सेठी की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला सेठी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरिओम खटीक-** खेरमाई वार्ड निवासी श्री हरिओम खटीक (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री तेज नारायण विश्वकर्मा-** रानीताल कर्बला रोड निवासी श्री तेज नारायण विश्वकर्मा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुनीता चौरसिया-** शीतलामाई वार्ड निवासी श्री विष्णु चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता चौरसिया (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री तेज बहादुर खरे-** कांचघर समदड़िया कॉलोनी निवासी श्री तेज बहादुर खड़े (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आनंद मेहतो-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री आनंद मेहतो (62) का निधन हो गया है। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामा बाई मेहतो-** सैनी कॉलोनी बिलपुरा व्हीकल निवासी श्री लल्ला प्रसाद मेहतो की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई मेहतो (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने दिए केले की फसल के नुकसान के आंकलन के निर्देश



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुरहानपुर जिले में आंधी-तूफान और तेज बारिश के कारण केले की फसल की क्षति को लेकर किसान चिंतित न हों, राज्य सरकार किसानों के साथ है। इस संबंध में जिला प्रशासन को तुरंत प्रभावित गांवों में केले की फसल का सर्वे कर नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए गए हैं। मप्र में केला उत्पादन की दृष्टि से बुरहानपुर महत्वपूर्ण जिला है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर किसानों को क्षति पूर्ति स्वरूप सहायता राशि दी जाएगी। प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान में राज्य सरकार सदैव अन्नदाताओं के साथ है।

### आलोक बने भोपाल संभाग अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष का अति. प्रभार



**भोपाल।** श्रमजीवी पत्रकार संघ के मुख्य कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दीपक जैन ने पत्रकार आलोक गर्ग को भोपाल संभाग अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। साथ भोपाल जिला अध्यक्ष का प्रभार भी आलोक गर्ग को दिया गया है। गर्ग का पत्रकारिता के दीर्घ अनुभव को देखते श्रमजीवी पत्रकार संघ को इसका लाभ मिलेगा। यह जानकारी प्रदेश संगठन मीडिया प्रभारी नरेंद्र सिंह राठौर ने दी।

### डीएलएड प्रवेश: मेरिट लिस्ट 6 जून को आवंटन 7 से 10 के बीच

**भोपाल।** प्रदेश के सभी शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) एवं अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में एडमिशन के लिए आवेदन शुरू हो चुके हैं। योग्य अभ्यर्थी एमपी ऑनलाइन के माध्यम से प्रवेश के लिए पंजीयन कर सकते हैं। प्रथम चरण के प्रवेश पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जून निर्धारित की गई है। आरक्षण नियमों के अनुसार मेरिट सूची 6 जून को तथा योग्य अभ्यर्थियों को संस्थानों में प्रवेश आवंटन 7 जून से 10 जून तक जारी किए जाएंगे। चयनित 11 से 16 जून तक आंवटित संस्थानों में प्रवेश ले सकेंगे।

### पुलिस को बीमारियों से बचाने स्वास्थ्यवर्धक प्रोग्राम चलाने पर जोर

**भोपाल।** प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात पुलिसकर्मी गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। प्रदेश भर में हर साल विभिन्न बीमारियों से करीब 400 पुलिसकर्मियों की मौत हो रही है। इसमें लगभग 15 फीसदी पुलिसकर्मियों का निधन हर्ट अटैक के कारण हो रहा है। इस तरह की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मुख्यालय की वेलफेयर शाखा ने प्रदेश भर में पुलिसकर्मियों को स्वास्थ को लेकर योग, मेडिटेशन और पीटी जेसे स्वास्थवर्धक प्रोग्राम चलाने पर जोर दिया है। प्रोग्राम में पुलिसकर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित कराने को कहा गया है।








### क्षिप्रा नदी पर 778 करोड़ के घाट निर्माण कार्यों, इंदौर मेट्रो, दतिया-सतना एयरपोर्ट का होगा वर्चुअल शुभारंभ

# आज प्रधानमंत्री मोदी मध्यप्रदेश को देंगे मेट्रो, एयरपोर्ट समेत कई सौगातें

**483 करोड़ रुपए से बने 1271 नवीन अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) की पहली किस्त का होगा अंतरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के लिए 31 मई का दिन एक ऐतिहासिक होगा। इस दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भोपाल के जम्बूरी मैदान में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में प्रधानमंत्री मोदी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 483 करोड़ रुपए से बने 1271 नवीन अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) की पहली किश्त का अंतरण भी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस महासम्मेलन में लोकमाता देवी अहिल्याबाई को समर्पित डाक टिकट और स्मृति सिक्का जारी करेंगे।

इसके साथ ही आदिवासी, लोक एवं पारंपरिक कलाओं में उल्लेखनीय योगदान देने वाली कलाकर को राष्ट्रीय देवी अहिल्याबाई पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर देवी अहिल्याबाई के सुशासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के साथ राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इन सभी आयोजनों में उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में प्रदेश की लगभग 2 लाख नारी शक्ति की सहभागिता होगी।

### लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन का करेंगे शुभारंभ



#### इंदौर मेट्रो का करेंगे उद्घाटन

प्रधानमंत्री मोदी भोपाल से वर्चुअली इंदौर मेट्रो के सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का शुभारंभ करेंगे। यह 6 किमी लंबा कॉरिडोर मेट्रो यलो लाइन का हिस्सा है, जिसमें 5 स्टेशन शामिल हैं। यह देश के स्वच्छतम शहर इंदौर को एक आधुनिक, प्रदूषण-मुक्त और तेज यातायात सुविधा से सुसज्जित करेगा।

#### दतिया और सतना एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी दतिया एवं सतना में नवनिर्मित एयरपोर्ट्स का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। दतिया एयरपोर्ट 60 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया गया है और यह धार्मिक नगरी को देशभर से बेहतर रूप से जोड़ेगा। सतना एयरपोर्ट, 37 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया गया है। यह एयरपोर्ट विन्ध्य क्षेत्र के पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग क्षेत्र को नई उड़ान देगा।

### महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को सब मिलकर बनाएं सार्थक: मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 31 मई को भोपाल के जम्बूरी मैदान में हो रहे महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को ऐतिहासिक और यादगार बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 11 बजे लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के 300वां जन्म जयंती वर्ष को मनाने के लिए हमारे बीच पधार रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व और हर्ष का विषय है। डॉ. यादव ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई का जीवन नारी सम्मान, नारी उत्थान और उनके जीवन में बदलाव लाने के लिए समर्पित था। महिलाओं को रोजगार से जोड़कर स्वावलंबन की दिशा में उन्होंने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि उनकी जन्म जयंती पर आयोजित इस महिला सम्मेलन को सभी मिलकर सार्थक बनाएं।

#### देश की सेना ने शौर्य का रिकॉर्ड बनाया: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का समय हम सबको याद है जब हमारी बहनों के सिंदूर को उजाड़ने का दुस्साहस किया गया, जिसका राष्ट्र ने करारा जवाब दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व से हमारी सेना ने शौर्य का रिकॉर्ड बनाया है। सेना के जवानों द्वारा इस देश के शासन तंत्र के आधार पर लोकतंत्र की यह सबसे बड़ी विजय है।

#### लोकमाता ने देवस्थानों की शोभा बढ़ाई

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई के शासनकाल में हमारे सभी देवस्थान विश्वनाथ बाबा धाम, सोमनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री हो या हमारे प्रदेश का उज्जैन महाकाल, सभी देवस्थानों पर पीने के पानी की प्याऊ, नहाने के लिए नदी के किनारे घाट, अन्न क्षेत्र, कुओं की व्यवस्था और धर्मशालाएं जहां यात्री आराम से अपना समय गुजारे, निर्मित करवाया। लोकमाता देवी अहिल्या ने अपने जीवन व शासन के सूत्र संभाले और उनके माध्यम से अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन किया।*



### पीएम के स्वागत के लिए सजी राजधानी, शर्मा ने लगाए झंडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में शामिल होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल आ रहे है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर शहर में जोर-शोर से तैयारियां चल रही है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद प्रधानमंत्री के भोपाल आने से भाजपा कार्यकतार्ओं के लिए गर्व और उत्साह का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ता भी उनका ऐतिहासिक और भव्य स्वागत करने को लेकर उत्साहित हैं। भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने गुरुवार को प्रधानमंत्री के स्वागत में लालघाटी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के समीप कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के झंडे लगाए। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने त्वरित और सटीक कार्रवाई कर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है।

### परिजनों ने पूर्व प्रेमी पर लगाया आरोप

## नवविवाहिता ने खाया जहर उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

एक नवविवाहिता ने कनेर का जहरीला बीज खाकर आत्महत्या कर ली। उसकी महज 22 दिन पहले ही गौरेला थाना क्षेत्र के सारबहरा से शादी पेंड्रा के सोन बचरवार गांव में हुई थी। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान नवविवाहिता की मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने पूर्व प्रेमी पर ब्लैकमेल एवं प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। गौरेला पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक, गौरेला थाना क्षेत्र के सारबहरा में रहने वाली आरती बंजारे की शादी 22 दिन पूर्व 8 मई को पेंड्रा थाना क्षेत्र के सोन बचरवार गांव के रहने वाले युवक के साथ पूरे रीतिरिवाज के साथ हुई थी। बेटी की शादी करने के बाद लड़की के परिजन काफी खुश थे और उसके बाद आरती को चौथिया लेवाकर मायके लेकर आ गए थे। पांच दिन पूर्व ही आरती अपने



मायके सारबहरा आई थी। जिसके बाद आरती ने अपनी भाभी को बताया कि उसने कनेर का बीज खा लिया है और वह मरने वाली है। उसकी भाभी ने तुरंत घर वालों को इसकी खबर दी और परिजन आनन-फानन में आरती को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे पर उसकी तबीयत बिगड़ती गई और उसकी मौत हो गई। मामले में परिवार के लोगों ने आरती बंजारा के पूर्व प्रेमी पर शक जताया है। उनका कहना है कि पूर्व प्रेमी की प्रताड़ना से आरती ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### अमरैया टोला से बढ़ावानढांढ जा रहा था वाहन, गौरेला थाना क्षेत्र का मामला

## माल वाहक वाहन पलटा, 21 घायल, 6 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गौरेला पेंड्रा मरवाही

गौरेला के अमरैया टोला से छोटा हाथी माल वाहक में सवार होकर बढ़ावानढांढ जा रहा माल वाहक वाहन बीच सड़क में अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना से माल वाहक वाहन में सवार 21 लोग घायल हो गए हैं जिसमें से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है।

सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। एक घायल महिला का हाथ काटने की बात डॉक्टर ने कही है, गंभीर रूप से घायलों को बिलासपुर रेफर करने की तैयारी है। मामला गौरेला थाना क्षेत्र का है। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में सड़क हादसा का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला गौरेला थाना क्षेत्र के अमरेया टोला में देखने को मिला जहां गौरेला अमरकंटक मुख्य मार्ग पर माल वाहक वाहन में सवारी ढो रहा था, वाहन बीच सड़क में अनियंत्रित हो कर पलट गया, वाहन पलटने से चीख पुकार मच गई।



#### ड्राइवर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

*स्थानीय लोगों ने तुरंत मामले की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को ऑटो और निजी वाहनों से जिला अस्पताल भेजा गया, एक साथ 18 घायल पहुंचने से जिला अस्पताल में भी अपना तफरी मच गई। वाहन में दबने से सुनीता बाई नाम की महिला के हाथ में गंभीर चोट आई है जिसे काट कर अलग किया जा सकता है, घायलों में ज्यादातर महिलाएं शामिल हैं 6 की हालत गंभीर है, सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। वहीं पुलिस ने माल वाहक वहां को जब्त कर लिया है एवं पुलिस ड्राइवर को गिरफ्तार कर गौरेला थाने ले आई है।*

### गेवरा खदान से कोयला ले जा रहा था ट्रक

## कोयले से भरे ट्रक में भीषण आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

एसईसीएल गेवरा खदान में फिर एक हादसा हो गया। कोयले से भरे ट्रक में आगजनी की घटना सामने आई है। इस घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और देखते ही देखते कोयले से भरा ट्रक धू धूकर जलता रहा। बताया जा रहा है कि गेवरा खदान से कोयला लेकर जा रहे कोयले से भरे ट्रक में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। यह घटना उस वक्त हुई जब ट्रक कोयला सैंपल चेकिंग के दौरान खड़े लाइन पर खड़ा हुआ था। देर रात अचानक से ट्रक में आग लग गई और देखते ही देखते कोयला लोड ट्रक जलने लगा। बताया जा रहा है कि आसपास कोयले से भरे ट्रक खड़े हुई थे। आग अन्य ट्रकों में भी फैल सकती थी। समय रहते ट्रकों को वहां से हटाया गया। वहीं इसकी सूचना तत्काल दमकल वाहन को दी गई। एसईसीसल की विभागीय दमकल वाहन मौके पर पहुंची और आग पर किसी तरह काबू पाया। लेकिन दमकल वाहन के आने से पहले वाहन का कोयला और काफी हिस्सा जल चुका था।

### ग्राम मदेपारा में आईईडी विस्फोट कर दिया वारदात को अंजाम

## नक्सली हमले में तीन ग्रामीण बुरी तरह घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बस्तर संभाग में पुलिस फोर्स के नक्सल ऑपरेशन के बावजूद नक्सली अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। नक्सलियों के लगाये गये आईईडी विस्फोट की चपेट में आकर तीन ग्रामीण बुरी तरह से घायल हुए हैं।

जिन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल बीजापुर में भर्ती कराया गया है। घटना बीजापुर जिले के मद्देड थाने क्षेत्र के ग्राम बदेपारा की है। बताया जाता है कि नक्सलियों ने ये आईईडी पुलिस जवानों को क्षति पहुंचाने के लिये लगाई थी, लेकिन जवानों की जगह ग्रामीण इसकी जद में आ गये। शुक्रवार की सुबह साढ़े आठ से नौ



बजे के आस-पास बीजापुर जिले के दम्पाया एर्रागुफा पारा के तीन ग्रामीण नेशनल पार्क एरिया से होते हुए बदेपारा काम करने के लिए जा रहे थे। इस दौरान नक्सलियों के लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से घायल हो गए, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल बीजापुर भेजा गया है। प्रेशर आईईडी ब्लास्ट होने से ग्रामीणों के पैर और चेहरे पर चोटें आई हैं। बता दें कि नक्सली बस्तर संभाग के नक्सल एरिया में चारों तरफ आईईटी का जाल बिछा रखे हैं, इसे फोर्स लगातार डिफ्यूज कर रही है। इस क्रम में इस तरह की घटनायें सामने आ रही हैं। लगातार लोग आईईडी विस्फोट के शिकार हो रहे हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी और रेल मंत्री वैष्णव का माना आभार

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, रेलवे मल्टीट्रैकिंग परियोजना की मंजूरी प्रदेश के लिए बड़ी सौगात

**रेल कनेक्टिविटी बढ़ने से होगा अर्थव्यवस्था को लाभ**

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि केंद्र सरकार रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाते हुए प्रदेश में अलग-अलग रेलवे ट्रैक को विस्तार दे रही है। इसी क्रम में आर्थिक मामलों की केंद्रीय मंत्रिमंडलीय समिति ने रतलाम से नागदा के बीच रेलवे मल्टीट्रैकिंग परियोजना को स्वीकृति दी है। यह मध्यप्रदेश के लिए बड़ी सौगात है।

इससे मालवा अंचल में न सिर्फ रेल कनेक्टिविटी बढ़ेगी बल्कि अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। डॉ. यादव ने नई रेल परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार माना। मुख्यमंत्री गुरुवार को रेल परियोजनाओं की स्वीकृति से संबंधित प्रेस वार्ता में पन्ना से वर्चुअली जुड़े।

#### प्रतिवर्ष बचेगा 7.5 करोड़ लीटर डीजल



रेल मंत्री वैष्णव ने बताया कि रतलाम से नागदा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन बिछाने से प्रतिवर्ष 7.5 करोड़ लीटर डीजल की बचत होगी। रतलाम-नागदा मल्टीट्रैकिंग परियोजना से पर्यावरण को भी लाभ पहुंचेगा। इससे 38 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन रोका जा सकेगा। कार्बन उत्सर्जन के लिहाज से देखा जाए तो यह 1.5 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर परियोजना है। वैष्णव ने बताया कि मध्यप्रदेश को जल्द ही तीन नई ट्रेनों की सौगात भी मिलने जा रही है। इनमें पहली ट्रेन रीवा-सतना-जबलपुर-पुणे, दूसरी ट्रेन जबलपुर से रायपुर वाया नैनपुर-गोंदिया और तीसरी ट्रेन ग्वालियर-भोपाल-पुणे-बेंगलुरु शामिल हैं। दो महीने पहले नई दिल्ली से डॉ. आंबेडकर नगर (महू) के लिए नई ट्रेन सेवा शुरू हो चुकी है।

#### सिंहस्थ के लिए विकसित करेंगे रेल सुविधाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रेल मंत्रालय ने प्रदेश में प्रारंभ नई रेल परियोजनाओं से बड़ी संख्या में रेल उपयोगकर्ता लाभान्वित होंगे। विश्व धरोहर स्थल खजुराहो तक रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने और सिंहस्थ-2028 की दृष्टि से छोटे-छोटे अंडरपास तैयार करना आवश्यक हैं। रेल मंत्री वैष्णव ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आश्वस्त करते हुए कहा कि सिंहस्थ के भव्य आयोजन के लिए प्रयागराज की तर्ज पर उज्जैन तक रेल सुविधाओं का विकास कार्य होगा।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका में बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन 2.40 लाख



**वाशिंगटन।** वैश्विक स्तर पर व्याप्त आर्थिक अनिश्चितता के बीच अमेरिका में पिछले सप्ताह बेरोजगारी भत्ते के लिए आवेदन करने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 2.40 लाख पर पहुंच गई। 24 मई को समाप्त सप्ताह में बेरोजगारी भत्ता पाने के लिए आवेदन करने वालों की संख्या 14,000 बढ़कर 2,40,000 पर पहुंच गई।

### आईटीआर-1 और -4 के लिए एक्सेल सुविधा उपलब्ध



**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने शुक्रवार को कहा कि उसने आकलन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के लिए एक्सेल सुविधा उपलब्ध कराई है, जिससे करदाता अपना आयकर रिटर्न दाखिल कर सकेंगे। आयकर विभाग ने एक्स पर लिखा, 2025-26 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-4 के लिए एक्सेल सुविधा करदाताओं के लिए उपलब्ध है।

### पीएसयू कंपनी एसजेवीएन को 127.72 करोड़ का घाटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एसजेवीएन लिमिटेड को पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 127.72 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी को 61.08 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। 2024-25 की चौथी तिमाही में उसकी कुल आमदनी घटकर 548.84 करोड़ रुपये रह गई।

### सोना में 100 रुपए की तेजी, चांदी रही स्थिर



**नई दिल्ली।** आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की मांग बढ़ने से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोने की कीमत 100 रुपये बढ़कर 98,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई।

### मिंत्रा की 'सेल' से पैदा हुए 20,000 से अधिक रोजगार




**नई दिल्ली।** फैशन और जीवनशैली उत्पादों के ई-कॉमर्स मंच मिंत्रा ने शुक्रवार को कहा कि शनिवार से शुरू हो रहे उसके 22वें 'एंड ऑफ रीजन सेल' के दौरान मांग में अपेक्षित वृद्धि को पूरा करने के लिए 20,000 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। मांग को पूरा करने के लिए उसके साझेदारों ने अस्थायी भूमिकाएं तैयार की हैं।

### कोका-कोला को अरब डॉलर ब्रांड में शामिल होने की उम्मीद




**मुंबई।** प्रमुख वैश्विक पेय पदार्थ कंपनी कोका-कोला कंपनी को उम्मीद है कि भारत सहित अन्य बाजारों से और अधिक ब्रांड अरब डॉलर के क्लब में शामिल होंगे। कंपनी के कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) हेनरिक ब्राउन ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि कोका-कोला कंपनी के पास भारतीय बाजार में अरब डॉलर के तीन ब्रांड- थम्स अप, माज़ा और स्प्राइट हैं, जो यहां कारोबार की 'जीवंतता'' को दर्शाता है।

# सेबी ने एफएंडओ एक्सपायरी के बदले नियम, निवेशकों को मिलेगी सुरक्षा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय डेरिवेटिव्स मार्केट में एक महत्वपूर्ण बदलाव की घोषणा हुई है। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने इक्विटी डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स की एक्सपायरी को मंगलवार या गुरुवार तक सीमित करने का निर्णय लिया है। यह कदम मार्केट में स्थिरता लाने, निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और एक्सपायरी डे की अत्यधिक वोलैटिलिटी को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। सेबी ने 27 मार्च 2025 को एक कंसल्टेशन पेपर जारी किया, जिसमें प्रस्ताव दिया गया कि फिक्स्ड डे एक्सपायरी होनी चाहिए। इस नियम को 26 मई 2025 को जारी एक सर्कुलर के माध्यम से लागू किया गया। इसके तहत, प्रत्येक स्टॉक एक्सचेंज को अपने साप्ताहिक बेंचमार्क इंडेक्स ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट के लिए मंगलवार या गुरुवार में से एक डे चुनना होगा।

- एक्सपायरी डे की अत्यधिक वोलैटिलिटी कम करने में मदद मिलेगी

## सेबी ने इक्विटी डेरिवेट्व्स कॉन्ट्रेक्ट्स की एक्सपायरी मंगलवार या गुरुवार तक की सीमित

### निवेशकों के लिए इसमें क्या है?

निवेशकों के लिए, यह नया नियम कई लाभ ला सकता है। पहला, मंगलवार और गुरुवार को एक्सपायरी डे को सीमित करने से मार्केट में वोलैटिलिटी कम होगी, जिससे ट्रेडर्स को अधिक अनुमानित और स्थिर ट्रेडिंग पैटर्न मिलेंगे। इससे विशेष रूप से रिटेल निवेशकों को लाभ होगा, जो अक्सर एक्सपायरी डे की वोलैटिलिटी में नुकसान उठाते हैं। सेबी के अनुसार, साप्ताहिक एक्सपायरी को एक इंडेक्स तक सीमित करने से स्पेक्युलेटिव ट्रेडिंग में कमी आएगी, जो रिटेल निवेशकों के लिए जोखिम को कम करेगा।



*सेबी जोखिम कम कर रही : वित्तीय वर्ष 2024 में एनएसई पर इंडेक्स डेरिवेटिव्स में 92.5 लाख व्यक्तियों और प्रोप्राइटरशिप फर्म ने ट्रेडिंग की और कुल 51,689 करोड़ रुपये का नुकसान उठाया। यह डेटा दर्शाता है कि एफएंडओ मार्केट ने निवेशकों के लिए जोखिम को बढ़ाया है, जिसे सेबी अपने नए नियमों के माध्यम से कम करने का प्रयास कर रही है।*

### एक्सपायरी डे का इतिहास

सेबी के नियमों से पहले, स्टॉक एक्सचेंज ने अपने डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स के एक्सपायरी डे में कई बार बदलाव किए थे। उदाहरण के लिए, बीएसई ने अपनी साप्ताहिक सेंसेक्स एक्सपायरी को शुक्रवार से मंगलवार में बदला था, जबकि एनएसई ने बैंक निफ्टी की एक्सपायरी को गुरुवार से शुक्रवार और फिर बुधवार में स्थानांतरित किया। पहले एनएसई पर चार इंडेक्स और बीएसई पर दो इंडेक्स के लिए साप्ताहिक एक्सपायरीयाँ थीं, लेकिन अब प्रत्येक एक्सचेंज केवल एक बेंचमार्क इंडेक्स के लिए साप्ताहिक एक्सपायरी की पेशकश कर सकता है।

### न्यूनतम अवधि एक माह होगी

इसके अलावा, अन्य सभी इक्विटी डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स, जैसे बेंचमार्क इंडेक्स फ्यूचर्स, नॉन-बेंचमार्क इंडेक्स फ्यूचर्स/ऑप्शंस, और सिंगल स्टॉक फ्यूचर्स/ऑप्शंस, की न्यूनतम अवधि एक महीने होगी, और इनकी एक्सपायरी महीने के अंतिम सप्ताह में चुने गए डे (अंतिम मंगलवार या गुरुवार) को होगी।

## सोना गिरवी रखकर कर्ज लेने वालों के हितों की रक्षा होगी

# गोल्ड लोन के नए नियमों से छोटे ग्राहक होंगे बाहर, दो लाख रुपए तक मिलेगी छूट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के, सोना गिरवी रखकर कर्ज लेने वालों के हितों की रक्षा के लिए विवेकपूर्ण मानदंडों और तौर-तरीकों से संबंधित दिशानिर्देशों पर गौर किया और दो लाख रुपये तक के छोटे कर्जदारों को प्रस्तावित नियमों के प्रावधानों से बाहर रखने का सुझाव दिया है।

तमिलनाडु में राजनीतिक दलों के एक वर्ग की ओर से इसको लेकर जारी विरोध के बीच यह फैसला किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इन दिशानिर्देशों का मसौदा नौ अप्रैल को जारी किया था। इसमें ऋणदाताओं से ऐसे ऋण साधनों से संबंधित दस्तावेजों को लेकर समानता बरतने का आग्रह किया गया है।

- छोटे कर्जदारों को प्रस्तावित नियमों के प्रावधानों से बाहर रखा गया
- तमिलनाडु के राजनीतिक दलों के विरोध के बीच लिया फैसला
- नया मसौदा 1 जनवरी 2026 से लागू किया जाएगा



### वित्त मंत्रालय ने एक्स पर दी जानकारी

वित्त मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी दी कि आरबीआई द्वारा सोना गिरवी रखकर कर्ज लेने वालों की हितों की रक्षा करने के लिए जारी मसौदा निर्देशों पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मार्गदर्शन में वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) ने गौर किया।

### छोटे ऋण लेने वालों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े

डीएफएस ने केंद्रीय बैंक को सुझाव दिए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे स्वर्ण ऋण उधारकर्ताओं की आवश्यकताओं पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। मंत्रालय ने बताया कि डीएफएस ने यह भी कहा है कि ऐसे दिशानिर्देशों को क्षेत्रीय स्तर पर लागू करने के लिए समय की आवश्यकता होगी और इसलिए इन्हें एक जनवरी 2026 से ही लागू करना उपयुक्त हो सकता है।

*स्टालिन ने प्रस्तावों पर पुनर्विचार के लिए कहा : तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर भारतीय रिजर्व बैंक को नए दिशा-निर्देशों में प्रस्तावित प्रतिबंधों पर पुनर्विचार करने की सलाह देने का आग्रह किया।*

*छोटे कर्जदारों को शीघ्र ऋण वितरण हो : इसमें कहा गया, "डीएफएस ने सुझाव दिया है कि दो लाख रुपये से कम के छोटे कर्जदारों को इन प्रस्तावित निर्देशों की शर्तों से बाहर रखा जा सकता है, ताकि ऐसे छोटे कर्जदारों को समय पर और शीघ्र ऋण वितरण सुनिश्चित किया जा सके।"*

### आभूषण की शुद्धता मानकीकृत होनी चाहिए

आरबीआई ने मसौदा में कहा था कि ऋणदाताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गिरवी रखने जाने वाले स्वर्ण आभूषण की शुद्धता, उसके वजन (सकल और शुद्ध) आदि की जांच के लिए एक मानकीकृत प्रक्रिया अपनाई जाए और यह प्रक्रिया ऋणदाता की सभी शाखाओं में एकसमान रूप से अपनाई जाए।

### दस्तावेज मानकीकृत होना चाहिए

नीति के तहत निर्धारित सभी प्रक्रियाओं का विवरण ग्राहकों की जानकारी के लिए ऋणदाताओं की वेबसाइट पर जारी किए जाएं। मसौदे के अनुसार, ऋणदाता की सभी शाखाओं में दस्तावेजीकरण मानकीकृत होना चाहिए।

### नोटिस अवधि का विवरण शामिल होना चाहिए

ऋण समझौते में प्रतिभूति के रूप में लिए गए स्वर्ण आभूषण का विवरण, उसका मूल्य, नीलामी प्रक्रिया का विवरण और उसकी नीलामी के लिए परिस्थितियां, नीलामी आयोजित होने से पहले ऋण के पुनर्भुगतान/निपटान के लिए उधारकर्ता को दी जाने वाली नोटिस अवधि का विवरण शामिल होना चाहिए।

# खाद्य लेबल पर '100 प्रतिशत' शब्द का इस्तेमाल रोके : फसाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य उत्पादों के लेबल पर '100 प्रतिशत' शब्द के इस्तेमाल को लेकर सख्त परामर्श जारी करते हुए कहा है कि इससे उपभोक्ताओं के गुमराह होने की आशंका होती है।

शीर्ष खाद्य नियामक ने एक बयान में कहा कि उसने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) को खाद्य लेबल, पैकेजिंग और प्रचार सामग्री पर '100 प्रतिशत' शब्द के इस्तेमाल से परहेज करने को कहा है। इसकी वजह यह है कि यह शब्दावली अस्पष्ट है और इससे मौजूदा नियामकीय प्रावधानों के भीतर गलत व्याख्या की आशंका बनी रहती है। एफएसएसएआई ने बृहस्पतिवार को जारी सलाह में खाद्य उत्पादों के लेबल और प्रचार मंचों पर '100 प्रतिशत' शब्द के इस्तेमाल में धड़ल्ले से हो रही बढ़ोतरी को उजागर किया। प्राधिकरण ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी शब्दावली न केवल मौजूदा नियमों के तहत अपरिभाषित है, बल्कि भ्रामक भी है और उपभोक्ताओं के बीच गलत धारणा पैदा कर सकती है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक (विज्ञापन एवं दावे) विनियम, 2018 के मुताबिक, '100 प्रतिशत' शब्द को एफएसएस अधिनियम, 2006 या उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों के तहत किसी भी तरीके से परिभाषित या संदर्भित नहीं किया गया है। इन विनियमों के उप-विनियमन 10(7) में किसी भी ऐसे विज्ञापन या दावे को सख्ती से प्रतिबंधित किया गया है जो अन्य विनिर्माताओं को कमतर आंकता है या भ्रामक तरीके से उपभोक्ता की धारणा को प्रभावित करता है।

- उपभोक्ताओं के गुमराह होने की आशंका होती है
- खाद्य लेबल, पैकेजिंग व प्रचार सामग्री इस्तेमाल से परहेज करे


### खाद्य लेबलिंग में पारदर्शिता बरते

इन चिंताओं को देखते हुए खाद्य व्यवसाय से जुड़ी सभी कंपनियों को खाद्य उत्पाद लेबल, पैकेजिंग और किसी भी तरह की प्रचार सामग्री पर '100 प्रतिशत' शब्द का उपयोग न करने की सलाह दी गई है। एफएसएसएआई ने कहा कि वह उपभोक्ता हितों की रक्षा और सूचना-आधारित विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए खाद्य लेबलिंग में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है।

# कमजोर संकेतों से शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स 182 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सूचना प्रौद्योगिकी शेयरों में गिरावट और अमेरिकी जवाबी शुल्कों को अपीलीय अदालत द्वारा अस्थायी रूप से बहाल किए जाने से शुक्रवार को एशियाई बाजारों में सुस्ती रही जिसके असर में स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।



विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू अर्थव्यवस्था के जीडीपी आंकड़े आने से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से भी बाजार एक दायरे में बना रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 182.01 अंक की गिरावट के साथ 81,451.01 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 82.90 अंक यानी 0.33 प्रतिशत गिरकर 24,750.70 अंक पर बंद हुआ। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"बाजार में सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव जारी रहा। ट्रंप प्रशासन की तरफ से लगाए गए जवाबी सीमा शुल्क को अमेरिकी अपीलीय अदालत द्वारा अस्थायी रूप से बहाल किए जाने से अनिश्चितता फैली और निवेशकों को दूर रहने के लिए प्रभावित किया।/"

- जवाबी शुल्क बहाल होने से एशियाई बाजारों में रही सुस्ती
- जीडीपी के आंकड़े आने से पहले बाजार एक दायरे में रहा

*इंफोसिस और नेस्ले में रही गिरावट : सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से 24 गिरावट के साथ बंद हुईं। सर्वाधिक 1.73 प्रतिशत गिरावट टेक महिंद्रा में दर्ज की गई जबकि एचसीएल टेक, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, इन्फोसिस, नेस्ले, सन फार्मा और टाटा स्टील के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए।*

*एसबीआई में रही तेजी : दूसरी तरफ, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फिनसर्व के शेयरों में तेजी रही।*

## भारत में सभी लोग यूपीआई लेनदेन करने में सक्षम...




**नई दिल्ली।** भारत में 15-29 वर्ष की आयु के लगभग सभी व्यक्ति मोबाइल हैंडसेट का उपयोग करके ऑनलाइन बैंकिंग लेनदेन करने के लिए एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) का उपयोग करने में सक्षम हैं। एक सर्वेक्षण में यह कहा गया है।

सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी 'व्यापक मॉड्यूलर सर्वेक्षण: दूरसंचार-2025'' में कहा गया, "देश में 15-29 वर्ष की आयु के जो व्यक्ति ऑनलाइन बैंकिंग लेनदेन करने की क्षमता से लैस पाए गए, उनमें से लगभग 99.5 प्रतिशत व्यक्तियों में यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन बैंकिंग लेनदेन करने की क्षमता पाई गई। देश में 15-29 वर्ष आयु वर्ग के व्यक्तियों में से लगभग 97.1 प्रतिशत लोगों ने सर्वेक्षण की तिथि से पिछले तीन माह के दौरान मोबाइल फोन (स्मार्टफोन सहित) का उपयोग करने की बात कही।

# पिछले एक दशक में 17 करोड़ रोजगार के अवसर हुए पैदा

- केंद्रीय श्रम मंत्री मांडविया ने सीआईआई के सम्मेलन में कहा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने पिछले एक दशक में 17 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा किए हैं जबकि इससे पहले के दशक में सिर्फ 4.5 करोड़ रोजगार अवसर ही सृजित हुए थे।

केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा वर्ष 2014 में सत्ता में आई थी और उसके पहले 2004 से 2014 तक कांग्रेस की अगुवाई वाले गठबंधन की सरकार थी। मांडविया में उद्योग मंडल सीआईआई के 'वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी दर 3.2 प्रतिशत है, जो विकसित दुनिया के आसपास है। मांडविया ने कहा कि इसका मतलब देश में रोजगार उपलब्ध है क्योंकि भारत अब एक निवेश गंतव्य बन चुका है। मंत्री ने कहा, /"पिछले एक दशक में भारत में 17 करोड़ रोजगार के अवसर खुले। इससे पहले के दशक में 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा हुई थीं।"

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.992 अरब डॉलर बढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 मई को समाप्त सप्ताह में 6.99 अरब डॉलर बढ़कर 692.72 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके पहले 16 मई को समाप्त हुए सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.89 अरब डॉलर घटकर 685.73 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर, 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 23 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 45.16 लाख डॉलर बढ़कर 586.17 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।



- विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर हुआ 692 .72 अरब डॉलर

*आईएमएफ में भी भारत का भंडार बढ़ा*

*केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी तीन करोड़ डॉलर बढ़कर 4.40 अरब डॉलर हो गया।*

# चालू वित्त वर्ष में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत अपनी 6.3-6.8 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि दर के आधार पर चालू वित्त वर्ष में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, जिससे वह जापान से आगे निकल जाएगा।

भारत ने पिछले वित्त वर्ष (2024-25) के लिए 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 9.2 प्रतिशत थी। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार पिछले वित्त वर्ष में बढ़कर 330.68 लाख करोड़ रुपये या लगभग 3.9 लाख करोड़ डॉलर हो गया। इसके चालू वित्त वर्ष में चार लाख करोड़ डॉलर को पार कर दुनिया में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की उम्मीद है। सीईए वी अनंत नागेश्वरन ने शुक्रवार को कहा कि अस्थायी अनुमान के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही जो उम्मीद के अनुरूप हैं और भारत अभी भी समकक्ष अर्थव्यवस्थाओं से आगे है। सीईए ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार ने 6.3-6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान बरकरार रखा है, जिसमें निजी उपभोग, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में सुधार तथा सेवाओं का निर्यात प्रमुख कारक होंगे। उन्होंने कहा कि कई एजेंसियों ने चालू वित्त वर्ष में भारत की वृद्धि दर 6.3-6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।




- जापान को पीछे छोड़कर भारत यह स्थान प्राप्त कर सकता है
- भारत की अनुमानित वृद्धि दर 6 .3 से 6 .8 के बीच हो सकती

### निर्यात मजबूत रहने की उम्मीद

नागेश्वरन ने कहा कि इसके अलावा, निर्यात मजबूत रहने की उम्मीद है, रिकॉर्ड विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 11 महीने का आयात कवर प्रदान करेगा और सामान्य से बेहतर मानसून की उम्मीद है। डॉलर के संदर्भ में भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर नागेश्वरन ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पिछले वित्त वर्ष के लिए 3.9 लाख करोड़ डॉलर का जीडीपी अनुमान दिया है, जो वित्त मंत्रालय के आंतरिक अनुमानों से मेल खाता है।

### नीति आयोग ने पहले जापान से आगे निकलने का किया था दावा

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने दावा किया था कि भारत पहले ही जापान से आगे निकल चुका है। इस बारे में उन्होंने कहा, "नीति आयोग के सीईओ ने जो कहा, उसे नीति आयोग के पूर्णकालिक सदस्य और पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद विरमानी ने स्पष्ट किया है कि यह 2025-26 की कहानी है।"

## तीन और टीम, सॉकेट एआई, गण एआई एंव ज्ञान एआई

# स्वदेशी एआई फाउंडेशन मॉडल बनाने टीम का चयन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने कृत्रिम मेधा (एआई) के स्वदेशी फाउंडेशन मॉडल के निर्माण के लिए सर्वम एआई के बाद शुक्रवार को तीन और टीम- सॉकेट एआई, गण एआई एवं ज्ञानी एआई का चयन किया। अपनी वैश्विक एआई महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप भारत ने 16,000 अतिरिक्त जीपीयू (ग्राफिक्स प्रसंस्करण इकाई) की उपलब्धता की भी घोषणा की।

- भारत ने 16,000 अतिरिक्त जीपीयू की उपलब्धता की घोषणा की

इसके साथ ही स्टार्टअप और शोधकर्ताओं के लिए यहां उपलब्ध 'कंप्यूट' सुविधा 34,000 जीपीयू तक पहुंच जाएगी। भारत ने स्वदेशी स्तर पर एआई मॉडल के विकास की एक व्यापक योजना बनाई हुई है जिसमें उन्नत एआई बुनियादी ढांचे और स्थानीय भाषा मॉडल का विकास भी शामिल है।

*सर्वम एआई देश का पहला स्वदेशी एआई मॉडल : जनरेटिव यानी सृजन से जुड़े एआई में इस्तेमाल होने वाले फाउंडेशन मॉडल आकार में विशाल और पूर्व-प्रशिक्षित मॉडल होते हैं जो विभिन्न प्रकार के एआई अनुप्रयोगों के लिए आधार बनाते हैं। इस साल अप्रैल में 'सर्वम एआई' को भारत का पहला स्वदेशी एआई फाउंडेशन मॉडल बनाने के लिए चुना गया था, जो देश के एआई नवाचार परिवेश में एक मील का पत्थर साबित हुआ।*




*34,000 जीपीयू से सुसज्जित कंप्यूटिंग सुविधा : इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण पर ध्यान देने के साथ 'इंडिया एआई मिशन' पर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि 34,000 जीपीयू से सुसज्जित कंप्यूटिंग सुविधा भारत को बड़े पैमाने पर एआई पारिस्थितिकी के विकास में सक्षम बनाएगी।*

### दुनिया के शीर्ष पांच में शामिल होना चाहिए

वैष्णव ने कहा कि स्वदेशी एआई फाउंडेशन मॉडल बनाने के लिए तीन और टीमों- सॉकेट एआई, गण एआई एवं ज्ञानी एआई का चयन किया गया है। वैष्णव ने कहा, /"सर्वम की तरह इन तीन टीमों के सामने भी बहुत बड़ा लक्ष्य है। चाहे वे जिस भी क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करते हैं, उन्हें दुनिया के शीर्ष पांच में शामिल होना चाहिए।/"

### सॉकेट रक्षा, स्वास्थ्य व शिक्षा से लक्षित

'सॉकेट एआई' रक्षा, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों को लक्षित करते हुए देश की भाषाई विविधता के लिए अनुकूलित मुक्त स्रोत वाला 120 अरब मानदंडों पर आधारित एक फाउंडेशन मॉडल विकसित करेगा। 'गण एआई' इस क्षेत्र के मौजूदा वैश्विक अगुवा से आगे निकलने के लिए बहुभाषी फाउंडेशन मॉडल लक्ष्यीकरण क्षमताओं के 70 अरब मानदंड तैयार करेगा।



## श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया गुरु अर्जनदेव जी का शहीदी दिवस

# गुरु अर्जन देव ने दिया सामाजिक समरसता का इलाही पैगाम

**जबलपुर। शहीदों के सरताज, शांति के पुंज, सिख धर्म के प्रथम शहीद, पंचम गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज के पवित्र 419 वें शहीदी दिवस के अवसर पर जबलपुर की समस्त सिख संगत के सहयोग से गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार गोरखपुर प्रांगण में भव्य कीर्तन दरबार आयोजित किया गया।**



उस मौके पर श्री दरबार साहिब अमृतसर पंजाब के विख्यात हुजूरी रागी जत्था भाई सिमरनजीत सिंह एवं साजिंदे साथियों ने सम सामयिक गुरुवाणी शबद तत विचार यहै मथुरा जग तारण को अवतार बनायो, जपियो जिन अर्जन देव गुरु फिर संकट जोनि गरभ न आयो की मनमोहक प्रस्तुति दे कर साध संगत को रसविभोर कर दिया। इतिहासविद और गुरुवाणी मीमांसक ज्ञानी हरविंदर सिंह, गंगानगर, राजस्थान ने बताया कि गुरु अर्जन देव जी ने विश्व विख्यात स्वर्ण मन्दिर श्री हरमंदिर साहब अमृतसर का निर्माण करवाया और श्री गुरुग्रंथ साहिब का संकलन कर श्री दरबार साहिब में स्थापित करके पूरी दुनिया को इंसानी भाईचारा, समानता, सामाजिक समरसता और सर्वधर्म सौहार्द का ईश्वरीय पैगाम दिया। तत्कालीन और असहिष्णु मुगल बादशाह जहांगीर ने गुरुजी की बढ़ती लोकप्रियता को मुगलराज के लिए खतरा मानकर असहनीय और नृशंस यातनाएं दे कर गुरुजी को शहीद कर दिया। इस दौरान रागी जत्था भाई बलजीत सिंह, भाई सतनाम सिंह एवं स्त्री सत्संग सभा गोरखपुर सहित अनेक विद्वतजनों ने गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश कर गुरुजी का यश अर्चन किया। यहां गुरु का लंगर दिनभर वितरण किया गया। प्रधान साहब सरदार रजिंदर सिंह छाबड़ा ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह बब्बू, काके आनन्द सहित विभिन्न सेवादारों को सिरोपा प्रदान कर सम्मानित किया। अपराह्न * बजे मुख्य ग्रंथी ज्ञानी हरजीत सिंह खालसा ने विश्व शान्ति और सरबत के भले की विशेष अरदास प्रार्थना संपन्न कराई। तदोपरान्त कड़ाह प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव मनप्रीत सिंह आहूजा मिक्की ने किया।

शहीदी दिवस के तहत नगर के मुख्य गुरुद्वारों में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के श्रृंखलाबद्ध अखंड पाठ साहिब एवं स्त्री सत्संग सभा के नेतृत्व में नारी शक्ति द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब में अंकित गुरु अर्जनदेव जी की पवित्र गुरुवाणी श्री सुखमणि साहिब जी का चालीसा सामूहिक जप तप सहज पाठ किया गया। नगर के विभिन्न हिस्सों में कच्ची लस्सी छबील के स्टाल लगाकर सेवा की गई।

उपनगरीय क्षेत्र वेस्टलैंड खमरिया में भी गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस समारोह भव्य कीर्तन दरबार और गुरु का लंगर आदि के साथ मनाया गया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में लगकर माथा टेका और मन की मुरादें मांगी।

गुरुद्वारा गोरखपुर में 31 मई को प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक आयोजित समापन कीर्तन दरबार में रागी जत्था भाई सिमरन जीत सिंह, अमृतसर पंजाब ,गुरुवाणी शबद कीर्तन पेश करेंगे

# जैव विविधता में बालाघाट कृषि कॉलेज ने जीता पुरस्कार

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा विगत दिनों ''राज्य स्तरीय वार्षिक जैवविविधता पुरस्कार 2023''के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत संचालित, कृषि महाविद्यालय, बालाघाट को ''राज्य स्तरीय वार्षिक जैवविविधता पुरस्कार 2023'' की जैवविविधता स्वामित्व रखने वाले विभाग की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि हेतु कुलगुरु डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने डॉ. उत्तम बिसेन, कृषि महाविद्यालय,बालाघाट को शुभकानाएं देते हुये कहा कि कृषि महाविद्यालय, बालाघाट द्वारा भविष्य में भी जैव विविधता के संरक्षण में सक्रिय योगदान प्रदान करने लिये प्रयास किये जाते रहेंगें। आपने कहा कि जनेकृविवि के अंतर्गत संचालित सभी महाविद्यालयों में लगातार छात्र-छात्राओं और किसानों के सर्वांगीण विकास हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिससे किसानों की आय दोगुनी हो और विद्यार्थियों को कृषि संबंधी सभी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जा सकें। कृषि महाविद्यालय,बालाघाट की इस उपलब्धि पर संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतु, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. अनीता बब्बर, कुलसचिव डॉ. ए.के.जैन सहित प्राध्यापक वैज्ञानिकों ने बधाई दी है।

# कुमारी रिशिता पटैल ने तेलंगाना में आयोजित ऑल इंडिया लीडरशिप कैम्प में की सहभागिता

**जबलपुर।** ए.पी. नर्मदा महाविद्यालय की एन.सी.सी. कैडेट कुमारी रिशिता पटैल 9वीं बटालियन निजामाबाद तेलंगाना में ऑल इंडिया लीडरशिप कैम्प सफलता पूर्वक पूर्ण कर जबलपुर वापस लौटीं। इस कैम्प में रिशिता पटैल एकमात्र बालिका कैडेट थीं जो 1 एमपी बटालियन से चयनित हुई थीं। गौरतलब है कि इसी वर्ष कैडेट रिशिता पटैल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विकसित भारत कैम्पेनिंग का हिस्सा बनकर 12 जनवरी 2025 को प्रधानमंत्री से मुलाकात करने का स्वर्णिम अवसर भी प्राप्त किया था। महाविद्यालय की एन.सी.सी. आफिसर लेफ्टिनेंट (डॉ.) दिव्या पाराशर के विशेष मार्गदर्शन में इन सभी कैम्पों के लिये तैयारी कराई गयी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने कैडेट रिशिता पटेल को इस उपलब्धि प्राप्त करने पर हर्ष व्यक्त किया और कैडेट का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया, साथ ही एन.सी.सी. आफिसर लेफ्टिनेंट (डॉ.) दिव्या पाराशर को कैडेट की उपलब्धियों के लिये बधाई दी। कैडेट रिशिता पटैल की इस उपलबध्यिों को प्राप्त करने पर महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह ने बधाई दी और आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित किया।





## कलश शोभायात्रा से शिव पुराण कथा का शुभारंभ

**जबलपुर।** संस्कारधानी में धार्मिक कार्यक्रमों की कड़ी में भक्ति धाम ग्वारीघाट में श्री शिव पुराण कथा के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा आस्था और पारंपरिक रूप से निकाली गई। इस मौके पर अरुण, यशवंती, संतोष कोरी, पाल मैडम, शीला मिश्रा सहित समिति के सदस्य और क्षेत्रीयजन बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा विभिन्न क्षेत्रों का भम्रण करते हुए वापस भक्ति धाम आश्रम ग्वारीघाट पहुंचकर संपन्न हुई। शिव महापुराण की कथा व्यास पीठ से अभिनंदन महाराज के मुखारबिंद से की जाएगी जिसमें शिव महिमा का वर्णन कर श्रद्धालुओं को भगवान शिव के पूर्जन अर्चन करने का महत्व समझाया जाएगा। आयोजनकर्ताओं का कहना है कि श्री शिव पुराण कथा प्रतिदिन भक्ति धाम आश्रम ग्वारीघाट में सांय 4 से 7 बजे तक आयोजित होगी। नर्मदा क्षेत्र में शिव पुराण कथा सुनने का महत्व पुराणों में बताया गया है जिसमें कथा सुनने से सभी प्रकार के कष्ट दूर होने और सुख समृद्धि प्राप्त होने की बात कही गई है।

## अमृत मित्रों को वृक्षारोपण हेतु किट वितरण व कार्यशाला सम्पन्न

**जबलपुर।** भेड़ाघाट नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. शासन के निर्देशानुसार दिनांक 05 जून से 31 अगस्त 2025 तक स्व-सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से अमृत मित्र बनाये जाकर वृक्षारोपण कराने संबंधी निर्देशों के परिपालन में नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा आज 30/05/2025 को ऑडिटोरियम हॉल में निकाय अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी के मुख्य आतिथ्य एवं निकाय उपाध्यक्ष जगदीश दाहिया की अध्यक्षता में संध्या सिंह एवं सजल तिवारी पार्षद की विशेष उपस्थिति में अमृत मित्रों की कार्यशाला का आयोजन किया जाकर समूह की महिलाओं को किट वितरण का कार्य किया गया। इसमें **PDMC** की टीम के सदस्य अमित दांगी, निकाय की ओर से सुरेन्द्र दुबे, सुनील बैरागी, लक्ष्मीनारायण दुबे, विजय कोरी, सामुदायिक संगठक सुश्री प्रिंसी नामदेव, रागिनी दहायत, शुभम ठाकुर एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं की उपस्थिति रही।



## राजपूत सभा ने जयंती पर किया महाराणा प्रताप का स्मरण

**जबलपुर।** महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर राजपूत सभा जबलपुर के द्वारा सरकारी कुआँ घमापुर महाराणा प्रताप चौक पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राजपूत समाज के वरिष्ठ सदस्यों एवं सभी वर्गों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, कुलदीप सिसोदिया, संदीप जैन, पार्षद अविनाश, महिला पार्षद अर्चना सिसोदिया, पार्षद सोनिया रजींत ठाकुर, सभा के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, उपाध्यक्ष ललित राजपूत, अशोक राजपूत, दीपक कौशिक, कुंवर सिंह, अजय राजपूत, सुरेन्द्र सिंह राजपूत, महेन्द्र राणा, राजू राजपूत, गजेंद्र राजपूत, विनोद सिंह सेंगर,धनराज सिंह, जितेंद्र भाटी, रश्मि राजपूत, माया सिंह, भारती राजपूत, शारदा राजपूत, अनिता राणा, आशा ठाकुर द्वारा माल्यार्पण किया गया।



## संत अलॉयसियस महाविद्यालय को मिला नैक द्वारा A++ का दर्जा

**जबलपुर।** संत अलॉयसियस महाविद्यालय, जबलपुर को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, बेंगलुरु (नैक) द्वारा A++ का दर्जा तथा 3.58/4.00 सीजीपीए प्रदान किया गया। ध्यातव्य है कि 15 एवं 16 मई 2025 को नैक समिति ने महाविद्यालय का ऑनलाइन दौरा किया था और उसके परिणाम का महाविद्यालय परिवार बेसब्री से इंतजार कर रहा था। 29 मई 2025 को नैक द्वारा इस बहुप्रतीक्षित परिणाम की घोषणा की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोस ने एक बैठक आयोजित कर महाविद्यालय परिवार को इस सुखद समाचार की जानकारी दी, जिसे सुनते ही महाविद्यालय में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व-प्राचार्य एवं अध्यक्ष शासी निकाय श्रद्धेय डॉ. जे.जी. वलन अरासु (बिशप, कैथोलिक धर्मप्रांत, जबलपुर) की उपस्थिति रही। उन्होंने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फा. जे. बेन एंटोन रोस, आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. सिबी सेमुअल, प्राध्यापक-गण, कर्मचारी-गण तथा विद्यार्थियों को उनके सतत परिश्रम एवं समर्पण के लिए सराहा और इस उपलब्धि में उनकी भूमिका की प्रशंसा की।

## मेधावी छात्र-छात्राओं, अभिभावक, शिक्षकों को किया सम्मानित




**जबलपुर।** शहर के ऐसे मेधावी छात्र-छात्राएं, जिन्होंने बगैर कोई संसाधन के दसवीं, बारहवीं कक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर शहर को गौरवान्वित किया है, ऐसे मेधावी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों व शिक्षकों को मुस्लिम विकास परिषद की जबलपुर इकाई ने शुक्रवार को आधारताल स्थित स्प्रिंग डे स्कूल में सम्मानित किया। इस अनोखे कार्यक्रम के लिए पठान समाज के सरदार हाजी मुईन खान ने परिषद को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर फैजान कुरैशी, इरफान कुरैशी, गुलाम साबरी, जावेद मिर्जा, तारिक कुरैशी, शाहिद कुरैशी, मो. अशरफ, मुज्जफर कुरैशी सहित अन्य की उपस्थिति रही।

# कटंगी में सालाना उर्स का शानदार समापन

## रईस अनीस साबरी की कव्वाली और धार्मिक सौहार्द का अनूठा संगम

**जबलपुर।** कटंगी में चल रहे सालाना उर्स का गुरुवार (जुमेरात) अल सुबह सलातो सलाम के साथ शानदार समापन हो गया। हजरत सैय्यद फहीम अशरफ अशरफी की सरपरस्ती में आयोजित महफिल-ए-कव्वाली में मशहूर कव्वाल रईस अनीस साबरी ने अपनी दिलकश आवाज़ से ऐसा समां बांधा कि अकीदतमंद पूरी रात झूमते रहे। यह आयोजन धार्मिक सद्भाव और सामुदायिक एकजुटता का एक अद्भुत प्रतीक बनकर उभरा।



बीती रात करीब 10 बजे से शुरू हुई कव्वाली का सिलसिला देर रात तक चला। रईस अनीस साबरी ने अपनी जादुई प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी कव्वालियों पर दाद देते हुए और झूमते हुए दूर-दूर से आए जायरीन और स्थानीय लोगों ने पूरी रात गुजारी। इस रूहानी महफिल में उमड़ी भारी भीड़ ने साबरी की कव्वाली का भरपूर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद पंडित आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, खादिम इमरान असलम ताजी, हाजी कदीर सोनी, जहीर पहलवान, मोहम्मद यासीन, सलीम मासाब, हाजी मकबूल रज़वी, सैय्यद कादरी अली कादरी, पप्पू वसीम खान, तनवीर खान तन्नु, शहीद कबाड़ी, डॉ. फरीद, छोटा जहीर, मोहम्मद हन्नान, राशिद राजा, शाहिद बिल्डर, मोहम्मद अन्नू, आबिद मुन्ना, शहीद ठेकेदार आदि मौजूद रहे। पूरी रात चली इस रूहानी महफिल के बाद, अल सुबह फज्र की नमाज और सलातो सलाम के साथ उर्स का समापन हुआ। इस दौरान मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी गईं। उर्स का सफल आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र रहा, बल्कि लोगों को एक साथ जोड़ने का भी एक शानदार अवसर साबित हुआ जिससे क्षेत्र में धार्मिक सौहार्द और भाईचारे का माहौल बना रहा। अंत में उर्स कमेटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद राशिद मंसूरी राजा ने विशेष रूप से पुलिस प्रशासन, नगर परिषद प्रशासन और प्रेस मीडिया का उनके अमूल्य सहयोग और कवरेज के लिए शुक्रिया अदा किया।



## नेत्र चिकित्सा शिविर संपन्न

**जबलपुर।** अखिल भारतीय महिला परिषद और हिन्दी लेखिका संघ मध्य प्रदेश जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में 30 मई 2025 को दोपहर 3 बजे से सेंटर फार साइट आई हॉस्पिटल, 811 रेणुका टावर स्टैंडर्ड मारुति सुजुकी शोरूम के पास, नेपियर टाऊन, रसल चौक जबलपुर में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय महिला परिषद की अध्यक्ष गीता शरत तिवारी, हिंदी लेखिका संघ की अध्यक्ष डॉ. कामना कौस्तुभ, संरक्षिका छाया त्रिवेदी, डॉ. मुकुल तिवारी, अफ़रोज़ ख़ान, इन्दु खन्ना, कोषाध्यक्ष सीमा बादल सहित ललिता तिवारी, गणेश प्यासा, पुरुषोत्तम भट्ट, आरती शर्मा, मनीषा गौतम, शीला शर्मा, लता प्रजापति, उर्मिला रैकवार, अर्चना गोस्वामी, मीना भट्ट, आशा रिछारिया, अनुराधा गर्ग, डॉ. अम्बर प्रियदर्शी उपस्थित थे।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस आज

## ''तंबाकू छोड़ें, जीवन अपनाएं''

**जबलपुर।** हर वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति जागरूकता फैलाना और तंबाकू मुक्त समाज की दिशा में प्रयास करना है। तंबाकू का सेवन चाहे वह सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान-मसाला या अन्य किसी भी रूप में हो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। यह फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, दमा और सीओपीडी जैसे गंभीर रोगों का मुख्य कारण है। भारत में हर वर्ष लाखों लोग तंबाकू से जुड़ी बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाते हैं। डॉ. निपुण अग्रवाल, चेस्ट स्पेशलिस्ट ने बताया कि तंबाकू सिर्फ एक आदत नहीं, एक धीमा ज़हर है। युवा पीढ़ी तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रही है, जिससे देश का स्वास्थ्य भविष्य खतरे में पड़ रहा है। यह समय है कि हम सभी एकजुट होकर तंबाकू के खिलाफ आवाज़ उठाएं और इसे त्यागने का संकल्प लें।इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन की थीम भी यही संदेश देती है "हमारे बच्चों को तंबाकू उद्योग से बचाएं"। यह हमारा कर्तव्य है कि हम नई पीढ़ी को तंबाकू के जाल में फंसने से रोकें और उन्हें एक स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करें।



तंबाकू छोड़ने के लाभ तुरंत शुरू हो जाते हैं जैसे ही आप तंबाकू छोड़ते हैं, रक्तचाप और हृदय की धड़कन सामान्य होने लगती है, फेफड़ों की कार्यक्षमता सुधरती है और जीवन प्रत्याशा बढ़ती है।

## माहे ज़िलहिज्जह शुरू, ईदुज्जुहा 7 को



**जबलपुर।** मुफ्ती-ए-आजम मप्र हजरत मौलाना मोहम्मद मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी के अनुसार 28 मई मुताबिक उनतीस ज़िलकाद को जबलपुर में माहे ज़िलहिज्जह का चांद नज़र नहीं आया है, लेकिन उनतीस के चांद देखे जाने की शरई शहादत मौसूल हुई है। लिहाजा 29 मई को माहे ज़िलहिज्जह की पहली तारीख का ऐलान किया गया है। आगामी 7 जून को ईदुज्जुहा बकरीद मनाई जाएगी।

## पियूष वर्मा मप्र सचिव नियुक्त



**जबलपुर।** अखिल भारतीय सत्य सनातन संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित भदौरिया द्वारा जबलपुर निवासी पियूष वर्मा को संघ का मध्यप्रदेश सचिव नियुक्त किया गया।

## प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** आल इंडिया धनगर समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल धनगर ने बताया कि धनगर समाज महासंघ द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं माता देवी अहिल्याबाई होल्कर का 300वां जन्मोत्सव कार्यक्रम 31 मई को कंट्रोल रूम कॉफी हाउस के कॉन्फ्रेंस हॉल में शाम 7.30 बजे से मनाया जाएगा।

**नाम सुधार सूचना**

मैं रेखा वाथरे पति स्व. सुशील कुमार, उम्र लगभग 51 वर्ष निवासी म.नं.87/ए. नर्मदा नगर पोलीपाथर ग्वारीघाट जिला जबलपुर म.प्र. कथन करती हूँ कि मेरी शैक्षणिक दस्तावेजों, अंकसूची, रेल्वे रिकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम रेखा वाथरे (REKHA WATHERY) पति सुशील वाथरे (SUSHIL WATHERY), लक्ष्मी बाथरे (LAXMI WATHREY) पति सुशील कुमार बाथरे (SUSHIL KUMAR WATHREY), रेखा वाथरे पति सुशील वाथरे, लक्ष्मी वाथरे (LAXMI WATHREY) पति सुशील कुमार (SUSHIL KUMAR), रेखा बाई (REKHA BAI) पति सुशील कुमार (SUSHIL KUMAR), रेखा वाथरे (REKHA WATHEREY) पति सुशील कुमार वाथरे, रेखा वाथरे (REKHA WATHREY) पति सुशील कुमार (SUSHIL KUMAR), मेरे बच्चों के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम रेखा बाथरे (REKHA BATHRE) पति सुशील बाथरे (SUSHIL BATHRE), राशन कार्ड में मेरा नाम रेखा पति सुशील कुमार बाथरे दर्ज है। यह कि विवाह के पश्चात मेरा घरेलू नाम लक्ष्मी बाई हो गया था। उपरोक्त वर्णित सभी नाम एक ही महिला अर्थात मेरे नाम हैं, उपरोक्त सभी नामों की धारक मैं ही हूँ। अतः मेरे पति के रेल्वे सर्विस रिकार्ड में एवं मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम रेखा वाथरे (REKHA WATHREY) पति सुशील कुमार (SUSHIL KUMAR) दर्ज किया जावे एवं भविष्य में मुझे रेखा वाथरे (REKHA WATHREY) पति सुशील कुमार (SUSHIL KUMAR) के नाम से पढ़ा-लिखा माना, समझा व पहचाना जावे।

पुराने नाम-रेखा वाथरे (REKHA WATHERY), लक्ष्मी बाथरे (LAXMI WATHREY), रेखा वाथरे, लक्ष्मी वाथरे (LAXMI WATHREY), रेखा बाई (REKHA BAI), रेखा वाथरे (REKHA WATHREY), रेखा बाथरे (REKHA BATHRE) पति सुशील बाथरे (SUSHIL BATHRE), रेखा पति सुशील कुमार बाथरे।

सही नाम - रेखा वाथरे (REKHA WATHREY) पति सुशील कुमार (SUSHIL KUMAR)

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्रं./ 239/अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन सोनकर/ स्व. अशोक सोनकर नि. 194 मदनमोहन मालवीय वार्ड भरतीपुर ने नजूल ब्लाक नं . 91 प्लाट नं. 106/2 रकवा 644 व.फु./ अवि. हिस्सा/ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/दिनांक 15/07/2016 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं . 91 प्लाट नं. 106/2 रकवा 644 व.फु./ अवि. हिस्सा / ग्राम भरतीपुर प.ह.नं. खसरा नं. रकवा 644 व.फु./हे. राजेन्द्र प्रसाद वल्द गनेश प्रसाद सा. भरतीपुर के नाम दर्ज है।

अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 11/06/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता को आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं कि जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 23/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक :- 23/05/2025

पेशी दिनांक :- 11/06/2025

तहसीलदार
रांझी जबलपुर

# हर आतंकी हमले का जवाब कठोरता और तत्परता से देना पीएम मोदी की नीति

## जम्मू-कश्मीर दौरे में केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले

एजेंसी ▶▶ पुंछ

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पुंछ दौरे के क्रम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की नीति है कि हर आतंकी हमले का जवाब कठोरता और तत्परता से दिया जाएगा। उन्होंने पुंछ नगर स्थित डाक बंगला में पाकिस्तानी गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों और घायलों से मिले। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। गृह मंत्री शाह ने कहा कि पाकिस्तान ने घोर निंदनीय हमला किया। रिहायशी इलाकों और धार्मिक स्थलों पर हमला किया। उस हमले में हमारे जो नागरिक हताहत हुए हैं, उनके परिजनों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। हम सभी जानते हैं कि मुआवजा या सरकारी नौकरी से जीवन में जो हानि हुई है, उसकी क्षतिपूर्ति नहीं हो सकती, लेकिन जम्मू-कश्मीर सरकार, भारत सरकार और समग्र जनता की जो भावना जुड़ी है, यह उसका प्रतीक है। जो बहादुरी पुंछ के नागरिकों और अधिकारियों ने दिखाई है, उससे पूरे देश का संबल बढ़ा है।

पुंछ पीड़ितों से मिले, मृतकों के परिवारों को दी सरकारी नौकरी

कहा- पुंछ के नागरिकों और अधिकारियों ने दिखाई बहादुरी



### पाक को उबरने में पांच साल लगेंगे

केंद्रीय गृह मंत्री ने बीएसएफ जवानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान ने हमारी सीमाओं और नागरिक क्षेत्रों पर हमला करके हमारे आतंकवाद विरोधी अभियानों का जवाब दिया, तो यह बीएसएफ के 'जम्मू फ्रंटियर' के जवान थे जिन्होंने 118 से अधिक चौकियों को तबाह और क्षतिग्रस्त करके जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने दुश्मन की पूरी निगरानी प्रणाली को टुकड़े-टुकड़े करके नष्ट कर दिया, एक ऐसी प्रणाली जिसे दोबारा बनाने में उन्हें चार से पांच साल लगेंगे।

### जम्मू कश्मीर का विकास थमेगा नहीं

शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर का विकास रुकेगा नहीं थमेगा नहीं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर सरकार ने नॉर्म्स के हिसाब से सहायता कर दी है और भारत सरकार भी व्यापारिक संस्थानों में हुई क्षति के लिए एक पैकेज लेकर आएगी। उन्होंने जम्मू कश्मीर के प्रशासन और सुरक्षा बलों की सराहना की और कहा कि वे हर चीज का जवाब देने के लिए सक्षम हैं।

## अमरनाथ यात्रा को लेकर की समीक्षा बैठक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी सुरक्षा एजेंसियों को अत्यधिक सतर्कता और चौकसी बनाए रखते हुए आगामी अमरनाथ यात्रा को पूरी तरह शांतिपूर्ण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अमित शाह ने राजभवन में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू, डीजीपी नलिन प्रभात और गृह मंत्रालय, सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर पुलिस, नागरिक प्रशासन और केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश की खुफिया एजेंसियों के अन्य शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। बैठक लगभग एक घंटा 30 मिनट तक चली।



### भयमुक्त हो अमरनाथ यात्रा

बैठक में अमरनाथ यात्रा भयमुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए तैयार किए गए प्लान पर विस्तृत चर्चा हुई। यात्रा मार्ग पर सुरक्षाबलों की तैनाती, सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय, खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान और मजबूत सुरक्षा ग्रिड बनाने को कहा गया। गृहमंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों को अमरनाथ यात्रा को भयमुक्त और सुरक्षित बनाने का निर्देश दिया। सीमापार से घुसपैठ की हर कोशिश को विफल करने को कहा। उन्होंने कहा कि केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन तीर्थयात्रियों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### नाइजीरिया में बाढ़ का कहर, 117 की मौत



**अबुजा।** नाइजीरिया के नाइजर राज्य के बाजार कस्बे मोक्वा में आई बाढ़ के कारण अब तक 117 लोगों की जान गई है। वहीं, बड़ी संख्या में लोग लापता हैं। नाइजर राज्य की राजधानी मिन्ना में परिचालन कार्यालय के प्रमुख हुसैनी ईसा ने कहा कि कई लोग अभी भी खतरे में हैं, शुक्रवार को बचाव कार्य जारी है। कई घंटों की लगातार बारिश के कारण नाइजर में बाढ़ आ गई। इस बाढ़ ने बुरी तरीके से जनजीवन को प्रभावित किया है।

### भारतवंशी फैजान ने जीता स्पेलिंग का खिताब



**नई दिल्ली।** भारतवंशी छात्र फैजान जाकी ने स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी प्रतियोगिता में एक्लेरसिसमेंट शब्द का सही ढंग से उच्चारण कर प्रतियोगिता जीत ली है। टेक्सास के 13 वर्षीय जाकी ने गुरुवार रात को सर्वदन्य कादम को हराकर यह जीत हासिल की। वह सातवीं कक्षा के छात्र हैं। उन्होंने 2024 में एक अन्य भारतीय-अमेरिकी ब्रुहत सोमा के खिलाफ स्पेल-आफ में दूसरा स्थान हासिल किया था। इस प्रतियोगिता में जाकी की यह चौथी बार भागीदारी थी।

## आईएनएस विक्रांत से राजनाथ सिंह ने भरी हुंकार

# भारतीय नौसेना जोश में आती, तो पाक के चार टुकड़े हो जाते, 1971 के युद्ध में 'दो' हो गए थे

एजेंसी ▶▶ पणजी

*रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक मिलिट्री एक्शन नहीं है बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का फ्रंटल असॉल्ट है। हम आतंकवाद के खिलाफ हर उस तरीके का इस्तेमाल करेंगे, जो पाकिस्तान सोच सकता है, मगर हम उन तरीकों का इस्तेमाल करने में भी संकोच नहीं करेंगे, जो पाकिस्तान सोच भी नहीं सकता*

### ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ, यह सिर्फ चेतावनी

### दुश्मनों को स्पष्ट संदेश भारत सहन नहीं करता, जवाब देता है

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि 1971 इसका गवाह है, कि जब भारतीय नौसेना हरकत में आई थी, तो पाकिस्तान एक से दो हो गया था। अगर ऑपरेशन सिंदूर में, भारतीय नौसेना अपने फॉर्म में आई होती, तो पाकिस्तान के दो टुकड़े ही न होते बल्कि मैं समझता हूं शायद चार टुकड़े हो जाते। रक्षा मंत्री ने शुक्रवार को गोवा के तट से कुछ ही दूरी पर आईएनएस विक्रांत पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह सिर्फ एक विराम है, एक चेतावनी। अगर पाकिस्तान ने फिर वही गलती की, तो भारत का उत्तर और भी कठोर होगा, और इस बार, उसे संभलने का मौका नहीं मिलेगा।



रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक मिलिट्री एक्शन नहीं है बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का फ्रंटल असॉल्ट है। हम आतंकवाद के खिलाफ हर उस तरीके का इस्तेमाल करेंगे, जो पाकिस्तान सोच सकता है, मगर हम उन तरीकों का इस्तेमाल करने में भी संकोच नहीं करेंगे, जो पाकिस्तान सोच भी नहीं सकता है।

### नौसेना की तैयारी देखकर भयभीत हुआ पाक



रक्षा मंत्री ने कहा कि इस पूरे ऑपरेशन में नौसेना की भूमिका गौरवशाली रही है। जब वायु सेना ने पाकिस्तान की धरती पर आतंक के अड्डों को ध्वस्त किया, तब अरब सागर में आपकी आक्रामक तैनाती, बेजोड़ समुद्री डोमेन जागरूकता और समुद्री वर्चस्व ने पाकिस्तानी सेना को उसके ही तटों के पास सीमित कर दिया। वे खुले समुद्र में आने का साहस तक नहीं जुटा सके। पाकिस्तान ने भारतीय नौसेना की प्रचंड शक्ति, उसकी सैन्य सूझबूझ और विध्वंसक क्षमताओं को न सिर्फ महसूस किया, बल्कि वह उससे भयभीत भी हुआ।

### वर्तमान का युद्ध साइबर स्पेस से लड़ा जा रहा

*रक्षा मंत्री ने कहा कि आज हम एक ऐसे युग में हैं, जहां युद्ध सिर्फ गोलियों और बमों से नहीं लड़े जाते, बल्कि साइबर स्पेस, टाटा डोमिनेंस और स्ट्रैटेजिक डिटेरेंस से भी लड़े जाते हैं। हमारी नौसेना इन सभी क्षेत्रों में मजबूती से आगे बढ़ रही है। भारतीय नौसेना आज सिर्फ हिंद महासागर की प्रहरी नहीं है, बल्कि एक रणनीतिक ताकत बन चुकी है। ऑपरेशन सिंदूर की एक खासियत यह भी थी, कि हमारी तीनों सेनाओं ने बेहतरीन तालमेल दिखाया। विभिन्न मंत्रालयों और सरकारी एजेंसियों के साथ समन्वय भी बहुत ही अच्छा रहा।*

### पाक से आगे बात आतंकवाद और पीओके पर होगी

रक्षा मंत्री ने कहा मैं आप सभी को, ऑपरेशन की सफलता पर बधाई देता हूँ। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले के बाद, जब भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, तो हमारे सशस्त्र बलों ने जिस गति, गहराई और स्पष्टता के साथ कार्रवाई की, वह अद्भुत था। उसने न केवल आतंकवादियों को, बल्कि उन्हें पालने-पोसने वाले सरपरस्तों को भी स्पष्ट संदेश दे दिया, कि भारत अब सहन नहीं करता, भारत अब सीधा जवाब देता है। उन्होंने कहा कि भारत ने साफ कह रखा है कि बात होगी, तो आतंकवाद पर होगी, पीओके पर होगी। अगर पाकिस्तान बातचीत को लेकर गंभीर है, तो उसे हाफिज सईद और मसूद अजहर जैसे आतंकवादियों को भारत के सुपुर्द करना चाहिए ताकि इंसाफ किया जा सके।

## इंडोनेशिया के इस्लामी संगठन का भारत को समर्थन

# कहा- आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे इस्लाम के नाम पर की हिंसा गलत



एजेंसी ▶▶ जकार्ता

इंडोनेशिया के सबसे बड़े इस्लामी संगठन नाहदतुल उलमा के कार्यकारी बोर्ड अध्यक्ष केएच उलिल अब्शार अब्दल्ला ने भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ मिलकर लड़ाई लड़ने और शांति को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया दोनों आतंकवाद जैसी चुनौती से गुजरे हैं। अब्दल्ला ने चेताया कि अगर धर्म का इस्तेमाल हिंसा को जायज ठहराने के लिए किया जाए, तो यह बहुत खतरनाक होता है। कुछ समूह इस्लाम के नाम पर हिंसा को बढ़ावा देते हैं, जो गलत है, क्योंकि इस्लाम शांति का धर्म है। आतंकवाद के सबसे बड़े शिकार खुद मुसलमान हैं, इसलिए इस खतरे को खत्म करने की सबसे पहली जिम्मेदारी भी मुसलमानों की ही बनती है।

### अनुच्छेद 370 हटाया जाना सराहनीय

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 ने लंबे समय से जम्मू-कश्मीर को शेष भारत से अलग मानने की धारणा बनाई हुई थी। पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार की ओर से अनुच्छेद को निरस्त करने के साथ ही यह धारणा समाप्त हो गई है। केंद्र सरकार के फैसले से क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आए हैं और समृद्धि बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इसके बाद चुनाव हुए और 65 प्रतिशत लोगों ने चुनाव में हिस्सा लिया। आज कश्मीर में एक निर्वाचित सरकार है। पहलगाम में जो कुछ भी हुआ या यहां जो भी आतंकी घटनाएं हो रही हैं, उससे हालात पहले जैसे करने की कोशिश की जा रही है। कश्मीर में जो समृद्धि आई है, उसे वापस गुम करने की कोशिश की जा रही है।

### डेनमार्क ने आतंकी हमले पर जताई संवेदना

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में डेनिश संसद के उपाध्यक्ष और विदेश नीति के अध्यक्ष लार्स क्रिश्चियन ब्रास्क से मुलाकात की। उन्होंने आतंकवाद की समस्या को समझा। अपने विचार व्यक्त किए और डेनमार्क सबसे पहले एकजुटता व्यक्त करने वाला देश था। उन्होंने भारत की स्थिति को समझा। हम तहे दिल से उनका शुक्रिया अदा करते हैं। बाक ने कहा कि हमें भारतीय संसद के एक बहुत मजबूत प्रतिनिधिमंडल से मिलकर सम्मानित महसूस हो रहा है और हमने अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।

## पंजाब पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# पासियां समेत 4 गैंगस्टरों का इंटरपोल से जारी कराया 'रेड कॉर्नर नोटिस'



एजेंसी ▶▶ बटाला

पंजाब की बटाला पुलिस ने आतंकी गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुहिम छेड़ी है और इंटरपोल से पांच कुख्यात गैंगस्टरों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस हासिल किया है। बब्बर खालसा के आतंकी और गैंगस्टर हैप्पी पासियां समेत 5 गैंगस्टरों पर विदेश में बैठकर अपने स्थानीय साथियों को बटाला और आसपास के इलाकों में आतंक और अराजकता फैलाने का निर्देश देने का आरोप है।

बता दें, पिछले कुछ दिनों में हुए बम धमाकों की घटनाओं में हैप्पी पासियां का नाम लगातार सामने आ रहा था जिसके बाद बटाला पुलिस ने यह कदम उठाया है। हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियां की बात करें तो उसे राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पहले ही जांच के दायरे में ले चुकी है।

### हैप्पी के चार साथी भी घेरे में

पुलिस ने हैप्पी पासियां के अलावा पवित्तर सिंह, हुशनदीप सिंह, शमशेर सिंह और हरि सिंह के खिलाफ ये कदम उठाया है। बटाला के एसएसपी सुहैल कासिम मीर का कहना है कि जांच में कई बातें सामने आई हैं। ये आरोपी अपने लोकल ऑपरेटिव को साथ जोड़ कर बम धमाकों, टारगेट किलिंग और फायरिंग जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। जिले में बढ़ते अपराध, खासकर फिरौती से जुड़े मामलों को लेकर पुलिस ने दोहरा रणनीति अपनाई है- एक ओर विशेष टीमों का गठन कर कार्रवाई की जा रही है, वहीं दूसरी ओर फरार अपराधियों के खिलाफ इंटरपोल से रेड-कॉर्नर नोटिस भी जारी करवाए जा रहे हैं। एसएसपी के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में जांच से यह सामने आया है कि स्थानीय स्तर पर ग्रेनेड हमले, टारगेट किलिंग और फायरिंग में शामिल लोग तो पकड़े जा रहे हैं, लेकिन इनके मास्टरमाइंड विदेशी ठिकानों से इन गतिविधियों को संचालित कर रहे हैं, जिन तक भारतीय एजेंसियों की पहुंच कठिन है।

### फिरौती के लिए भी आईं कॉल्स

*पिछले दिनों कई उद्योगपतियों को विदेशों से फिरौती की धमकी भरी कॉल्स मिली थीं, जिससे पुलिस सतर्क हो गई थी। इन कॉल्स का सीधा संबंध उन्हीं गैंगस्टरों से है जो विदेशों में बैठकर नेटवर्क चला रहे हैं। बता दें बीते महीने 17 अप्रैल को हैप्पी पासियां को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया था। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने पासियां की गिरफ्तारी की फोटो शेयर की थी। अमेरिकी एजेंसी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स इंफोर्समेंट ने उसे हिरासत में ले रखा है।*

## थाईलैंड में भारतीय को बाघ के साथ सेल्फी लेना पड़ा महंगा



**नई दिल्ली।** थाईलैंड में एक भारतीय ने जान जोखिम में डालकर बाघ के साथ सेल्फी लेने की कोशिश की। इसके बाद शख्स पर बाघ ने हमला कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक अज्ञात व्यक्ति बाघ के पास बैठकर तस्वीर लेने की कोशिश करता है, जबकि एक ट्रेनर बाघ को बैठने का इशारा करने के लिए छड़ी का इस्तेमाल करता हुआ दिखता है। अचानक बाघ आक्रामक हो जाता है और उस व्यक्ति पर हमला कर देता है। शख्स की चीखें वीडियो में सुनाई दे रही है।

## तीन दिनी यात्रा पर सीडीएस पहुंचे सिंगापुर

# शांगरी ला वार्ता को करेंगे संबोधित कई सैन्य नेतृत्व के साथ होंगी बैठकें

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) अनिल चौहान शुक्रवार से रविवार तक आयोजित होने वाली 22वीं शांगरी ला वार्ता में हिस्सा लेने के लिए सिंगापुर में हैं। शांगरी ला वार्ता को सबसे बड़े रक्षा मंचों में से एक माना जाता है। जनरल चौहान शनिवार को 'भविष्य के युद्ध और युद्धकला' विषय पर अपने विचार रखेंगे। चौहान कार्यक्रम के तहत विशेष सत्रों में भी भागीदारी करेंगे और 'भविष्य की चुनौतियों के लिए रक्षा नवोन्मेष समाधान' विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। जनरल चौहान कई देशों के वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों और सैन्य नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।



### रक्षा सहयोग को देंगे मजबूती

सीडीएस द्विपक्षीय वार्ताओं में सैन्य संबंधों को मजबूत करने, रक्षा सहयोग को बढ़ाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साझा सुरक्षा चुनौतियों का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। शांगरी ला वार्ता एक बड़ा रक्षा आयोजन है जहां रक्षा विशेषज्ञ भारत और पाकिस्तान संबंधी परिदृश्य को समझने की कोशिश करेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम और अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ भी वार्ता को संबोधित करेंगे।

## रूस के विदेश मंत्री लावरोव बोले

# मॉस्को की रूस-भारत-चीन त्रिकोणीय प्रारूप को फिर से सक्रिय करने की इच्छा

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस के विदेश मंत्री ने रूस, भारत, चीन संबंध को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रूस-भारत-चीन (आरआईसी) ढांचे को फिर से सक्रिय करने में रुचि दिखाई है। लावरोव ने कहा कि मैं रूस, भारत, चीन के प्रारूप में काम को जल्द से जल्द फिर से शुरू करने में हमारी रुचि को जाहिर करना चाहूंगा, जिसकी स्थापना कई साल पहले रूस के पूर्व पीएम येवगेनी प्रिमाकोव की पहल पर हुई थी। उन्होंने कहा कि इस समूह ने तब से लेकर अब तक न केवल विदेश नीति प्रमुखों के स्तर पर, बल्कि तीनों देशों की अन्य आर्थिक, व्यापार और वित्तीय एजेंसियों के प्रमुखों के स्तर पर मंत्रिस्तरीय बैठकें आयोजित की हैं।

### भारत-चीन के मध्य सीमा विवाद पर बनी सहमति



लावरोव ने कहा कि जैसा कि मैं समझता हूं, अब भारत और चीन के बीच सीमा पर स्थिति को सामान्य बनाने के तरीके पर सहमति बन गई है, और मुझे लगता है कि इस आरआईसी त्रिकोणीय प्रारूप को फिर से सक्रिय करने का समय आ गया है। रूस के विदेश मंत्री यूराल पर्वतों से घिरे पर्म शहर में यूरेशिया में सुरक्षा और सहयोग की एकल और न्यायसंगत प्रणाली बनाने पर एक अंतरराष्ट्रीय सामाजिक और राजनीतिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह शहर यूरोप और एशिया की सीमा पर है।

### नाटो देश भारत को चीन के खिलाफ उकसा रहे

लावरोव ने आरोप लगाया कि अमेरिका नीत उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) खुलेआम भारत को चीन विरोधी षड्यंत्रों में शामिल करने की कोशिश कर रहा है। लावरोव ने कहा कि मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारे भारतीय मित्र और मैं जाहिर तौर पर इस प्रवृत्ति को देखते हैं और यह बात उनके साथ गोपनीय बातचीत के आधार पर कह रहा हूं। इसे वास्तव में एक बड़ी उकसावे वाली कार्रवाई माना जा सकता है।

## यूएन में भारतीय प्रतिनिधि पी हरीश ने महासचिव गुतारेस से सम्मान प्राप्त किया

# दो भारतीय शांति रक्षकों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

पिछले वर्ष संयुक्त राष्ट्र के झंडे तले सेवा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले दो भारतीय शांति रक्षकों को संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस पर मरणोपरांत सम्मानित किया गया। यूएन डिस्एंगेजमेंट ऑब्जर्वर फोर्स (यूएनडीओएफ) में सेवा देने वाले ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र मिशन (एमओएनयूएससीओ) में कार्य कर चुके हवलदार संजय सिंह को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षक दिवस के अवसर पर गुरुवार को आयोजित एक समारोह में 'डैग हैमरशॉल्ड पदक' से मरणोपरांत सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतननेनी हरीश ने दोनों शांति रक्षकों के परिवार की ओर से महासचिव एंतोनियो गुतारेस से यह सम्मान प्राप्त किया। भारत ने ब्रिगेडियर झा, हवलदार संजय सिंह और सेवानिवृत्त कर्नल वैभव अनिल काले को याद किया जिन्हें देश ने पिछले वर्ष खो दिया था। भारत संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में वर्दीधारी कार्मिकों का चौथा सबसे बड़ा योगदानकर्ता है।

### आज विश्व को प्रभावी शांति स्थापना की जरूरतः गुतारेस

ब्रिगेडियर जनरल अमिताभ झा और हवलदार संजय झा सम्मानित किए गए



*संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस ने 1948 से अब तक जान गंवाने वाले 4,400 से अधिक शांति रक्षकों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की और 57 सैनिकों को मरणोपरांत पदक दिए। उन्होंने कहा कि आज विश्व प्रभावी शांति स्थापना की मांग करता है। हम अपने बहादुर शांति रक्षकों की सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षकों के अंतरराष्ट्रीय दिवस का विषय 'शांति स्थापना का भविष्य' है जो इस बात पर जोर देता है कि संयुक्त राष्ट्र पिछले वर्ष सितम्बर में विश्व नेताओं द्वारा अपनाए गए 'भविष्य के लिए समझौते' में बदलती दुनिया के अनुरूप शांति स्थापना को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।*

### शांति मिशनों में भारत सबसे आगेः यूएन शांति प्रमुख लाक्रॉइक्स



भारत शांति सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत अहम भूमिका निभाता है। यह न केवल अपने जवानों के जरिए शांति मिशनों में योगदान देता है, बल्कि शांति सैनिकों के खिलाफ अपराधों की जवाबदेही सुनिश्चित करने जैसे कई प्रयासों का भी नेतृत्व करता है। संयुक्त राष्ट्र के शांति सुरक्षा विभाग के प्रमुख जीन-पियरे लाक्रॉइक्स ने यह बात गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि कि भारत शांति सैनिकों और पुलिस बल के सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक है और महिला शांति सैनिकों के मामले में भी भारत अग्रणी भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि शांति मिशनों में महिलाओं की संख्या बढ़ाना और उन्हें राजनीतिक प्रक्रियाओं में शामिल करना जरूरी है ताकि शांति बनाए रखने के प्रयास सफल हों। यह कोई विचारधारा नहीं, बल्कि हकीकत है कि महिलाओं की भागीदारी से शांति प्रयास और मजबूत होते हैं।

## अडाणी पोर्ट्स ने अपना अब तक का सबसे बड़ा घरेलू बॉन्ड हासिल किया

### इश्यू को 7.75 फीसदी प्रति वर्ष की प्रतिस्पर्धी कूपन दर पर किया लॉक

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड ने 15 साल के नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर के ज़रिए 5,000 करोड़ रुपए सफलतापूर्वक जुटाए हैं। अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड की मजबूत वित्तीय स्थिति और 'एएए/स्थिर' घरेलू क्रेडिट रेटिंग के समर्थन से इस इश्यू को 7.75 प्रतिशत प्रति वर्ष की प्रतिस्पर्धी कूपन दर पर लॉक किया गया और एलआईसी द्वारा पूरी तरह से सब्सक्राइब किया गया। डिबेंचर बीएसई पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। यह इश्यू अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड की आकर्षक कीमतों पर विविध स्रोतों से दीर्घकालिक पूंजी तक गहरी पहुंच को दर्शाता है और इसकी ऋण परिपक्वता प्रोफ़ाइल को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाता है। यह लेन-देन अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड की अब तक की सबसे लंबी अवधि के इश्यू के लिए घरेलू बाज़ारों तक पहुंच को उजागर करता है, और भारतीय पूंजी बाज़ार के इतिहास में सबसे लंबे समय तक के इश्यू में से एक है। यह केवल एक वित्तपोषण अभ्यास नहीं है।



### वित्त वर्ष 30 तक 1 बिलियन टन कार्गो को संभालने का लक्ष्य

कंपनी के निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहाकि अडाणीपोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 30 तक 1 बिलियन टन कार्गो को संभालने का लक्ष्य रखा है, जो वित्त वर्ष 25 की संख्या से 2 गुना अधिक है। अपने बंदरगाह संचालन से परे, कंपनी ने अपने रसद और समुद्री व्यवसायों का विस्तार करने की महत्वाकांक्षी योजनाएं भी बनाई हैं अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड को धैर्यवान पूंजी और उच्च तरलता तक अधिक पहुंच प्राप्त होती है, जो दीर्घकालिक योजना और बड़े पैमाने की परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

### विकसित पूंजी प्रबंधन योजना का एक सक्रिय निष्पादन

अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड के लिए सावधानीपूर्वक विकसित पूंजी प्रबंधन योजना का एक सक्रिय निष्पादन है, जो अद्यतन व्यावसायिक संस्कृति को बनाए रखने, ऋण परिपक्वता प्रोफ़ाइल का विस्तार करने, लागत कम करने और वित्तपोषण स्रोतों में विविधता लाने पर केंद्रित है। यह योजना अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड को दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत परिवहन उपयोगिता बनने के अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ समर्थन करने के लिए डिजाइन की गई है।

## मुथूट फॉरेक्स और थॉमस कुक का सह-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली




मुथूट समूह थॉमस कुक के सहयोग से अपने सह-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड, मुथूट फॉरेक्स ट्रैवल कार्ड के लांच की घोषणा करते हुए रोमांचित है। आधिकारिक लॉन्च समारोह नई दिल्ली में एमजी जॉर्ज मुथूट टावर्स में आयोजित किया गया, जो अपने ग्राहकों को अभिनव वित्तीय समाधान प्रदान करने की कंपनी की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। ट्रैवल फाइनेंस में एक नया युग- सह-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड को अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो कई तरह के लाभ और सुविधाएं प्रदान करता है जो इसे दुनिया भर में घूमने वालों के लिए एक अपरिहार्य साथी बनाते हैं। 12 अलग-अलग मुद्राओं को लोड करने की क्षमता, कई रीलोड विकल्पों और आसान नकदीकरण सुविधाओं के साथ, कार्ड लोगों के अपने यात्रा फंड को प्रबंधित करने के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए तैयार है।

## होंडा ने 50वीं वर्षगांठ पर गोल्ड विंग टूर लांच की, बुकिंग्स शुरू



गुरुग्राम। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने 2025 गोल्ड विंग टूर – 50वीं वर्षगांठ संस्करण के लांच की घोषणा की। इस प्रतिष्ठित मॉडल के पचास वर्ष पूरे होने पर, गोल्ड विंग टूर लग्ज़री टूरिंग का नया मानदंड स्थापित करता है। इसकी बुकिंग अब शुरू हो गई है और इसे विशेष रूप से कंपनी के प्रीमियम बिग विंग टॉपलाइन डीलरशिप्स के माध्यम से बेचा जाएगा। 50वीं वर्षगांठ का यह होंडा गोल्ड विंग टूर रु. 39.90 लाख की कीमत पर उपलब्ध है। होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ, त्सुत्सुमु ओतानी ने कहाकि हम भारत में 50वीं वर्षगांठ गोल्ड विंग टूर को पेश करते हुए बेहद उत्साहित हैं। 2025 गोल्ड विंग टूर की लॉन्चिंग 1975 में शुरू हुई एक आइकॉनिक यात्रा की स्मृति को समर्पित है।

## रिलायंस डिजिटल का 'बूट अप इंडिया' अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई




बूट अप इंडिया एक एकीकृत अभियान है जिसमें इन-स्टोर एक्टिवेशन, सोशल मीडिया संचार और विभिन्न क्षेत्रों में मेल-जोल संबंधी गतिविधियां करना शामिल हैं। यह अभियान आपकी क्षमताओं को बढ़ाने और टेक्नोलॉजी हर किसी के लिए पहुंच योग्य बनाने की रिलायंस डिजिटल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चाहे आप कॉलेज की तैयारी कर रहे छात्र हों, अपने बच्चे के भविष्य में निवेश करने वाले माता-पिता हों, प्रोडक्टिविटी के लिए अपग्रेड करने वाले प्रोफेशनल हों, बेहतर परफॉर्मेंस की तलाश करने वाले गेमर हों, रचनात्मक सीमाओं को लांघने वाले क्रिएटर हों या डिजिटल दुनिया में खुद की जगह बनाने वाले वरिष्ठ हों, यहां आपकी जरूरत अनुसार हर तरह का लैपटॉप है।

## चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को गैर-कॉर्पोरेट इकाई के वित्तीय विवरण की दी उपयोगी और व्यावहारिक जानकारी

### आईसीएआई भोपाल शाखा का प्रोफेशनल स्किल्स प्रोग्राम संपन्न

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई ) की भोपाल शाखा द्वारा आयोजित प्रोफेशनल स्किल्स प्रोग्राम का सफल आयोजन संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम आईसीएआई की व्यावसायिक कौशल संवर्धन समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में तीन तकनीकी सत्रों का आयोजन हुआ। प्रथम सत्र में सीए जय अजीत छायरा ने सीए- क्लाइंट्स कम्युनिकेशन कल्चर विषय पर गहन चर्चा की और प्रोफेशनल संवाद, ग्राहक प्रबंधन और संगठनात्मक संस्कृति की आधुनिक व्याख्या प्रस्तुत की। द्वितीय सत्र में गौरव अरोड़ा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स द्वारा लीड जनरेशन विषय पर विचार साझा किए, जिसमें उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को व्यवसायिक अवसरों की पहचान व विस्तार के व्यावहारिक तरीके बताए। तृतीय एवं सबसे महत्वपूर्ण सत्र में सीए प्रमोद जैन ने गैर-कॉर्पोरेट इकाई का वित्तीय विवरण पर अत्यंत उपयोगी एवं व्यावहारिक जानकारी दी।

### निर्धारित प्रारूप में वित्तीय विवरण तैयार करना अनिवार्य




उन्होंने बताया कि अब से स्वामित्व, साझेदारी फर्म एवं एलएलपी के लिए आईसीएआई द्वारा निर्धारित प्रारूप में वित्तीय विवरण तैयार करना अनिवार्य कर दिया गया है, जो कि वर्ष 2025 से प्रभावी है। यह बदलाव एक महत्वपूर्ण नियामकीय परिवर्तन है, जो नॉन-कॉरपोरेट संस्थाओं के वित्तीय रिकॉर्ड को अधिक पारदर्शी और तुलनात्मक बनाएगा। प्रतिभागियों ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी और जानकारी पूर्ण बताया। कार्यक्रम में सीए जय अजीत छायरा (अध्यक्ष, पीएसईसी), सीए अभय छाजेड़ (उपाध्यक्ष, पीएसईसी), तथा सीए अर्पित राय (अध्यक्ष, आईसीएआई भोपाल शाखा) की उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त, भोपाल शाखा की कार्यकारिणी समिति के सदस्य सीए आदित्य श्रीवास्तव, सीए प्रदीप मुतरेजा, सीए पीयूष चतर, सीए नंदन नरूला तथा सीए सुचिता गोयल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## ग्रेन मर्चेंट्स एसो. ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री को भेजा पत्र

### सस्ते दलहनों के आयात पर की तत्काल रोक लगाने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

विदेशों से सस्ते दलहनों का विशाल आयात जारी रहने से घरेलू प्रभाग में इसका भाव काफी घट गया है जिससे किसानों को लाभप्रद वापसी हासिल करने के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ रहा है।

ग्रेन मर्चेंट्स एसोसिएशन ने सरकार से सस्ते दलहनों के आयात पर रोक लगाने अथवा इसके लिए न्यूनतम आयात मूल्य निर्धारित करने और मात्रात्मक नियत्रण लागू करने का आग्रह किया है। रोहित सुगंधीलाल जैन ने बताया कि एसोसिएशन ने केंद्रीय उपभोक्ता मामले एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री को भेजे एक पत्र में कहा है कि विदेशों से शुल्क मुक्त या न्यूनतम शुल्क पर विशाल मात्रा में दलहनों का आयात होने से विचित्र स्थिति पैदा हो गई है। कुछ दलहनों का घरेलू बाजार भाव घटकर केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से भी नीचे आ गया है। वर्तमान समय में लगभग सभी प्रमुख दलहनों- तुवर, उड़द, मसूर एवं चना का आयात सरकारी समर्थन मूल्य से नीचे भाव पर हो रहा है। उन्होंने बताया कि अफ्रीकी मूल की तुवर का आयात खर्च 5500 रुपए प्रति क्विंटल तथा म्यांमार की तुवर का आयात खर्च 6500 रुपए प्रति क्विंटल बैठ रहा है जबकि इसका एमएसपी 7550 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। इसी तरह उड़द का समर्थन मूल्य 7400 रुपए प्रति क्विंटल है जबकि म्यांमार से इसके आयात का खर्च 6700 रुपए प्रति क्विंटल बैठ रहा है। इस आयातित उड़द की क्वालिटी अक्सर स्वदेशी माल से बेहतर होती है। जहां तक मसूर का सवाल है तो इसका एमएसपी 6700 रुपए प्रति क्विंटल नियत है जबकि कनाडा एवं ऑस्ट्रेलिया से आयातित मसूर का खर्च 5900 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास बैठ रहा है।

## टीवीएस ने लांच किया जुपिटर 125 डुअल टोन वैरिएंट

*बेंगलुरु । टीवीएस मोटर कंपनी ने जुपिटर 125 स्कूटर के लिए एक नया वेरिएंट लांच किया है, जिससे जुपिटर के कुल वेरिएंट की संख्या चार हो गई है। डुअल टोन स्मार्टएक्सोनेक्ट वेरिएंट नाम के इस नए वेरिएंट की कीमत रु.89,000 (एक्स-शोरूम) है और यह जुपिटर 125 के डिस्क और स्मार्टएक्सोनेक्ट वैरिएंट के बीच में आती है। स्कूटर पर नए डुअल-टोन कलर ऑप्शन को आइवरी ब्राउन और आइवरी ग्रे कहा जाता है. फिलहाल ये कलर ऑप्शन स्कूटर के इस वेरिएंट में ही दिए गए हैं. इसके अलावा, स्कूटर के इस वैरिएंट में रियर रिफ्लेक्टर और पिलियन बैकरेस्ट भी दिया गया है। दूसरा नया फीचर एक नया फुली डिजिटल एलसीडी क्लस्टर है जो कॉल और एसएमएस अलर्ट और रियल-टाइम और औसत ईंधन दक्षता के आंकड़े प्रदर्शित करता है।*

## शिव शक्ति लोगों का सबसे मनपसंद शो बना



**मंबई।** कलर्स रिश्ते पर प्रसारित हो रहे 'शिव शक्ति' तप, त्याग, तांडव' आजकल लोगों का सबसे मन पसंद शो बन गया है। इसकी पौराणिक कहानी, खूबसूरत दृश्य और भगवान शिव व देवी शक्ति के दिव्य प्रेम और ब्रह्मांड के संतुलन को दिखाने वाले दमदार अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। अब यह शो कलर्स रिश्ते पर वापस आ गया है और डीडी फ्री डिश पर मुफ्त में भी देखा जा सकता है, जिससे देशभर में और भी ज्यादा लोग इसे आसानी से देख पा रहे हैं। इस शो की सबसे खास बात है शुभा राजपूत का देवी शक्ति के रूप में शानदार अभिनय। उन्होंने इस किरदार को पूरे दिल से निभाया, और देवी के भाव को समझने के लिए आध्यात्मिक साधना और पौराणिक ज्ञान में खुद को लीन कर दिया। एक बातचीत में शुभा ने बताया कि इस दिव्य किरदार को निभाने मात्र से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। अब वह खुद को पहले से ज़्यादा शांत और संतुलित महसूस करती हैं।

## भारत की जीडीपी ग्रोथ जनवरी-मार्च अवधि में बढ़कर 7.4 प्रतिशत रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में बढ़कर 7.4 प्रतिशत हो गई है। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में यह 6.2 प्रतिशत पर थी। इसकी वजह कृषि, कंस्ट्रक्शन और सर्विसेज सेक्टर का मजबूत प्रदर्शन करना है। यह जानकारी शुक्रवार को सरकार की ओर से जारी डेटा में दी गई। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 की आर्थिक विकास दर 6.5 प्रतिशत रही है। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान 4.6 प्रतिशत रही, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 2.7 प्रतिशत थी। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के दौरान कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के 0.8 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 5 प्रतिशत हो गई। वित्त वर्ष 2024-25 में निजी अंतिम उपभोग व्यय में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। कृषि क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन के अलावा राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों और हवाई अड्डों जैसी बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में सरकार द्वारा किए गए बड़े निवेश ने विकास दर को बढ़ाने में मदद की है। इसी वजह से वैश्विक मंदी के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। आईएमएफ के अनुमान के मुताबिक भारत की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025-26 में 6 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ विकास करने वाली एकमात्र अर्थव्यवस्था होगी ।

### चौथी तिमाही में कंस्ट्रक्शन क्षेत्र के 10.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

*वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में कंस्ट्रक्शन क्षेत्र के 10.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। इसके बाद पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, डिफेंस और अन्य सर्विसेज क्षेत्र की वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत और फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेज क्षेत्र की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।*

### कंस्ट्रक्शन क्षेत्र की विकास दर 9.4 प्रतिशत रहने का अनुमान

*वित्त वर्ष 2024-25 में कंस्ट्रक्शन क्षेत्र की विकास दर 9.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके बाद पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, डिफेंस और अन्य सर्विसेज क्षेत्र की वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत और फाइनेंशियल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सर्विसेज क्षेत्र की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।*




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं वर्गीकृत क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## इफको 'नैनो उर्वरकों' की बिक्री में 47 फीसदी की वृद्धि

*__नई दिल्ली।__ सहकारी संस्था इफको ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर-पूर्व लाभ के रूप में 3,811 करोड़ रुपए का मुनाफ़ा दर्ज किया। साथ ही नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47फीसदी की वृद्धि दर्ज की। इस वित्त वर्ष (2024-2025) में नैनो-उर्वरकों की 365.09 लाख बोतलें बेची गईं, जबकि पिछले वित्त वर्ष (2023-2024) में 248.95 लाख बोतलें बेची गई थीं। वित्त वर्ष 24-25 के दौरान इफको ने 41,244 करोड़ रुपए का कारोबार दर्ज किया। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी ने कहा कि यह देश के पूरे सहकारी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि इफको के शानदार विकास के आंकड़े सहकार से समृद्धि के सपने को साकार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति ने लगातार तीन वित्तीय वर्षों में 3000 करोड़ रुपए से अधिक का लाभ दर्ज किया है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले 23 लगातार वर्षों से इफको ने अपने सदस्यों को चुकता शेयर पूंजी पर 20 फीसदी लाभांश देकर पुरस्कृत किया है। जो न्यायसंगत और सतत विकास के प्रति इसके समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्रालय के समर्थन से नैनो-उर्वरक समिति के लिए प्रमुख फोकस क्षेत्र रहा है, व्यापक जागरूकता अभियान और अनुसंधान ने किसानों के बीच उत्पादों की स्वीकृति बढ़ाने में समिति की मदद की है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान बेची गई 365 लाख बोतलों में से 268 लाख बोतलें इफको नैनो यूरिया प्लस (लिक्विड) और 97 लाख बोतलें इफको नैनो डीएपी (लिक्विड) की बेची गईं।*

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।


**धनु** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में

## शब्द पहेली - 5883



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 5882 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकु नवताल - 5893

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5892 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |



# साउंड डिजाइन में ऑस्कर जीत रेसुल पुकुट्टी ने बनाई वैश्विक पहचान

**मुंबई।** सिनेमाई दुनिया का सबसे बड़ा अवॉर्ड ऑस्कर जीतने वाले रेसुल पुकुट्टी, जो एक साउंड डिजाइनर के रूप में जाने जाते हैं। फिल्मों में ध्वनि और साउंड डिजाइन की तकनीक को दर्शकों के बीच पहचान दिलाने में इनका खास योगदान रहा है। इसके अलावा रेसुल ने ब्रिटिश फिल्मों के अलावा हिंदी, तमिल और मलयालम भाषाओं में भी काम किया है। रेसुल पुकुट्टी का जन्म 30 मई 1971 को केरल राज्य के कोल्लम जिले के छोटे से गांव विलक्कुपारा में हुआ था। उनके पिता एक प्राइवेट बस में टिकट कलेक्टर थे और घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। बचपन से ही रेसुल का रुझान तकनीक और रचनात्मकता की ओर था। उन्होंने भौतिकी में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद एलएलबी में दाखिला लिया, लेकिन पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी, क्योंकि उनका सेलेक्शन पुणे में हो गया था।

## लाइफ Style

# आलिया

## दोस्त की शादी में ब्लैक गाउन में दिखीं

पिछले दिनों आलिया भट्ट कान फिल्म फेस्टिवल में अपने अलग-अलग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छा गईं। इन दिनों भी दोस्त की शादी से आलिया के कई लुक्स वायरल हो रहे हैं। दोस्त की शादी वाले दिन भी आलिया ब्लैक कलर के गाउन में दिखीं। इन तस्वीरों को और लुक्स को देखकर लग रहा है कि आलिया पर अब भी कान्स का खुमार चढ़ा हुआ।

एजेंसी ⏭ मुंबई

आलिया भट्ट इन दिनों स्पेन में अपनी दोस्त तान्या साहा गुप्ता की शादी को एंज्वॉय कर रही हैं। शादी के अलग-अलग फंक्शन से आलिया की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुईं। पिछले दिनों उनका फ्यूजन लुक्स फैंस को काफी पसंद आया। अब दोस्ती की शादी वाले दिन की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में आलिया भट्ट कान फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट वाले अंदाज में ही नजर आ रही हैं। शादी में आलिया भट्ट ने ब्लैक कलर का गाउन इसलिए पहना है, क्योंकि तान्या साहा की बाकी सहेलियों ने भी इसी कलर थीम को फॉलो किया है। वहीं, दुल्हन यानी तान्या साहा गुप्ता ने व्हाइट कलर का वेडिंग गाउन पहना है। वायरल तस्वीरों में आलिया का ब्लैक गाउन ऑफशोल्डर स्टाइल में बना है।

एक्ट्रेस ने बहुत कम मेकअप किया है और बाल भी बांधे हुए हैं। एक तरफ दोस्त की शादी से आलिया के कई लुक्स वायरल हो रहे हैं, वहीं अब तक उनके कान्स फिल्म फेस्टिवल्स के लुक्स की भी चर्चा है। इस इवेंट में आलिया का साड़ी, गाउन लुक अब तक सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। पहली बार आलिया ने कान्स फिल्म फेस्टिवल में शिरकत की थी। आलिया भट्ट के कॅरियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल एक फिल्म 'अल्फा' कर रही हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# मिशन इम्पॉसिबल का सफर किया याद

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने शुक्रवार को अपने 30 साल से पुराने सफर को याद करते हुए कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। साथ ही कैप्शन में लिखा, '30 साल से ज़्यादा पहले, मैंने अपनी पहली फ़िल्म मिशनः इम्पॉसिबल के निर्माण की यात्रा शुरू की थी। तब से, इन आठ फिल्मों ने मुझे जीवन भर के रोमांच पर ले जाया है। दुनिया भर के अविश्वसनीय निर्देशकों, अभिनेताओं, कलाकारों और क्रू को, जिन्होंने इन कहानियों को जीवंत बनाने में मदद की है, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं। आप सभी के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही है। टॉम ने इस पोस्ट के साथ अपने दर्शकों का भी शुक्रिया अदा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'सबसे महत्वपूर्ण बात, मैं दर्शकों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, जिनके लिए ये फिल्में बनाना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है और जिनकी हम सभी सेवा करते हैं। हम द फाइनल रेकनिंग को आपके साथ साझा करके रोमांचित हैं।'



# कैब ड्राइवर ने रैपर क्रिसी सेलेस पर तानी बंदूक

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के फ्लोरिडा में रैपर क्रिसी सेलेस के साथ एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। उनके ऊपर एक कैब ड्राइवर ने बंदूक तान दी। पहले कैब ड्राइवर ने रैपर से अपनी कैब से बाहर निकलने को कहा, जब बहस बढ़ी तो उसने रैपर पर बंदूक तान दी। किसी तरह से रैपर ने अपनी जान बचाई। इस मामले ने सभी को चैंका दिया है। कैब ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। रैपर क्रिसी सेलेस फिलहाल ठीक हैं। बताया जाता है कि उबर कैब ड्राइवर जेनिफर बेनीडेज ने मियामी से दो महिलाओं को अपनी कैब में बिठाया। इसके बाद दोनों को गंतव्य से पहले हॉलीवुड में एक जगह पर उतरने को कहा। सवारियों ने उतरने से मन कर दिया। इस पर कैब ड्राइवर ने रैपर क्रिसी सेलेस पर बंदूक तान दी। इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कैब ड्राइवर और सवारियों के बीच तीखी बहस हो रही है। कैब ड्राइवर बार-बार सवारियों से कह रही है कि मेरी कार से उतर जाओ। जब वह दोनों उतरने से मना करते हैं तो कैब ड्राइवर उन पर बंदूक तान देती है।



# इब्राहिम और सारा के साथ गईं मूवी डेट पर

**मुंबई।** एक्ट्रेस पलक तिवारी का नाम एक्टर इब्राहिम अली खान के साथ जोड़ा जाता रहा है। दोनों को कई बार साथ में भी देखा गया है। अब गुरुवार, 29 मई को भी इन्हें मूवी डेट पर साथ देखा गया। पपाराजी ने इन्हें स्पॉट किया। जिसका वीडियो और फोटो इंटरनेट पर वायरल है। हालांकि, इस वक्त ये अकेले नहीं थे। इनके साथ सारा अली खान भी थीं, जिन्होंने उन्हें कंपनी दी थी। अब इस पर लोग रिएक्ट कर रहे हैं। वायरल हो रहे एक वीडियो में तीनों को जुहू के एक थिएटर में एक साथ देखा जा सकता है, जिसमें इब्राहिम गाड़ी चला रहे हैं। जैसे ही उन्होंने पैप्स को देखा, इब्राहिम थिएटर के अंदर भाग गए, जबकि पलक और सारा को पैप्स के बीच से गुजरते हुए एक-दूसरे के साथ मजाक करते और हंसते हुए देखा गया।



# अब अजय देवगन भी बनाएंगे दृश्यम 3

**मुंबई।** अप्रैल 2025 में जब मोहनलाल ने अपनी सुपरहिट क्राइम सस्पेंस थ्रिलर 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी के तीसरे पार्ट यानी 'दृश्यम 3' का ऐलान किया, तो अजय देवगन के लिए इसे तगड़ा झटका माना जा रहा था। ऐसा इसलिए, क्योंकि मोहनलाल ने मलयालम में बन रही अपनी ओरिजनल 'दृश्यम 3' को हिंदी समेत पैन इंडिया रिलीज करने का फैसला किया। वहीं, अजय देवगन भी साल 2022 में 'दृश्यम 2' की रिलीज के साथ ही 'दृश्यम 3' का ऐलान कर चुके थे। ऐसे में यह अजय देवगन के लिए टेंशन वाली बात थी, क्योंकि जब ओरिजनल 'दृश्यम 3' ही हिंदी में रिलीज होगी, तो फिर एक और 'दृश्यम 3' को भला हिंदी में कौन देखेगा? इस कारण अजय देवगन की 'दृश्यम 3' पर खतरों के बादल मंडराने लगे थे। पर अब अजय देवगन की 'दृश्यम 3' भी कन्फर्म हो गई है, और वह इसमें लीड रोल में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला

# हर्ष और भारती ने बताई टीवी इंडस्ट्री की खस्ता हालत



**नई दिल्ली।** टेलीविजन इंडस्ट्री संकट का सामना कर रही है, कई शो रिलीज़ होने के कुछ ही महीनों बाद बंद हो रहे हैं। अपने पॉडकास्ट में हर्ष लिंबाचिया और भारती सिंह ने लोन पर जिंदगी जीने के बारे में बात की है और रीम शेख के साथ टेलीविज़न इंडस्ट्री के संघर्षों पर भी चर्चा की। हर्ष लिंबाचिया को लगता है कि टेलीविजन इंडस्ट्री संघर्ष कर रही है, क्योंकि बजट कम हो गए हैं और आज 'लाफ्टर शेफ्स' जैसे बहुत कम बड़े शो बनाए जा रहे हैं जो टिक पा रहे हैं। रीम ने अपने संघर्षों के बारे में बात की और खुलासा किया कि उन्होंने सोचा था कि 'राब्ता' और दो और फेमस शो करने के बाद उन्हें 1.5-2 लाख का भुगतान किया जाएगा। हालांकि, बजट कम होने के कारण वह पिछले कुछ वर्षों में जो कमा रही थीं, उसके बराबर अब नहीं कमा पा रही हैं। हर्ष लिंबाचिया ने कहा, 'हम भी इसी तरह की समस्या का सामना कर रहे हैं। लोग मुझे एक चैनल पर शो होस्ट करते हुए देखते हैं और भारती दूसरे चैनल पर शो होस्ट करती हैं, लोग सोचते हैं कि मैं प्रतिदिन 20 लाख रुपए चार्ज करूंगा, भारती को प्रतिदिन 50 लाख रुपए मिलेंगे। यह सच नहीं है। हम कर्ज लेकर जी रहे हैं और अगर हम अपने पास आने वाले काम को नहीं लेंगे, तो कोई और ले लेगा।' भारती ने चुटकी लेते हुए कहा, 'हम इतने कर्ज में हैं कि जब दूधवाला भी आता है, तो हमें लगता है कि कोई एजेंट कर्ज वापस लेने आया है।'

## ज्यादा फीस की वजह से टला करण-जेनिफर का कमबैक

**नई दिल्ली।** हाल ही में मीडिया में खबरें आई थीं कि पॉपुलर एक्टर्स करण सिंह ग्रोवर और जेनिफर विंगेट करण जौहर के नए रियलिटी शो द ट्रेटर्स में एक साथ नजर आ सकते हैं। ये खबर उनके फैंस के लिए खास थी, क्योंकि दोनों की जोड़ी बहुत पसंद की जाती है। हालांकि, शो से जुड़े एक करीबी सूत्र ने हमें बताया कि ऐसा होने वाला नहीं है। अब शो के ट्रेलर में दोनों के नजर न आने से इस बात की पुष्टि भी हो गई। सूत्र कि मानें तो मेकर्स ने करण सिंह ग्रोवर और जेनिफर विंगेट दोनों को वाइल्ड कार्ड एंट्री के लिए अप्रोच किया था।



उन्होंने बताया, 'शुरू में करण ने शो के लिए हामी भर दी थी, जेनिफर ने भी सहमति दी थी। लेकिन, जेनिफर ने अपनी फीस बहुत ज्यादा मांगी, जो मेकर्स के बजट से बाहर थी। ऐसा उन्होंने जानबूझकर किया।' सूत्र ने आगे बताया, 'शो के कई हिस्सों की शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी थी। दोनों को बाद में जोड़ने की कोशिश हुई, लेकिन फीस को लेकर बात नहीं बनी, इसलिए उनकी एंट्री नहीं हो सकी।'

# प्यार में तबाही की कहानी है 'सैयारा'



**मुंबई।** अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे 'सैयारा' में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह अनीत पड्डा के साथ लीड रोल में नजर आएंगे, जो इस रोमांस फिल्म में अपना डेब्यू भी करेंगी। आखिरकार, फिल्म का टीज़र रिलीज़ हो गया है। शुक्रवार, 30 मई को, यूआरएफ़ ने 'सैयारा' का टीज़र रिलीज़ किया, जो एक प्रेम कहानी है और अहान पांडे की हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू भी है। फिल्म में अनीत पड्डा हैं, जिन्होंने सीरीज़ 'बिग गर्ल्स डोंट क्राई' में लोगों का दिल जीत लिया था। 'सैयारा' का टीजर रोमांस और ड्रामा से भरपूर फिल्म का वादा करता है।

### 18 जुलाई को सिनेमाघरों में होगी रिलीज़

टीजर से फिल्म के टाइटल 'सैयारा' का मतलब भी पता चलता है। टीजर के अनुसार, 'सैयारा' का मतलब बस एक भटकता हुआ सितारा है, लेकिन कविता में इसका इस्तेमाल अक्सर किसी चमकदार, अलौकिक या दूसरी दुनिया से जुड़ी किसी चीज के लिए किया जाता है- एक भटकता हुआ सितारा, हमेशा चमकता हुआ, हमेशा मार्गदर्शन करने वाला, लेकिन हमेशा पहुंच से बाहर। 'सैयारा' 18 जुलाई, को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है।

# द ट्रेटर्स में उर्फी से लेकर अपूर्वा तक भिड़ेंगे 20 सेलेब

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर एक नया रियलिटी शो आ रहा है। इसका नाम 'द ट्रेटर्स' है। इसे निर्देशक करण जौहर होस्ट करने वाले हैं। इसे 12 जून से अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। नया एपिसोड हर बृहस्पतिवार को रिलीज होगा। इस शो में 20 सेलिब्रिटीज विश्वास और विश्वासघात के खेल में भाग लेंगे। इसके बाद जीतने वाले को नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी। धोखे और चालबाजियों से भरपूर इस रियलिटी शो के पहले सीजन में 20 सेलिब्रिटीज हिस्सा ले रहे हैं। इनमें अंशुला कपूर, अपूर्वा, आशीष विद्यार्थी, एलनाज नौरोजी, हर्ष गुजराल, जन्नत जुबैर, जान्वी गौर, जैस्मिन भसीन, करण कुंद्रा, लक्ष्मी मांचू, महीप कपूर, मुकेश छाबड़ा, निकिता लूथर, पुरव झा, रफ्तार, राज कुंद्रा, साहिल सलाथिया, सुधांशु पांडे, सूफी मोतीवाला और उर्फी जावेद शामिल हैं।



### ये खेल बहुत खराब है

ट्रेलर की शुरुआत एक घर से होती है। वॉयस ओवर में करण जौहर कहते हैं 'एक फैंसी मिस्टीरियस पैलेस में मिले कुछ सीधे साधे लोग और शुरू हुआ एक प्यारा सा गेम।' गेम में शामिल एक प्रतिभागी कहता है कि अगर मैं ट्रेटर निकला तो मैं रैप करना छोड़ दूंगा। एक दूसरी प्रतिभागी कहती है कि अगर मैं ट्रेटर निकली तो मैं सर गंजा करवा दूंगी। इसके बाद करण जौहर कहते हैं कि यह है द ट्रेटर्स जिसे खेलने के लिए आ रहे हैं हमारे 20 शातिर प्लेयर्स। करण जौहर आगे बताते हैं कि गेम के शुरूआत में चुने जाएंगे तीन ट्रेटर्स जो बाकी मासूम प्लेयर्स का मर्डर करते जाएंगे। मासूमों के पास होगा मौका कि वह ट्रेटर्स को ढूंढकर उनका खेल खत्म कर दें। इसके बाद ट्रेलर में प्रतिभागियों के बीच गलतफहमियां होती हैं। ट्रेलर के आखिर में प्रतिभागी कहते हैं कि ये खेल बहुत खराब है।

# जब शुक्रवार को चाट की दुकानों पर हो जाता था सन्नाटा

## जय संतोषी मां के 50 साल पूरे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सिनेमा के हर कालखंड में कुछ फिल्में ऐसी जरूर बनी हैं, जिन्होंने अपनी लागत से हजारों गुना कमाई करके इन्हें बनाने वालों तक को चौंका दिया। द केरल स्टोरी इसका ताजा उदाहरण है, उसके पीछे जाएं तो याद आएगी फिल्म नदिया के पार और 50 साल पीछे जाएं तो पता चलता है कि जिस साल फिल्म शोले ने बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई की, उसी साल सिनेमाघरों में एक और फिल्म ने कृपा बरसाई जिसका नाम है, जय संतोषी मां। 30 मई 1975 को रिलीज हुई ये फिल्म 50 साल बाद भी अपने समय के सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक संदर्भों का दस्तावेज बनी हुई है।

### लागत 12 लाख रुपए, कमाई 25 करोड़

फिल्म जय संतोषी मां की कहानी सत्यवती नाम की एक महिला की है जिसको उसके ससुराल वाले बहुत कष्ट देते हैं और फिर संतोषी मां की कृपा से उसके जीवन में सब ठीक हो जाता है। सत्यवती के पति बिरजू का रोल करने वाले यानी कि फिल्म के हीरो आशीष कुमार की मानें तो उन्होंने ही इस फिल्म का आइडिया फिल्म के प्रोड्यूसर सतराम रोहरा को दिया था। आशीष के बच्चे नहीं थे और तभी उनकी पत्नी ने संतोषी मां के सोलह शुक्रवार व्रत रखने शुरू किए। व्रत के बीच में ही आशीष की पत्नी गर्भवती हो गईं तो बाकी के व्रतों की कथाएं आशीष ने अपनी पत्नी को सुनाई। अपने घर में बिटिया का जन्म के बाद आशीष ने ये बात सतराम के गुरु और फाइनेंसर सरस्वती गंगाराम को सुनाई जिन्होंने फिल्म शुरू करने के लिए 50 हजार रुपए दिए थे। बाद में फिल्म से उस समय के चर्चित फिल्म वितरक केदारनाथ अग्रवाल जुड़े और उन्होंने फिल्म के अधिकार 11 लाख रुपए एडवांस देकर खरीद लिए। फिल्म कुल 12 लाख में बनी और इसने बॉक्स ऑफिस पर आखिरी गणना तक कमाए करीब 25 करोड़ रुपए।



### सुपरहिट फिल्म पर सजा कारोबार

फिल्म जब तक सिनेमाघरों में लगी रही तब तक खूब धूम से चली। गांवों से आने वाले चप्पल उताकर कर सिनेमाघरों में प्रवेश करते। अपने साथ वे फूल माला लेकर आते। और फिल्म शुरू होते ही जब दूसरे ही सीन में संतोषी मां की आरती होती तो सब अपनी अपनी आरती जलाकर आरती करना शुरू कर देते। फिल्म खत्म होने के बाद बाकायदा सिनेमाघरों के बाहर प्रसाद बंटता और पास में ही लंबी कतार दिखती। संतोषी मां की फ्रेम की हुई फोटो के साथ शुक्रवार की व्रत कथा बेचने वाले दुकानदारों की। जिनका बचपन इस दौर में बीता है, उनको पता है कि शुक्रवार को तब चाट की दुकान की तरफ देखना भी कितना बड़ा गुनाह होता था और जो बच्चा गलती से शुक्रवार को खटाई खा भी ले, वो बेचारा हफ्तों तक इसी अपराधग्लानि में जीता रहता कि घर पर कहीं कुछ अशुभ न हो जाए। लोगों के घरों पर खूब पोस्टकार्ड आते। इन पोस्टकार्ड पर ऐसे ही 16 पोस्टकार्ड और लिखकर दूसरों को भेजने को कहा जाता। और फिर ये चेन चलती ही रहती। हालात यहां तक आ गए थे कि डाकखानों में पोस्टकार्ड की मांग ज्यादा हो गई और आपूर्ति कम पड़ने लगी।

### समय के सामाजिक संदर्भों का आईना

फिल्म जय संतोषी मां अपने दौर के सामाजिक परिवेश का एक ऐसा दस्तावेज बन चुकी है, जिस पर भारत से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक शोध ग्रंथ लिखे जा चुके हैं। ये गांव गरीब के संतोष की कहानी थी। उस समय के सामाजिक हालात से जूझ रहे आम आदमी को संतोष देने की कहानी थी। गरीब इसी बात में खुश हो जाता कि कोई ऐसी भी देवी हैं जो सिर्फ गुड़ चने का प्रसाद पाकर ही खुश हो जाती हैं। नहीं तो बाकी देवताओं को तो छप्पन भोग लगाने होते हैं, उन्हें खुश करने के लिए। फिल्म शुरू होती है रक्षाबंधन के त्योहार से जहां भगवान गणेश के दोनों बेटे एक बहन की जिद करते हैं। भगवान गणेश और उनकी पत्नियों ऋद्धि व सिद्धि की इस संतान का नाम नारद रखते हैं, संतोषी। फिल्म इसके बाद देवलोक से सीधे मर्त्यलोक आती है जहां सत्यवती मंदिर में मां संतोषी की आरती करते दिखती है। फिल्म की कहानी दोनों लोकों में समानांतर चलती रहती है।

### उपवास रखकर फिल्म की शूटिंग

फिल्म जय संतोषी मां हिट हुई तो इसमें शीर्षक रोल करने वाली अनीता गुहा रातोंरात स्टार बन गईं। इससे पहले वह सीता मैया के रोल तीन फिल्मों में कर चुकी थीं। फिल्म आराधना में राजेश खन्ना की मां बन चुकी थीं और फिर उनके जीवन में संतोषी मां का आशीर्वाद आ गया। इस पूरी फिल्म में जब तक उन्होंने शूटिंग की, हमेशा व्रत रहकर ही काम किया। इस बारे में तब अनीता ने बताया था, पहले दिन की शूटिंग बहुत अफरातफरी में हुई। हम सब लोग सुबह से मेकअप कराकर रेडी थे, लेकिन पहला शॉट काफी देर से हुआ। इस चक्कर में पहले ब्रेकफास्ट और फिर लंच मिस हो गया। शाम को इसका एहसास हुआ और निर्देशक विजय शर्मा ने कुछ खाने को कहा तो मुझे लगा कि खाने लगी तो चेहरे का मेकअप फिर से कराना होगा तो मैंने कहा कि अब काम खत्म करके ही खाती हूं। तो पूरा दिन उस दिन बिना कुछ खाए पीये ही निकल गया। फिर मैंने सोचा कि हो सकता हो कि इसमें भी ईश्वर की कुछ इच्छा रही हो तो इसके बाद मैंने जितने दिन शूटिंग की, बिना कुछ खाए पीये ही शूटिंग की।




# फ्रेंच ओपन : जोकोविच ने रिकॉर्ड 20वीं बार तीसरे दौर में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

**पेरिस।** नोवाक जोकोविच को तीसरे सेट में अपने बाएं पैर के अंगूठे में छाले के कारण मेडिकल टाइम आउट लेना पड़ा। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी कोरेंटिन मोउटेट के खिलाफ सीधे सेटों में 6-3, 6-2, 7-6 से जीत हासिल की। इस परिणाम ने जोकोविच को रिकॉर्ड 20वीं बार रोलां-गैरो में तीसरे दौर में पहुंचा दिया। फ्रेंच ओपन के सबसे सफल खिलाड़ी राफेल नडाल भी ऐसा करने में सफल नहीं हुए।

वह दो और जीत के साथ लगातार 16वें साल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएंगे। जोकोविच ने 2024 में चौथे दौर के दौरान अपने दाहिने घुटने के चोटिल होने के बाद हालांकि अंतिम आठ में खेलने से पहले ही नाम वापस ले लिया था। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच ने पेरिस में तीन खिताब जीते हैं।



### सिनर ने गासकेट को हराया

विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज पुरुष खिलाड़ी यानिक सिनर ने जीत के साथ अगले दौर में आगे बढ़ने में सफल रहे। सिनर ने दूसरे दौर के मुकाबले में फ्रांस के 38 साल के रिचर्ड गासकेट को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर उनका करियर समाप्त किया। गासकेट ने पहले ही फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास की घोषणा की थी। तीसरे नंबर पर काबिज अलेक्जेंडर ज्वेरेव और 14 नंबर के खिलाड़ी आर्थर फिल्स ने भी अपने-अपने मुकाबलों में जीत हासिल की। जैक ड्रेपर ने दिन के आखिरी मैच में गेल मोनफिल्स को हराया। ब्रिटेन के पांचवें वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर ने दूधिया रोशनी में तीन घंटे से अधिक समय तक चले मैच में फ्रांस के दिग्गज मोनफिल्स को 6-3, 4-6, 6-3, 7-5 से मात दी।



### 23 गलतियां कर जीती गॉफ

महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ ने महिला वर्ग के मैच में 23 असहज गलतियां करने के बावजूद चेक गणराज्य की टेरेजा वैलेंटोवा पर आसान जीत दर्ज की। दूसरी वरीयता प्राप्त गॉफ ने 18 साल की खिलाड़ी के खिलाफ 75 मिनट तक चले मुकाबले को 6-2, 6-4 से जीता। गॉफ के सामने अगले दौर में चेक गणराज्य की एक अन्य खिलाड़ी मारिया बौजकोवा की चुनौती होगी। महिला वर्ग में अन्य विजेताओं में तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला, ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज, 18 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और 2023 विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंड्रोसोवा शामिल थी। , साल 2019 की उपविजेता वोंड्रोसोवा इस साल गैर-वरीयता प्राप्त हैं। उन्होंने 25वीं रैंकिंग की खिलाड़ी मैग्डालेना फ्रेच को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया।

खास खबर

## सात्विक-चिराग की जोड़ी सिंगापुर ओपन युगल खिताब से दो जीत दूर



**सिंगापुर।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की मलेशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछले कुछ सप्ताह से फिटनेस संबंधी मुद्दों से जूझ रही भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मजबूत रक्षात्मक खेल और नेट के शानदार इस्तेमाल से 21-17, 21-15 से जीत दर्ज कर सत्र में अपने पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। इस जीत के बाद चिराग ने कहा, 'हां, यह एक बड़ी जीत है क्योंकि हम अभी दुनिया में 27वें नंबर पर हैं।

## भारतीय टीम की जर्सी में दिया गया ऑपरेशन सिंदूर को सम्मान

**नई दिल्ली।** भारतीय ई-स्पोर्ट्स महासंघ ने ब्रिक्स ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम की आधिकारिक जर्सी का शुक्रवार को अनावरण किया जिसे 'ऑपरेशन सिंदूर' से प्रेरित डिजाइन के जरिए आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई को समर्पित किया गया। इस जर्सी को 'टेककेन 8' के खिलाड़ी गुराशीष 'सोल' सिंह और शुभम खोरवाल पहनेंगे। इसका डिजाइन 'ऑपरेशन सिंदूर' में दिखे राष्ट्रीय गौरव, जज्बा और सैन्य लोकाचार से प्रभावित है। जर्सी के बीच में शक्ति के प्रतीक के तौर पर गहरे लाल रंग की पट्टी है। यह विवाहित भारतीय महिलाओं द्वारा लगाये जाने वाले सिंदूर से प्रेरित है। जर्सी की पृष्ठभूमि में भारतीय सशस्त्र बलों की वर्दी से प्रेरित पैटर्न है, जो सतर्कता, अनुशासन और सेवा को दर्शाता है। खिलाड़ियों ने मॉस्को के लिए रवाना होने से पहले नयी लॉन्च की गई जर्सी पहनी।



ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



साई सुदर्शन — 679 रन — गुजरात
नूर अहमद — 24 विकेट — चेन्नई

## खबर संक्षेप



### रायजा और नरुका की भारतीय टीम में वापसी

**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजी महासंघ की चयन समिति ने इटली के लोनाटो में होने वाले आगामी शॉटगन आईएसएसएफ विश्व कप के लिए टीम का चयन किया जिसमें पेरिस ओलंपियन रायजा ढिल्लों और अनंतजीत सिंह नरुका की राष्ट्रीय सीनियर टीम में वापसी हुई है।यह साल का चौथा विश्व कप है जो चार से 14 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। रायजा ने पिछले हफ्ते सुहल में जूनियर विश्व कप में रजत पदक जीता था। इस महीने की शुरुआत में तीसरे निकोसिया शॉटगन विश्व कप में भारत ने नयी ओलंपिक ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में अपना पहला पदक कांस्य के रूप में जीता था।

### कोच अरुण श्रीलंका में कराएंगे ट्रेनिंग कार्यक्रम

**कोलंबो।** भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण दो जून से श्रीलंकाई क्रिकेटरों के लिए एक विशेष 14 दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करेंगे जिसमें सीनियर टीम के साथ पुरुष और महिला जूनियर भी शामिल होंगे। श्रीलंका क्रिकेट ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि अरुण उनकी पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीमों, महिला ए टीम, अंडर-19 पुरुष टीम, उच्च उत्कृष्टता केंद्र के कोचों, क्लब और प्रांतीय कोचों के साथ कोचिंग देने वाले शिक्षकों के लिए ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

### बजरंग पूनिया के खिलाफ मानहानि का मामला

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला खत्म कर दिया है क्योंकि उन्होंने कोच और शिकायतकर्ता नरेश दहिया से बिना शर्त माफी मांग ली है। न्यायाधीश ने 29 मई को मामला तब बंद कर दिया जब दोनों पक्षों ने अदालत में प्रस्तुत किया कि उन्होंने मामले को आपस में सुलझाने का फैसला किया है।



### खिलाड़ियों को संदेह करने से बचना चाहिए

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी खिताबी मुकाबले में पहुंचने के अपने अगले प्रयास से पहले 'खुद पर संदेह' करने से बचें। पंजाब किंग्स ने अपने आक्रामक खेल के साथ लीग चरण में शीर्ष स्थान हासिल किया लेकिन बृहस्पतिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। टीम के पास रविवार को दूसरा क्वालीफायर जीतकर फाइनल में जगह पक्की करने का एक और मौका मिलेगा।

### 14 फाइनल में से 11 बार क्वालीफायर-1 जीतने वाली टीम बनी चैंपियन

# बेंगलुरु के पास 17 साल का खिताबी सूखा समाप्त करने का सुनहरा मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल में अपने पहले खिताब की तलाश के लंबे इंतजार को खत्म करने का आरसीबी के पास सुनहरा मौका है। गुरुवार को आईपीएल 2025 के पहले क्वालीफायर मुकाबले में पंजाब को हराकर आरसीबी ने चौथी बार फाइनल में जगह बनाई है। पंजाब के खिलाफ मिली 8 विकेट की जीत से आरसीबी ने 9 साल बाद आईपीएल के फाइनल में जगह बनाई। इस सीजन आरसीबी को खिताब जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। ऐसे में आईपीएल इतिहास भी इस बात की गवाही दे रहा है।

दरअसल, साल 2011 में आईपीएल में प्लेऑफ फॉर्मेट लागू किया गया था। इसके तहत टॉप-2 में रहने वाली टीम के पास फाइनल में पहुंचने के दो मौके होते थे। तब से आईपीएल इतिहास को देखें तो क्वालीफायर-1 जीतने वाली टीम ने ज्यादा बार आईपीएल का फाइनल जीता है। साल 2011 से पिछले सीजन यानी 2024 तक की बात की जाए तो 14 फाइनल में से 11 बार क्वालीफायर-1 जीतने वाली टीम ने फाइनल जीता है। यही नहीं साल 2018 से 2024 तक की सभी चैंपियन टीमों ने क्वालिफायर-1 जीता है। इसमें सीएसके (2018, 2021, 2023), मुंबई इंडियंस (2019, 2020), गुजरात टाइटन्स (2022) और केकेआर (2024) शामिल हैं।

### आरसीबी ने चौथी बार और नौ साल बाद आईपीएल फाइनल में बनाई जगह



### 3 जून को फाइनल

आरसीबी के लिए भी यह संयोग बन रहा है कि वह अपने 17 साल के ट्रॉफी के सूखे को खत्म करे। क्वालीफायर-1 जीतने के बाद आरसीबी तीन जून को अहमदाबाद में फाइनल खेलेगी। फाइनल में आरसीबी का मुकाबला क्वालीफायर-2 की विजेता टीम से होगा, जो 1 जून को खेला जाएगा।

### पिछले तीन फाइनल का डरावना

**2009 | 1**

#### 6 रन से मिली हार

बेंगलुरु की टीम को अपना पहला फाइनल खेलने का मौका साल 2009 में मिला। 24 मई 2009 को आरसीबी बनाम डेक्कन चार्जर्स के बीच मुकाबला जोहानसिबर्ग में हुआ। जहां डीसी ने 20 ओवर्स में 143/6 का स्कोर बनाया। जवाब में खेलने उतरी आरसीबी की टीम 9 विकेट पर 137 रन ही बना पाई और उसने 6 रन से यह खतिाबी मुकाबला गंवा दिया।

**2011 | 2**

#### 58 रन से गंवाया मैच

आसीबी की टीम को अपना दूसरा फाइनल खेलने का मौका साल 2011 में मिला। पहले खेलते हुए चेन्नई ने 205/5 बनाए। जवाब में डेनयिल विटोरी की कप्तानी में खेलने उतरी बेंगलुरु की टीम 147/8 रन ही बना पाई।

**2016 | 3**

#### 8 रन से हारे खिताब

2016 का यह सीजन विराट कोहली के लिए शानदार रहा था, क्योंकि उन्होंने इस सीजन में 16 मैचों में 973 रन 81.08 के एवरेज और 152.03 के स्ट्राइक रेट से बनाए थे। यह आज भी एक सीजन में किसी एक खलिाड़ी का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। 2016 के फाइनल में आरसीबी के सामने सनराइजर्स हैदराबाद था। मैच में सनराइजर्स ने 7 विकेट पर 208 रन बनाए थे। फरि इस मुकाबले के रनचेज में बेंगलुरु की टीम 194 रन पर आलऑउट हो गई। उसे 8 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट

## गुकेश ने कारुआना को हराया अर्जुन एरिगैसी को मिली मात



एजेंसी ▶▶| स्टावेंगर

मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 'ओपन' वर्ग में अमेरिका के ग्रैंड मास्टर फैबियानो कारुआना के खिलाफ रोमांचक आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल की।अर्जुन एरिगैसी को मैग्नस कार्लसन के कौशल के आगे हार का सामना करना पड़ा। विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कारुआना भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ चौथे दौर में मजबूत स्थिति में थे। वह हालांकि गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के सामने चार घंटे से अधिक समय तक चले रोमांचक मुकाबले को भुनाने में नाकाम रहे। मुकाबले का परिणाम हासिल करने के लिए 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक का इस्तेमाल किया गया। सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी दोनों अब छह खिलाड़ियों के बीच 4.5 अंकों के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। कार्लसन आठ अंकों के साथ शीर्ष पर है। उनके बाद कारुआना (सात अंक) और अमेरिका के ही हिकारू नाकामुरा (5.5 अंक) हैं।

गुकेश सफेद मोहरों से खेल रहे थे और उन्हें 'आर्मागेडन' में तीन मिनट का बड़ा फायदा मिला था। इसमें सफेद मोहरों को 10 मिनट और काले मोहरों को सात मिनट मिलते हैं। क्लासिकल मुकाबले में मुश्किल स्थिति से बाहर आने के महज 15 मिनट के अंदर भारतीय खिलाड़ी ने कारुआना को मात देते हुए 1.5 अंक हासिल किए।

### विश्व के नंबर एक कार्लसन ने दर्ज की जीत

विश्व के नंबर एक कार्लसन ने काले मोहरों से खेलते हुए भारत के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एरिगैसी के खिलाफ अंतिम गेम में अपनी रणनीतिक श्रेष्ठता दिखाई और पूरे तीन पूर्ण अंक अर्जित किए। पिछले दो चरण में दो बार 'आर्मागेडन गेम' हारने वाले नॉर्वे के सुपरस्टार ने घरेलू दर्शकों के सामने इस जीत के साथ दमदार वापसी की। पिछले दौर में कारुआना से हारने के बाद एरिगैसी के लिए यह दो दिनों में दूसरा झटका था।

**शीर्ष पर हम्पी :** महिला वर्ग में एक रोमांच से भरे दिन में भारत की आर. वैशाली ने 'आर्मागेडन' टाई-ब्रेक में यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक को मात देकर महत्वपूर्ण आधा अंक अर्जित किया, जबकि विश्व चैंपियन वेनजुन जू ने कोनेरू हम्पी को हराया। भारत की शीर्ष महिला खिलाड़ी हम्पी तालिका में मुजीचुक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। दोनों खिलाड़ियों के नाम सात-सात अंक है। वैशाली 3.5 अंकों के साथ छठे स्थान है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

N.I.T. NO./PWD/08/PRO/190 — Date - 30/05/2025

// तृतीय निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_427569_1 Date- 03/06/2025 | न.पा.नि. कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में शेड निर्माण, मंच निर्माण साईकिल सटैंड निर्माण एवं अन्य मरम्मत कार्य (निगम मद) | 03 माह 4.23 लाख | 2000/- 4236/- | 18/06/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री, लोककर्म
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी, मुड़वारा (म.प्र.)**

क्रमांक/599/ ज. प्र. वि. / 2025-26 — कटनी, दिनांक:- 23/05/2025

प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों / निमार्ताओं से लंपसम दरों पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_426689_1 | कटनी नदी बैराज के गेट ऑपरेशन हेतु हाइड्रोलिक जैक, पम्पस इत्यादि स्थापन का सम्पूर्ण कार्य लाख | 1 45 दिवस 2 राशि रू. 19.40 लाख | 1 रू. 2,000/- 2 रू. 14550/- | 11/06/2023 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
वास्ते आयुक्त
नगर पालिक निगम कटनी

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति, सिहोरा, जिला - जबलपुर (म.प्र.)**

क्रमांक/मण्डी/ निर्माण/2025-26/421 — सिहोरा दिनांक 30/05/2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

कृषि उपज मण्डी समिति सिहोरा द्वारा अनाज मूल मण्डी प्रांगण एवं फल-सब्जी मण्डी प्रांगण (मनसकरा) की साफ-सफाई कराये जाने हेतु ई-निविदा आयोजित की जा रही है। इच्छुक फर्म/संस्था/एजेंसी/व्यक्ति निविदा प्रपत्र निर्धारित शर्तें रुपए 2000/- ऑनलाईन www.mptenders.gov.in पोर्टल पर टेण्डर क्रमांक 2025_MPSAM_427450_1 के माध्यम से दिनांक 30/05/2025 से दिनांक 23/06/2025 सायं 3:30 PM बजे तक कय किये जा सकेंगे। निविदा क्रय समिति के समक्ष दिनांक 24/06/2025 को खोली जाकर निर्णय लिए जावेंगे। निविदा फॉर्म एवं आवष्यक दस्तावेज के साथ 20000 /- रुपए ( बीस हजार रुपए) की एफ.डी.आर. सचिव कृषि उपज मण्डी समिति सिहोरा, जिला- जबलपुर के नाम से जिसकी वैद्यता 03 वर्ष की होगी। निविदा केवल ऑनलाईन मान्य होगी। अनुभवी ठेकेदारों को प्राथमिकता दी जावेगी। कार्यालय का निर्णय ही अंतिम माना जावेगा ।

सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति सिहोरा, जिला - जबलपुर
भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मण्डी समिति सिहोरा, जबलपुर

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल**

07141-234708 (कार्यालय), मोबाईल नं. 9424790500 E-Mail - dfotwbetul@mp.gov.in

निविदा विज्ञप्ति सूचना

क्रमांक / स्टोर / 2025/07 — बैतूल, दिनांक- 27/05/2025

समस्त प्रदायकाताओं को सूचित किया जाता है कि बैतूल जिले के पश्चिम बैतूल (सा.) वनमण्डल के अंतर्गत विभागीय हेतु Off Grid Solar Photovoltaic (PV) Power Plant (V2) (Q3) (2kVA) क्रय किया जाना है। उक्त सामग्री के लिये निविदा आमंत्रित की जाती है । इस निविदा के लिये आवेदन Online माध्यम से बेबसाईट https://gem.gov.in द्वारा ही स्वीकार किया जावेगा । विवरण निम्नानार है ।

BID NO : GEM/2025/B/6276833
Items: Off : Grid Solar Photovoltaic (PV) Power Plant (V2) (Q3)
Start Date : 27-05-2025 10:47 AM
End Date : 09-06-2025 9:00 PM

G-13594/25 — वनमंडलाधिकारी, पश्चिम बैतूल (सा.) वनमंडल

**SHRI RAM COLLEGE, JABALPUR**
ESTD 2001
Near ITI, Madhotal, Jabalpur (M.P.)
Affiliated to Rani Durgawati Vishwavidyalaya, Jabalpur

Required Professor, Associate Professor & Assistant Professor for UG & PG course

Under College Code-28 as per UGC/RDVV Norms for following subjects.

| Sr. No. | Subject | Professor | Associate Professor | Assistant Professor |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Biotechnology | 01 | 01 | 02 |
| 2 | Commerce | 01 | 01 | 02 |
| 3 | Hindi | 01 | 01 | 02 |
| 4 | Management (BBA) | | | 10 |
| 5 | Computer Science | 01 | 01 | 02 |
| 6 | Computer Application | | | 04 |
| 7 | English | | | 04 |

Qualification : Minimum 55% in Post Graduate in relevant Subject with NET/SLET exam qualified, Ph.D. and experience candidates are preferred. Reservation & Salary as per UGC and M.P. Government Norms. Send/Submit your application alongwith complete Bio-data and all supporting documents with 2 recent passport size Photographs on or **before 10.06.2025.**
Contact : 9755042292/93
Email : srccjabalpur@gmail.com — Chairman

**केनरा बैंक Canara Bank** — A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate

ए.आर.एम. शाखा- प्लाट नं. 04, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल

कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

अधोहस्ताक्षरकर्ता, केनरा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(12) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित ऋणियों/जमानतदारों को निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज राशि एवं सहित नोटिस प्राप्ति के 60 दिन की समयावधि के भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणियों/जमानतदारों निर्धारित समय सीमा मे ऋण का भुगतान करने मे असफल रहा है। अतः ऋणी/जमानतदार एव सर्वसाधारण को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम (8 एवं 9) के अंतर्गत नीचे वर्णित संपत्ति का अधिग्रहण कर लिया है। ऋणियों/जमानतदारों को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न खाते के सामने वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज के लिए **केनरा बैंक की ए.आर.एम. शाखा** के अधीन होगा। ऋणियों/जमानतदारों का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को उपलब्ध समय में छुड़ाने (**redeem** कराने) के संबंध में अधिनियम की धारा (13) एवं उपधारा 8 के प्रावधानों के तहत आकर्षित किया जाता है।

| ऋणी /बंधककर्ता/ जमानतदारों का नाम | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक | कब्जा की गई संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| ऋणीः **श्रीमती द्रोपती बाई लोधी पत्नि गेंदा लाल लोधी,** पताः रानीपिपरिया एमयू पोस्ट रानीपिपरिया जिला नरसिंहपुर म.प्र.-487110 **सहऋणी-श्री गेंदा लाल पुत्र कन्छेदी लाल लोधी,** पताः मकान नंबर 69, ग्राम रानीपिपरिया, जिला, नरसिंहपुर, म.प्र. 487001 | 19.03.2025 / 29.05.2025 मांग सूचना अनुसार बकाया राशि ₹ 24,07,375.18/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग आवासीय प्लाट स्थित खसरा नं. 81/4/10, बंदोबस्त नं. 175, पीएच नं. 45/16, क्षेत्रफल 1200 वर्गफीट मौजा छोटा छिंदवाड़ा (नेहरू रोड शेष भाग यूनिट नं. 1) चर्तुसीमाएं: उत्तर-विक्रेता की जमीन, दक्षिण-धनीराम पटेल का मकान, पूर्व-ठाकुर साहब का प्लाट, पश्चिम-30 फीट चौड़ी गली, जिसमें जल निकासी की व्यवस्था है। संपत्ति मालिक- श्रीमती द्रोपती बाई लोधी पत्नि गेंदा लाल लोधी |

स्थान-भोपाल, दिनांक : 29.05.2025 — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

**कार्यालय नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)**

N.I.T. क्र. 03 (E.T.) / रा. कि. / न.पा.नि./ 2025-26 — सतना, दिनांक 30.05.2025

निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सतना में विभिन्न स्थानों में वाहन पार्किंग का ठेका वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु लम्प - सम दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जा रही है । निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | निविदा क्र.व दि. | टे.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 03/01 30.05.2025 | 2025UAD_4275941 | आटो पार्किंग ( बस स्टैण्ड के पास), बस स्टैण्ड फ्लाई ओव्हर पार्किंग, सब्जी मंडी पार्किंग सिंधी कैम्प (द्वितीय काल ) | 29,74,299/- | 7,43,600/- | 5,000/- | 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक |
| 02 | 03/02 30.05.2025 | 2025UAD_4275951 | विश्वासराव सब्जी मंडी पार्किंग (द्वितीय काल ) | 11,01,100/- | 2,75,300/- | 2,000/- | |
| 03 | 03/03 30.05.2025 | 2025UAD_4275961 | काका पार्किंग स्टेशन रोड, बिहारी चौक पार्किंग, जयस्तम्भ चौक पार्किंग, पन्नीलाल चौक पार्किंग, हनुमान चौक पार्किंग, शास्त्री चौक पार्किंग एवं गांधी चौक पार्किंग (द्वितीय काल ) | 11,02,640/- | 2,75,700/- | 2,000/- | |

शर्तें :- 1. निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर दिनांक 31.05.2025 समय 15:30 से दिनांक 16.06.2025 समय 17:30 बजे तक आनलाइन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेगा। 2. निविदा में संसोधन की सूचना वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी, समाचार पत्र पर संसोधन की सूचना प्रकाशित नही की जावेगी ।

सहायक आयुक्त
नगर पालिक निगम सतना (म.प्र.)

## एक ही परिवार के चार सदस्य गंभीर

# पाटन में खूनी संघर्ष, महिला की हत्या

हरिभूमि, जबलपुर।

पाटन थाना क्षेत्र के मड पिपरिया गांव में गुरुवार शुक्रवार की दरम्यानी रात दो परिवारों के बीच सात महीने पुराने विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस हिंसक झड़प में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के चार से अधिक सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पाटन स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

पुलिस के अनुसार, मृतक महिला की पहचान प्रीति बाई के रूप में हुई है, जिनकी सिर पर गहरी चोट लगने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पाटन थाना पुलिस और एसडीओपी लोकेश डाबर की टीम तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक हमले में शामिल सभी आरोपी फरार हो चुके थे।



### पारिवारिक रंजिश बनी संघर्ष की वजह

पाटन पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मड पिपरिया गांव में रहने वाले भागवत सिंह और गिरन सिंह के परिवारों के बीच पिछले सात महीनों से विवाद चल रहा था। यह विवाद गिरन सिंह के बेटे भारत और भागवत सिंह के बेटे दशरथ सिंह के बीच हुए पुराने झगड़े से जुड़ा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गुरुवार की रात गांव में आयोजित एक लगुन समारोह के दौरान दशरथ सिंह वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा।

### लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला

गांव के निवासी दुर्गेश लोधी ने बताया कि विवाद बढ़ता देख वह दशरथ को समझाने के लिए उसके घर गया। उसी दौरान दशरथ सिंह, उसके पिता भागवत सिंह, अन्नू, रवि, दीपक, ब्रजेश और दिनेश ने दुर्गेश पर लाठी और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। शोर सुनकर दुर्गेश को बचाने के लिए गिरन सिंह, भारत, जीवन सिंह, कालू सिंह और प्रीति बाई वहां पहुंचे। लेकिन आरोपियों ने उन सभी पर भी ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले के दौरान प्रीति बाई को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य चारों घायल अवस्था में जमीन पर गिर पड़े।

### पुलिस जांच जारी आरोपी फरार

पाटन थाना पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर हालात को काबू में किया गया। सभी घायलों को तुरंत पाटन के स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां से उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मृतक महिला प्रीति बाई के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा किया गया और शुक्रवार सुबह पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

पुलिस का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गांव और आसपास के इलाकों में दबिश दी जा रही है। फिलहाल पाटन थाना में आईपीसी की संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

### गांव में तनाव, भारी पुलिस बल तैनात

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एम.पी. ट्रांसको का नवाचार

# फोटे तकनीक से सब स्टेशनों में ऑटोमेशन को मिलेगी मजबूती

हरिभूमि जबलपुर।

देश की अग्रणी विद्युत ट्रांसमिशन कंपनियों में से एक एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने एक और तकनीकी नवाचार करते हुए अपने एक्स्ट्रा हाई सबस्टेशनों में फाइबर ऑप्टिक टर्मिनल उपकरण (फोटे) तकनीक को स्थापित कर उसका उपयोग प्रारंभ कर दिया है। यह तकनीक चरणबद्ध तरीके से विभिन्न सबस्टेशनों में लागू की जा रही है। ट्रांसमिशन एलीमेंट्स की सुरक्षा, संचार और निगरानी व्यवस्था को अधिक आधुनिक, तेज और विश्वसनीय बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को प्रदेश में तीन जोन बनाकर पूरा किया जा रहा है। यह तकनीक अति उच्च-दाब सबस्टेशनों एवं एम.पी. ट्रांसकों से जुडे. जनरेशन सबस्टेशनों में लागू की गई है। श्री तोमर ने इस सफलता के लिए बधाई दी है।



### रियल टाइम मॉनिटरिंग हुई आसान

एम पी ट्रांसको में इस प्रोजेक्ट की प्लानिंग और टेंडरिंग प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधीक्षण अभियंता श्री मनीष खरे ने बताया कि फोटे एक अत्याधुनिक ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक उपकरण है, जिसका उपयोग फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क, उपकरणों और प्रणालियों के आटोमेशन, टेलीप्रोटेक्शन और ट्रांसमिशन एलिमेंटस की निगरानी के लिए किया जाता है, इस तकनीक की मदद से सबस्टेशनों में लगे ट्रांसफॉर्मर्स और अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों की निगरानी रियल टाइम में संभव हो सकेगी। भविष्य में इस प्रणाली से प्रोटेक्शन रिले की सेटिंग व फॉल्ट रिपोर्ट भी सेन्ट्रालाइज भी की जा सकेगी।

### फोटे का सफल क्रियान्वयन

प्रदेश के ट्रांसमिशन सिस्टम में ओ.पी.जी.डब्ल्यू (ऑप्टिकल ग्राउंड वायर) के माध्यम से फाइबर ऑप्टिक ट्रांसमिशन इक्विपमेंट (फोटे) का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है। ट्रांसकों का डेडिकेटेड कम्यूनिकेशन सिस्टम होने के कारण इस तकनीक से एम.पी. ट्रांसकों प्रणाली के संचालन में रियल टाइम डेटा संप्रेषण, बेहतर निगरानी, तेज संचार और सायबर खतरों से उच्च सुरक्षा संभव हो सकी है ।

## आरआई, पटवारियों ने खरीदी शराब तो 20 रुपए से 100 रुपए तक वसूली की गई

# रांझी और गोरखपुर डिवीजन में भी शराब की ओवर रेटिंग का खुलासा

हरिभूमि जबलपुर।

शराब की ओवररेटिंग मामलें में जिला कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर गोरखपुर डिवीजन की 6, और रांझी डिवीजन की 9 दुकानों और अधारताल की 4 दुकानों की जांच कराई गई, जिसमें रांझी मेन रोड की एकमात्र दुकान में सही मूल्य पर शराब बेची जा रही थी, बाकी 18 दुकानों में 20 रुपए से लेकर 100 रुपए तक अधिक वसूले गए। आरआई पटवारियों के दल बनाकर कराई गई जांच का प्रतिवेदन रांझी और गोरखपुर एसडीएम ने कलेक्टर को भेज दिया है। अब आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। यहां उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से शराब ठेकेदारों द्वारा सिंडीकेट बनाकर पूरे शहर में एमआरपी रेट से अधिक दामों पर शराब बेची जा रही थी इसकी लगातार शिकायतें मिलने के बाद कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने अपने डिवीजन की दुकानों में शराब की दुकानों में जांच कराने के निर्देश दिए थे। संबंधित आरआई के नेतृत्व में पटवारियों का दल गठित किया गया।

पटवारियों ने जाकर शराब दुकानों से बॉटल खरीदी और ऑनलाईन पेमेंट कर, पेमेंट के सबूत भी स्क्रीनशॉट के रुप एकत्रित किए। गोरखपुर डिवीजन में पटवारी दीपक द्विवेदी ने धनवंतरी नगर चौक स्थित शराब दुकान से एक देशी मदिरा और एक अंग्रेजी मदिरा रॉयल चैलेंज और रॉयल स्टेग की बोतल खरीदी, जिसमें क्रमशः 4 रुपए से लेकर 80 रुपए तक अतिरिक्त वसूल किए गए। इसी तरह पटवारी प्रभात परोहा ने सेठी नगर कंपोजिट दुकान से एक मेकडॉवल विस्की, एक सिमरन ऑफ वोदका एक प्लेन मदिरा खरीदी, जिसमें क्रमशः 10 रुपए से 100 रुपए तक अधिक वसूले गए। इसी तरह पटवारी नीरज कुरिया ने शारदा चौक कंपोजिट दुकान से एक प्लेन देशी, एक बैगपाईपर विस्की, मैकडॉवल रम की बोतल खरीदी, जिसमें क्रमशः 15. 61. 20 रुपए अधिक वसूले गए। इसी तरह क्षितिज मांझी, शरद दुबे, और पुष्पेंद्र अहिरवार पटवारी ने फ्लाईओवर के पास गोरखपुर कंपोजिट मदिरा दुकान से एक प्लेन मदिरा, एक 8पीएम विस्की, 1 मैकडॉवल नंबर1 विस्की जिसमें 20 से 60 रुपए अतिरिक्त वसूले गए। इसी दल ने गढ़ा कंपोजिट दुकान से शराब खरीदी, जिसमें 15 से 41 रुपए तक अतिरिक्त वसूले गए। इसी दल द्वारा कंटगी मेन रोड कंपोजिट दुकान से देशी मदिरा, प्लेन ओल्डमंक, 8 पीएम, बोतल खरीदी जिसमें 15 से लेकर 60 रुपए तक अधिक वसूले गए। इसी तरह रांझी डिवीजन व्हीकल मोड़ मेन रोड रांझी दुकान से पटवारी कैलाश उर्वेती ने किंगफिशर बीयर खरीदी जो एमआरपी रेट पर ही मिली, लेकिन इसी ठेकेदार की रांझी व्यायाम शाला के पास स्थित शराब दुकान से जब उन्होंने एमडी रम का क्वाटर खरीदा तो उसमें 20 रुपए अतिरिक्त वसूला गया। श्री उर्वेती ने इसके अलावा अंग्रेजी शराब दुकान बड़ा पत्थर से बीयर खरीदी तो उसमें 26 रुपए अधिक वसूले गए। पटवारी अंकित विश्वकर्मा ने महावीर कंपाउंड सदर से बीयर खरीदी तो उसमें 30 रुपए अतिरिक्त वसूले गए। इसी तरह प्रशांत बंसौंड पटवारी ने देशी व अंग्रेजी शराब दुकान ठेकेदार सिद्धार्थ जायसवाल की दुकान से खरीदी तो यहां 21 रुपए अधिक वसूले गए। पटवारी रुपेश ताम्रकार ने मोहनिया देशी व अंग्रेजी दुकान से बीयर की केन ली तो उसमें 20 रुपए अतिरिक्त लिए गए। इसी तरह अंग्रेजी व देशी शराब ओमती से पटवारी गौरव सिंह ने बीयर की केन खरीदी तो 20 रुपए अतिरिक्त वसूल किए गए। पटवारी रोहित पटेरिया ने दीनदयाल चौक स्थित शराब दुकान, जो आर्दश जायसवाल की बताई गई है उससे मैजिक मूवमेंट का एक क्वाटर खरीदा गया, जिसमें 60 रुपए अतिरिक्त वसूला गया। इसी तरह पटवारी निरंजन राय ने डीमार्ट के सामने स्थित बिलहरी शराब दुकान से हेवर्ड ब्रांड की शराब खरीदी तो उसमें 30 रुपए अतिरिक्त वसूले गए। रांझी और गोरखपुर एसडीएम ने जांच प्रतिवेदन खरीदी गई बोतलों की ऑनलाईन पेमेंट रसीद संलग्न कर सबूत के तौर पर सुरक्षित रख लिए हैं। इसी तरह आधारताल डिवीजन में आरआई प्रवीण दुबे, पटवारी मनीष ने रानीताल दुकान से सिमरन ऑफ मैजिक मूवमेंट की शराब खरीदी जिसमें 60 रुपए अधिक वसूले। देशी शराब दुकान रानीताल से ओल्ड मंक बैगपाईपर की शराब खरीदी जिसमें 10 रुपए अतिरिक्त वसूले गए। इसी तरह आरआई सुयोग्य श्रीवास्तव , पटवारी गौरव दुबे ने चंडालभाटा और क्षेत्रीय बस स्टेंड दमोहनाका स्थित आर्दश जायसवाल की दुकान से शराब खरीदी तो यहां 20 से 50 रुपए अतिरिक्त वसूले गए।

## जबलपुर स्मार्ट सिटी कार्यालय की सुरक्षा पर उठे सवाल

# स्मार्ट सिटी दफ्तर में शरारत की घुसपैठ या कुछ और...

हरिभूमि जबलपुर।

शहर को स्मार्ट बनाने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत कार्यरत जबलपुर स्मार्ट सिटी परियोजना कार्यालय में इन दिनों चर्चाओं में है। यहां मानस भवन स्थित इस कार्यालय में दो अज्ञात युवक अनाधिकृत रूप से दाखिल हुए और अंदर जमकर तोड़फोड़ की। इस घटना ने न केवल स्मार्ट सिटी परियोजना की कार्यप्रणाली पर बल्कि सुरक्षा व्यवस्थाओं पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उससे बड़ा सवाल यह है की इस घटना को दबाने का प्रयास किया गया। लेकिन गत दिवस घटना का सीसीटीवी फुटेज जारी होने के बाद हड़कंप मच गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गत दिवस दो युवक बिना किसी अनुमति के कार्यालय में दाखिल हुए। उन्होंने टेबल पर रखी हुई दो पुरानी टेंडर फाइलें और एक कंसल्टेंट की रिपोर्ट को फाड़ दिया। इसके बाद उन्होंने कंप्यूटर की हार्ड डिस्क में पानी डालने का प्रयास किया जिससे सिस्टम को नुकसान हो सके। इतना ही नहीं, कार्यालय के मिनी मीटिंग हॉल में लगे माइक को भी तोड़ दिया गया।

स्मार्ट सिटी के प्रशासनिक अधिकारी रवि राव ने बताया कि घुसपैठ करने वाले युवकों ने कुछ टेंडर से संबंधित नोटशीट्स को नुकसान पहुंचाया है, लेकिन कोई अत्यंत गोपनीय या



महत्वपूर्ण दस्तावेज उनके हाथ नहीं लगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यालय से कोई सामान चोरी नहीं हुआ है।

रवि राव के अनुसार, पूरे घटनाक्रम को कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों ने रिकॉर्ड किया है। फुटेज में दो संदिग्ध युवकों की गतिविधियां स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हैं। इस आधार पर मदन महल थाने में बुधवार की रात को शिकायत दर्ज कराई गई।

### एफआईआर में देरीः सवालों के घेरे में प्रशासन

इस पूरे प्रकरण में सबसे बड़ी हैरानी की बात यह रही कि घटना रविवार को हुई, लेकिन एफआईआर चार दिन बाद बुधवार को दर्ज कराई गई। इस देरी ने प्रशासन की नीयत और पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर इतनी गंभीर घटना को तत्काल पुलिस को क्यों नहीं सौंपा गया? क्या किसी बात को छुपाने की कोशिश की जा रही थी?

शिकायत में यह भी बताया गया है कि कार्यालय की अहम फाइलें लॉकर में सुरक्षित थीं और उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हालांकि, इस प्रकार की घटना ने यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि एक सरकारी कार्यालय, विशेष रूप से एक ऐसा जो डिजिटल और तकनीकी विकास का प्रतीक माना जा रहा है, वहां की सुरक्षा इस हद तक कमजोर कैसे हो सकती है? पुलिस सूत्रों के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी की उम्मीद है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को भी अलर्ट कर दिया गया है।

# अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगी जिले की 3 हजार महिलायें

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती 31 मई को भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित है। यह पूरा कार्यक्रम नारी शक्ति को समर्पित होने के कारण जबलपुर से 3 हजार महिलाएं जो लाडली बहना, लखपति बहना व नारी सशक्तिकरण की मिसाल पेश करने वाली महिलाएं शामिल होने जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा जिले की इन महिलाओं को कार्यक्रम तक पहुंचाने के लिए 75 बस की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक बस में ड्राईवर-कंडेक्टर के अलावा कोटवार, आशा कार्यकर्ता, ग्राम पंचायत सचिव और जीआरएस होंगे। यात्रा के दौरान महिलाओं के भोजन व नाश्ते का समुचित प्रबंध किया गया है। साथ ही उनके विश्राम के लिए भोपाल में होटल की व्यवस्था भी की गई है। जिनमें कुंडम, मंझौली और सिहोरा की महिलाओं के लिए औबेदुल्लागंज के पास आरएस रॉलय पैलेस, जबलपुर व पनागर की महिलाओं के लिए विंध्याचल स्ट्रीट तथा शहपुरा और पाटन की महिलाओं के लिए धाकड़ गार्डन में व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में आज इस संबंध में आयोजित बैठक में महिलाओं के साथ जाने वाले अनुरक्षकों को निर्देशित किया गया कि यात्रा के दौरान महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम नंबर भी जारी किया गया है। कलेक्टर श्री सक्सेना ने भोपाल यात्रा के दौरान सभी आवश्यक विषयों पर चर्चा कर संबंधित को निर्देश दिये कि यदि कहीं भी कोई दिक्कत होती है, तो जिला प्रशासन व कंट्रोल रूम को तुरंत सूचित करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित सभी संबंधित सीईओ व अनुरक्षक मौजूद थे।

## जालसाज व्यापारी पर मामला दर्ज

# किसानों से धान खरीदकर साढ़े 27 लाख हड़पे

**जबलपुर।** माढ़ोताल थानान्तर्गत ग्राम सुरतलाई में एक अनाज के थोक व्यापारी ने अपनी साख का इस्तेमाल कर चार किसानों से धान खरीदने के बाद लाखों की धोखाधड़ी कर घर में ताला लगाकर भाग गया। व्यापारी द्वारा चार किसानों से धान खरीदकर उन्हें भुगतान न कर साढ़े 27 लाख रूपऐ की चपत लगा दी। माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि ग्राम सुरतलाई निवासी रिषभसिंह परिहार अपनी धान पिछले 15-20 वर्षो से अक्षत ट्रेडर्स के संचालक संतोष जैन को बेच रहे हैं। जिसका समय पर भुगतान उन्हें मिल जाता था। रिषभ ने गत 20 नवम्बर 2024 को 750 क्विंटल धान 3200 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 24 लाख रूपए में संतोष जैन को बेची थी। संतोष ने 10 लाख रूपए रिषभ को उसी दिन दे दिये थे। वहीं शेष 14 लाख रूपए का भुगतान 15 दिनों बाद करने कहा था। उसके बादसे अक्षत ट्रेडर्स के संचालक संतोष घर में ताला लगाकर कहीं चले गये है। उनके संबंध में परिवार के लोग भी कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं वहीं मोबाईल पर सम्पर्क करने पर उसका मोबाईल बंद बता रहा है। अनाज व्यापारी संतोष जैन ने ग्राम मंगेला सुरतलाई माढोताल निवासी अंगद पटेल से भी २ हजार रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 230 क्विटल धान 4 लाख 60 हजार रूपए में खरीदी थी जिसका कोई भुगतान नहीं किया। इसी तरह सुरतलाई के किसान राज सिंह परिहार से २ सौ क्विंटल धान खरीद कर व्यापारी संतोष जैन ने 4 लाख रूपए का भुगतान नहीं किया। बसहा गांव के समीर खान भी अनाज कारोबारी संतोष जैन की धोखाधड़ी का शिकार हुए संतोष जैन ने समीर से 285 क्विंटल धान खरीदने के बाद 5 लाख रूपए का भुगतान नहीं किया इस तरह अनाज व्यापारी संतोष जैन 4 किसानों से धान खरीदकर उनके 27 लाख 60 हजार रूपए हड़प लिये।

## दिन में धूप, रात में उमस ने किया जनजीवन बैचेन


# नौतपा के 6वें दिन शाम को हल्की बारिश से उमस बढ़ी

**जबलपुर।** नौतपा के छठवें दिन सुबह से गर्मी का प्रभाव बना रहा। बादल आते जाते रहे, लेकिन इससे भगवान सूर्य देव की तपन पर कोई फर्क नहीं पड़ा तेज चटक धूप ने लोगों को हलाकान कर दिया। दोपहर बाद आसमान पर बादल छाये और उमस बढ़ने लगी और शाम 5 बजे एक झलक हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटे के दौरान जिले के कई स्थानों पर गरज चमक के साथ वर्षा हो सकती है। हालांकि अभी प्री मानसून एक्टिविटी शुरु नहीं हुई है लेकिन लोकल बादलों की वजह से खंड खंड वर्षा हो रही है। दक्षिणी उत्तर प्रदेश के ऊपर बने हवा के कम दबाव वाले क्षेत्र के कारण बादलों की आवाजाही बनी रही। जिससे बीच बीच में बूंदाबांदी हो रही थी। फिलहाल प्री-



मानसून जैसी कोई स्थितियां शहर में नहीं हैं। लो प्रेशर की वजह से जरूर बदरी छाती है और कभी-कभी बूंदाबांदी हो जाती है। दिन में जहां भीषण गर्मी रही, वही रात में उमस ने हलाकान किया।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश और राजस्थान से आ रही नमी भरी हवाओं के कारण उमस का वातावरण बन रहा है। तापमान 38 से 39 डिग्री के बीच स्थिर बना हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। हवा में नमी प्रातःकाल 67 प्रतिशत और सायंकाल 89 प्रतिशत आंकी कई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस था वहीं न्यूनतम तापमान 30.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उत्तर दक्षिणी हवाएं 9 से 10 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 41.06 खजुराहो में दर्ज किया गया है। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर आंधी चलने और छुटपुट वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240